फोन:-4103333, 2362400 फैक्स:-0141-2373513 वर्ष: 72 संख्या: 157 प्रभात जयपुर, गुरुवार 6 जनवरी, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com



ARBiT TODAY

Chinese Hotpot and The Veggies...?

Experts warn that India too must be prepared for consequences as China would instigate Pakistan to ramp up its terror game.

Prevention Is Better Than Cure

Healthy Winter Drinks for Kids





*अफगानिस्तान में सदियों पुराने एक तरीके से अंगूरों को पूरी सर्दी भर ताजा रखा जाता है। इसके लिए ये लोग मिट्टी से बने एक बर्तन का इस्तेमाल करते हैं जिसे "कंगीना" कहते हैं। सदियों पहले अफगानिस्तान के उत्तरी भाग के ग्रामीणों ने यह तरीका विकसित किया था। जिसकी वजह से यहां के लोग सर्दी में भी ताजे फलों का लुत्फ उठाते हैं। हालांकि यह तकनीक उत्तरी अफगानिस्तान की है पर काबुल के निकटवर्ती गांवों में भी यह तरीका इस्तेमाल होता। ऐसे ही एक गांव, अका सराय के ज़ियाउलहक अहमदी कहते हैं कि कोई भी और तरीका नहीं है जो अंगूरों को लगभग 6 माह तक ताजा रख सके। अफगानिस्तान के पर्यटन मंत्रालय के निदेशक मुर्तजा अज़ीज़ी ने भी कहा कि हालांकि यह तकनीक पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है पर इसके कोई दस्तावेज नहीं हैं ना ही इसे पढ़ाया जाता है। मिट्टी के सील बंद बर्तन, टपरवेअर या ज़िपलॉक बैग की तरह काम करते हैं और फलों को सर्दी से बचाते हैं, विशेषकर कुछ खास प्रकार के अंगूरों को। यू.एन. में फूड एण्ड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइज़ेशन के राजेन्द्र अर्याल कहते हैं कि आमतौर पर जो किसान कंगीना का इस्तेमाल करते हैं वो ताइफी अंगूरों का संरक्षण करना पसंद करते हैं। इन अंगूरों की त्वचा मोटी होती है तथा सीज़न के अंत में इसकी फसल काटी जाती है। ज्ञातव्य है कि अफगानिस्तान की हिंदकुश पहाड़ियों में जमीन बेहद उपजाऊ हैं और मौसम शुष्क व गर्म है इसलिए यहां कई किस्म के फल उगते हैं। यहां हर साल 15 लाख टन फल पैदा होते हैं। लेकिन इसका सिर्फ एक तिहाई भाग ही निर्यात होता है। इसलिए फलों को सहेजना जरुरी है। अहमदी बताते हैं कि जब वे किशोरावस्था में थे तब उन्हें उनके पिता ने यह तरीका सिखाया था और अब वे अपने बच्चों को सिखा रहे हैं। अफगानिस्तान के दक्षिण में अनार व खरबूजा काफी पैदा होता है। मध्य अफगानिस्तान में सेब, चैरी, खुबानी और अंगूर। यह क्षेत्र खासकर अपने शानदार रसीले अंगूरों के लिए विख्यात है। अहमदी हर साल 1000 किलो अंगूर खरीदते हैं, इनमें से आधे तो ताजे ही बिक जाते हैं और आधों को वे कंगीना में सुरक्षित रख लेते हैं और महीनों बाद अच्छे दामों में बेचते हैं। अहमद की बेटी सब्सीना, जो इस काम में पिता की मदद करती है, ने बताया, "हम मिट्टी को तिनकों और पानी के साथ मिलाकर बड़ा सा कटोरानुमा कंगीना बनाते हैं। चार-पांच घंटे में धूप रखने पर ये इस्तेमाल योग्य हो जाते हैं फिर इसमें अंगूर रखकर उसे मिट्टी से सील कर देते हैं और ठंडे शुष्क स्थान पर रख देते हैं। इस प्रक्रिया में 20 दिन तक लग जाते हैं। बाकी के बचे अंगूरों से किशमिश बनाई जाती है।*

# प्र.मंत्री फिरोज़पुर यात्रा स्थगित कर वापस लौटे

## हालांकि यह घटनाक्रम देश के प्रजातंत्र के लिये शर्मनाक प्रकरण है, पर कांग्रेस व भाजपा चुनाव में लाभ लेने की दृष्टि से आरोप-प्रत्यारोप में ही जुटी हैं

-सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- प्र.मंत्री ने राज्य सरकार के अफसरों से कहा 'अपने मु.मंत्री को "थैंक्स" कहना कि, मैं भटिण्डा एयरपोर्ट तक ज़िन्दा लौट पाया।'
- स्मृति इरानी ने भी प्रैस कॉन्फ्रैंस कर पंजाब की कांग्रेस सरकार को प्र.मंत्री की सुरक्षा में चूक व प्र.मंत्री के जीवन को खतरे में डालने का दोषी बताया।
- कांग्रेस प्रवक्ता सुरजेवाला ने कहा कि, प्र.मंत्री के कार्यक्रम में बहुत कम लोग आये, अतः प्र.मंत्री ने कार्यक्रम रद्द कर दिया।
- मु.मंत्री चन्नी ने कहा, सुरक्षा में कोई चूक नहीं हुई, प्र.मंत्री का भटिण्डा से फिरोज़पुर हैलिकॉप्टर से जाने का कार्यक्रम था, पर खराब मौसम के कारण कार्यक्रम बदला व प्र.मंत्री ने भटिण्डा से फिरोज़पुर सड़क मार्ग से जाना तय किया। वे किसान प्रदर्शनकारियों से दूर थे तथा प्रदर्शनकारियों को हटाने में पन्द्रह-बीस मिनट का समय तो लगता ही है, अतः प्र.मंत्री को "फ्लाईओवर" पर पन्द्रह मिनट रूकना पड़ा। उन्हें वैकल्पिक मार्ग का सुझाव दिया गया था, पर उन्होंने वापस लौटने का निर्णय लिया। इस प्रकरण में कोई भी प्रशासनिक चूक नहीं हुई है, अतः किसी अफसर/कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही नहीं होगी।
- मु.मंत्री चन्नी ने यह भी स्पष्टीकरण दिया कि, वे भटिण्डा एयरपोर्ट इसलिये नहीं गये, क्योंकि जिन अफसरों को मेरे साथ एयरपोर्ट जाना था, उनमें से कई करोना टैस्ट में "पॉज़िटिव" आ गये।

नई दिल्ली, 5 जनवरी। फिरोज़पुर जाते वक्त हुई एक सुरक्षा चूक के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना एक सार्वजनिक संबोधन निरस्त करने के लिए बाध्य होना पड़ा, क्योंकि किसानों ने यहां रविवार से ही जाम लगा रखा था, जिसके परिणामस्वरूप भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गई है और दोनों ने ही इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए एक दूसरे को जिम्मेदार ठहराया।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय और भाजपा ने यहां फिरोजपुर दौरा निरस्त होने का दोषारोपण पंजाब की राज्य सरकार पर किया, वहीं मुख्यमंत्री चरनजीत सिंह चन्नी ने पंजाब में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक होने का यह कहते हुए पुरजोर खण्डन किया कि मूल योजनानुसार हैलीकॉप्टर में जाने के बजाए सड़क मार्ग से भटिण्डा से फिरोजपुर जाने के अंतिम क्षणों में लिए गए निर्णय की वजह से ऐसा हुआ।

यह दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम देश की संघीय राजनीति और केन्द्र राज्य संबंधों का एक दु:खद प्रतिबिंब है। यह मायने नहीं रखता कि प्रधानमंत्री का दौरा निरस्त करवाने का जिम्मेवार कौन है, फिर भी प्रधानमंत्री मोदी सहित भाजपा और कांग्रेस इस घटनाक्रम को चुनावी उद्देश्यों के लिए भुनाने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि पंजाब में जल्दी ही विधानसभा चुनाव होने हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'करोना मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि, देश में 55,000 संक्रमित बढ़ रहे हैं हर रोज

## कांग्रेस ने बड़ी चुनावी रैली व आमसभा न करने का निर्णय लिया

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- अन्य पार्टियां भी बड़ी रैलियां व आमसभाएं स्थगित करने पर सोच-विचारने को मजबूर हुईं।
- परन्तु जब राहुल गांधी ने प. बंगाल के चुनाव के मध्य में ऐसा ही निर्णय लिया था, उसका लाभ तृणमूल को हुआ था तथा कांग्रेस के अधिकांश वोटर तृणमूल में चले गये थे।

नई दिल्ली, 5 जनवरी। जहाँ कांग्रेस करोना वायरस की उभरती आ रही तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुये, उत्तर प्रदेश, पंजाब तथा अन्य चुनावाधीन राज्यों में विशाल जनसभाओं और मीटिंगों को "अल्पकालीन विराम" दे दिया हैं, वहीं यह प्रश्न भी पूछा जा रहा है कि क्या प्रियंका गांधी को उत्तर प्रदेश में पार्टी के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी से "बचाने" की कोशिश की जा रही हैं।

एक ऐसे क्षेत्र में जो कांग्रेस पार्टी का सबसे कमजोर क्षेत्र हैं, कांग्रेस ने अपने सबसे प्रभावी और मजबूत प्रचारकर्ता को उतार रखा हैं और प्रियंका ने तमाम विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुये धुआँधार प्रचार किया है। कांग्रेस के लिये, उत्तर प्रदेश में विश्वसनीय जीत मुश्किल है। पार्टी का उद्देश्य 2024 के लोक सभा चुनावों में भाजपा को कड़ी टक्कर देना है। इसलिये ऐसी संभावना नहीं है कि जो कुछ प्रियंका ने उत्तर प्रदेश में हासिल किया है, पार्टी उनकी राजनैतिक छवि को क्षति पहुँचने से बचाने के लिये, उन सबको उस उपलब्धि की कुर्बानी दे देगी।

ज्यादा सम्भावना इस बात की है कि बड़ी सभाओं से बचते हुये, कांग्रेस ने भाजपा तथा समाजवादी पार्टी सहित अन्य पार्टियों को चुनौती दी है कि महामारी की तीसरी लहर में भीड़ जुटाने का जोखिम नहीं लिया जाना चाहिये।

करोना वायरस के केस करीब 55,000 प्रतिदिन के हिसाब से बढ़े हैं तथा विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह तीसरी लहर जनवरी के अंत में "पीक" पर पहुँचेगी। बड़ी सभाएं न करने की पहल करते हुये, कांग्रेस ने अन्य राजनैतिक दलों के सामने अपनी मिसाल रखी है कि वे इसका अनुसरण करें। भाजपा में इस बात को लेकर चर्चा शुरू हो गई है कि उसे ग्रेटर नोएडा में अपनी वह विशाल सभा करनी चाहिये अथवा नहीं, जो पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार, इस माह के अंत में होनी चाहिए। सूत्रों का कहना है कि अखिलेश यादव भी उस विशाल रैली को आगे खिसकाने पर विचार कर रहे हैं, जो 9 जनवरी को जौनपुर में होनी थी।

पिछले वर्ष हुये पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी का प्रचार अभियान उस समय रोक दिया था जब करोना की दूसरी लहर "पीक" की ओर बढ़ रही थी। बंगाल के चुनाव परिणाम दर्शाते हैं कि प्रचार को जल्दी विदा लेकर कांग्रेस ने तृणमूल कांग्रेस के हाथ मजबूत कर दिये थे। क्या उत्तर प्रदेश में भी ऐसी स्थिति बनेगी कि कांग्रेस की कीमत पर सपा को फायदा होगा? उत्तर प्रदेश में दिखाई दे रहे बहुकोणीय किस्म के चुनावी मुकाबलों में प्राय: सबसे बड़ी चुनौती देने वाला दल ही अन्य

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हाथ में बम उठाते ही युवक का पंजा उड़ा

जैसलमेर, 5 जनवरी (नि.सं.)। जैसलमेर से लगती भारत - पाकिस्तान सीमा पर किशनगढ़ फील्ड फायरिंग रेंज में बुधवार को बम फटने से एक चरवाहा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को गंभीर अवस्था में रामगढ़ अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जैसलमेर के जवाहिर अस्पताल लाया गया, हादसे में घायल

- जैसलमेर से लगती भारत-पाक सीमा पर स्थित किशनगढ़ फील्ड फायरिंग में बुधवार को यह हादसा हुआ।

कुटल सिंह के एक हाथ का पंजा उड़ गया, साथ ही उसके पैरों और हाथों में गंभीर चोट आई है।

घायल कुटल सिंह ( 32 ) निवासी सेउवा ने बताया कि मवेशियों को चराते वक्त ये हादसा हुआ। उसने बताया कि उसकी भेड़ - बकरियां चरते हुए फील्ड फायरिंग रेंज में घुस गई थीं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# फिरोजपुर प्रकरण के बाद भाजपा ने पंजाब खो दिया?

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- यह कहा जा रहा है कि, प्र.मंत्री की यह टिप्पणी कि, "चन्नी को बता देना की मैं बच कर आ गया" पंजाब की जनता के गले नहीं उतर रही।

नई दिल्ली, 5 जनवरी। क्या नरेन्द्र मोदी द्वारा किये नाटक बाद पंजाब भाजपा के हाथ से निकल गया है? भाजपा ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा में बहुत बड़ी खामी हुई। मोदी ने विदा होते हुये कहा था, "चन्नी को बता देना, मैं ज़िन्दा बचकर आ गया।"

एक प्रधानमंत्री के रूप में इतने निम्न स्तर का बयान देने से वे पंजाब की जनता से और भी दूर हो गये हैं।

जिस रैली को मोदी को संबोधित करना था, वहाँ कुर्सियाँ खाली पड़ी थी तथा सभा को संबोधित किये बिना ही प्रधानमंत्री दिल्ली लौट आये।

अनेकानेक वीडियोज़ में स्थानीय लोग मोदी और भाजपा के होर्डिंग एवं पोस्टर फाड़ते हुए तथा मोदी-विरोधी नारे लगाते हुये दिखाई सुनाई दे रहे थे। कृषि-कानूनों को लेकर सिखों और किसानों में जबरदस्त आक्रोश हैं।

दरअसल, मोदी ने अपना रास्ता बदल लिया था तथा उन्होंने हेलिकॉप्टर को छोड़कर सड़क का रास्ता लिया था। उनके काफिले/जुलूस को 15-20 मिनट इन्तज़ार करना पड़ा, क्योंकि बहुत सारे लोग सड़क पर खड़े हुये थे। मज़ेदार बात यह है कि वीडियो में यह भीड़ भाजपा के झंडे लहरा रही है और "मोदी ज़िन्दाबाद" के नारे लगा रही हैं।

गृह मंत्रालय ने इस पूरे प्रकरण की पूर्णरूपेण जाँच कराने की धमकी दी है, जबकि पार्टी ने आरोप लगाया है कि यह सब पंजाब सरकार द्वारा प्रधानमंत्री को चोट पहुँचाये जाने की कोशिश थी।

भाजपा जोर-जोर से चिल्लाकर जो कुछ कह रही है, चन्नी ने उन अधिकांश बातों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के लिये कभी कोई संकट या जोखिम नहीं था।

प्रधानमंत्री उस जगह से आगे नहीं गये तथा सभा को संबोधित नहीं किया क्योंकि वह भीड़ नहीं थी। उन्हें कुछ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पक्षी गणना

लालसोट, 5 जनवरी (निसं)। उपखंड क्षेत्र के किसानों की लाइफ लाइन माने जाने वाला मोरेल बांध अब जल्द ही 12 जनवरी को विश्वव्यापी

- मोरेल बांध पर 12 जनवरी से प्रवासी पक्षियों की गणना शुरू की जायेगी।

संस्थाओं द्वारा प्रवासी पक्षियों की गणना के बाद अंतर्राष्ट्रीय पहचान बनाने की ओर अग्रसर है।

बायोडायवर्सिटी रिसर्च एंड डवलपमेंट सोसाइटी के राजस्थान स्टेट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जोधपुर में स्टेट जीएसटी टीम ने कई कारोबारियों पर एक साथ रेड की

## प्राप्त जानकारी के अनुसार करोड़ों के जीएसटी घोटाले का पता लगा है

- जिनके यहां रेड हुई है, इनमें से अधिकांश कारोबारी बेस ऑयल व बायो डीजल का काम करते हैं।

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। शहर में बुधवार को स्टेट जीएसटी की टीमों ने एक साथ एक दर्जन से अधिक कारोबारियों के यहां सर्वे की प्रक्रिया शुरू की। इनमें से अधिकांश कारोबारी बेस ऑयल व बायो डीजल के है। इसमें करोड़ों का जीएसटी घोटाला होने की बात सामने आ रही है। फिलहाल इसका खुलासा नहीं किया गया है।

इन दोनों उत्पादों में जीएसटी चोरी की शिकायतें मिलने के बाद आज एक साथ जोधपुर के दोनों जोन की टीमों ने करीब बारह स्थानों पर पहुंच जांच शुरू की। इससे कारोबारियों में हड़कंप मच गया। जीएसटी टीम सूत्रों के अनुसार बायोडीजल व बेस ऑयल में कर चोरी की लगातार शिकायत मिल रही थी। इस पर बुधवार को जोधपुर जोन प्रथम की टीमों ने जोधपुर में पांच, जैसलमेर व फलोदी में एक-एक स्थान पर सर्वे शुरू किया। वहीं जोन द्वितीय की टीमों ने जोधपुर में चार, बालोतरा व बाड़मेर में एक-एक स्थान पर जांच शुरू की। जांच में अनियमितताओं का पता लगाया जा रहा है।

ऐसा माना जा रहा है कि इस सर्वे में बड़ी मात्रा में टैक्स चोरी पकड़ में आने का अंदेशा है।

बताया जाता है कि कुछ कारोबारी अपना ऑफिस बंद कर रवाना हो गए। जांच टीम के अधिकारियों का कहना है कि जांच एक सामान्य प्रक्रिया है और यदि टैक्स चोरी की है तो वह सामने आ जाएगी।

# किसी स्कूल को कन्वर्ट नहीं किया जा सकता

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में निर्धारित किया कि किसी भी स्कूल को उसके स्कूल डेवलपमेंट मैनेजमेंट कमेटी के प्रस्ताव के विरुद्ध हिंदी मीडियम से अंग्रेजी मीडियम में कन्वर्ट नहीं कर सकती है। ऐसा करना

- राजस्थान हाई कोर्ट ने यह निर्णय देते हुए कहा, हिन्दी मीडियम स्कूलों को अंग्रेजी मीडियम में कन्वर्ट करना नैशनल एजुकैशन पॉलिसी का उल्लंघन है।

न केवल नेशनल एज्यूकेशन पॉलिसी का उल्लंघन है बल्कि आरटीई अधिनियम की भी अवहेलना है।

जस्टिस दिनेश मेहता ने जोधपुर जिले के पीलवा गांव में हरिसिंह सीनियर सैकंडरी स्कूल को हिंदी मीडियम से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्रदेश में नए करोना सक्रमितों की संख्या में पुन: भारी वृद्धि हुई

## राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 746 मामले बढ़ने के साथ ही बुधवार को 1883 नए संक्रमित मिले हैं, इससे पहले मंगलवार को 1137 रोगी पाए गए थे

-कार्यालय संवाददाता-

- राज्य में सबसे ज्यादा वृद्धि जयपुर में जिले में होने के साथ ही यहां 1138 नए संक्रमित मिले हैं।
- दूसरे नम्बर पर जोधपुर में वृद्धि हुई है, यहां 203 नए मरीज पाए गए हैं।
- प्रदेश में बुधवार को ओमक्रॉन के 62 और नए मामले सामने आए हैं, इनमें सर्वाधिक 52 संक्रमित जयपुर में मिले हैं।
- जयपुर और जोधपुर में 1-1 संक्रमित की मौत हुई है।

जयपुर, 5 जनवरी। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में फिर करोना संक्रमितों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। बुधवार को 746 नए मामले बढ़ने के साथ ही 1883 नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सर्वाधिक 1138 रोगी जयपुर जिले में पाए गए हैं। इस बीच जयपुर और जोधपुर में करोना से दो लोगों की मौत भी हुई है। वहीं दूसरी ओर राज्य में ओमक्रॉन के 62 और मामले सामने आए हैं।

प्रदेश में करोना की जांचें बढ़ने के साथ ही भारी संख्या में नए मामले सामने आ रहे हैं। बुधवार को 56 हजार 616 जांचों पर 26 जिलों में 1883 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इससे पहले प्रदेश में मंगलवार को 1137 रोगी पाए गए थे। पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 1138 नए संक्रमित जयपुर जिले में मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 230, अजमेर में 94, अलवर में 79, कोटा में 53, सीकर व भरतपुर में 36-36, बीकानेर में 34, भीलवाड़ा में 31, उदयपुर में 28, प्रतापगढ़ में 23, गंगानगर में 21, सिरोही में 14, चित्तौड़गढ़ में 13, बांसवाड़ा व सवाई माधोपुर में 9-9, डूंगरपुर में 8, टोंक, नागौर, करौली, झालावाड़ में 4-4, दौसा, हनुमानगढ़ व झुंझुनूं में 3-3, धौलपुर और बाड़मेर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। हालाकि 6 जिलों में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

उधर प्रदेश में करोना के नये वैरिएंट ओमक्रॉन के बुधवार को 62 नये मामले सामने आए हैं। इनमें सर्वाधिक 52 मामले जयपुर में मिले हैं। वहीं कोटा में 2, भरतपुर, हनुमानगढ़, सीकर व अलवर में 1-1 नया मामला सामने आया जबकि चार नये संक्रमित अन्य राज्यों के है। नये मरीजों को डेडिकेट ओमक्रॉन वार्ड में भर्ती कराया गया है। चिकित्सा विभाग के अनुसार राज्य में अब तक ओमक्रॉन के 236 संक्रमित मिल चुके हैं।

वहीं दूसरी ओर बुधवार को राज्य में करोना संक्रमण के 48 मरीज ठीक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**विचारकों को जो चीज़ आज स्पष्ट दीखती है दुनिया उस पर कल अमल करती है।-विनोबा**

# अंतर्जाल का मायाजाल रचती है आभासी दुनिया

नये साल जैसे मौकों पर लोग सोशल मीडिया पर अपने आभासी दुनिया के सभी मित्रों को जिनसे वे भौतिक दुनिया में कभी मिले नहीं शुभकामनाएं देते हैं तो उसे पढ़ कर विचार उठता है कि यह आभासी दुनिया क्या है? क्या हमारी भौतिक दुनिया और यह आभासी दुनिया (वर्चुअल) अलग-अलग चीजें है? क्या आभासी दुनिया भौतिक दुनिया की उपज नहीं है? क्या रिश्ता है इन दो दुनियाओं में। फिर विचार आया कि क्या दुनियाएं दो हो सकती है? हां, साहित्य और दर्शन में बहुत सारी दुनियाएं होती हैं। तुम्हारी दुनिया, हमारी दुनिया, गरीबों की दुनिया, अमीरों की दुनिया आदि। हालांकि बहुत से लोगों को लगेगा और मैं भी सोचता हूं कि क्या यह बहुवचन में सम्बोधन दुनियाएं ठीक भी है?अगर अलग-अलग दुनियाएं होती हैं तो फिर यह बहुवचन संज्ञा गलत कैसे हो सकती है? यह भी सवाल मन में उठता है कि आभासी दुनिया का यथार्थ क्या है? उसका यथार्थ और भौतिक दुनिया का यथार्थ क्या अलग-अलग होते हैं? क्या यह भेद उपनिषदों द्वारा समझाये भेद जैसा है? आभासी शब्द अंग्रेजी के 'वर्चुअल' के अनुवाद के रूप में आया है। वैसे ही जैसे इन्टरनेट के लिए अंतर्जाल का उपयोग होने लगा है। भौतिक दुनिया में हम हमेशा रहते हैं। उससे बाहर हमें मृत्यु ही निकाल सकती है। आभासी दुनिया में हम तैयारी करके प्रवेश करते हैं और अपनी मर्जी से उससे बाहर भी निकल सकते हैं। उसमें हम जब तक बने रहते हैं तब तक यह भौतिक एहसास हमेशा बना रहता है कि हम एक ऐसी दुनिया में हैं जहां उस दुनिया में जो दूसरे लोग विचरण करते हैं उनके सामने हम प्रकट रूप में हैं।

आभासी से तात्पर्य है - आभास देने वाला। जो है नहीं मगर होने का भ्रम देता है। अंतर्जाल की यह दुनिया वास्तविकता का आभास देती है मगर वास्तविकता में वह है नहीं। जिस प्रकार आभासी दुनिया की वास्तविकता कुछ और है, उसी तरह उसका सच भी कुछ और है। यह एक 'इल्यूज़न' है। यानि एक भ्रम है। या कहें 'माया' है। तो इस तरह फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम यूट्यूब आदि एक तरह से अंतर्जाल का मायाजाल है। वैसे हमारे यहां तो इस भौतिक दुनिया को भी माया ही बताया गया है। अर्थात यह जीती-जागती दुनिया भी एक प्रकार से आभासी दुनिया ही है। एक भारतीय का जो आस्थावान मन है उसमें भी आभासी दुनिया की मान्यता है। उसी को हम माया कहते हैं। तो यह भी कह सकते हैं कि अंतरजाल की दुनिया एक माया है। मगर इसे आप मायावी न समझ लें। मायावी से कुछ अलग अर्थ निकलता है। सनातन ज्ञान कहता है माया किसी परा शक्ति जिसे हमने ईश्वर नाम दे रखा है का रचा हुआ खेल है जो मानव को भ्रम में बनाये रखता है। इसे पहचानना ही सत्य की खोज है। मायावी इससे उलट है। मायावी अर्थात सत्य की खोज से विचलित होना। वर्चुअल रियलिटि केवल एक अनुभव देती है, एक एहसास देती है। कंप्यूटर मॉनीटर की स्क्रीन सिनेमा के पर्दे की तरह नहीं होती जिस पर छवियां बनती हो। कंप्यूटर मॉनीटर की या स्मार्ट फोन की स्क्रीन एक खिड़की है जिसमें से आप आभासी दुनिया में झांकते हैं। लोग इसमें झांकते ही नहीं है बल्कि भौतिक दुनिया से इसमें कुछ देर के लिए अपने को प्रवेश किया पाते हैं। इस दुनिया में वे अपनी आभासी भूमिका रचते हैं और अपनी आभासी छवि वहां हमेशा के लिए छोड़ कर कर वापस भौतिक दुनिया में लौट आते हैं।

मानव एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था चाहता रहा है जिसमें उसका एक स्थान हो और जिसमें दूसरों के साथ उसके संबंध लगभग स्थायी हो तथा सामान्यत: स्वीकृत मूल्यों व विचारों पर आधारित हो। मगर आधुनिक औद्योगिक समाज में परम्पराएं और सार्वजनिक मूल्य तथा अन्यों के साथ असली सामाजिक व्यक्तिगत रिश्ते अब अस्वीकृत होने लगे हैं। आधुनिक लोक मानव एकाकी हो चला है, भले ही वह भीड़ का हिस्सा हो। उसकी अपनी ऐसी कोई मान्यताएं नहीं होती जिनका वह अन्यों के साथ साझा कर सके। उसे संचार माध्यमों से सिर्फ नारे और विचारधाराएं ही मिलती हैं। बहुत से लोग मानते हैं कि ऐसे में वह आभासी दुनिया में प्रवेश करके अपना वजूद खोजता है। शायद अपने आप को तलाशता है। मगर उसे वहां कौन मिलता है? सबसे पहले तो वह खुद ही खो जाता है। उस जैसे ही खोये हुए लोग ही उसे आभासी दुनिया में मिलते हैं। शोधकर्ताओं का मानना है कि नई इमर्सिव तकनीक से अलगाव हो सकता है, क्योंकि जब सामाजिक जरूरतें ऑनलाइन पूरी होने लगें तब लोगों को इन-पर्सन इंटरेक्शन की उतनी जरूरत नहीं होगी। और जब आभासी वास्तविकता लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन जाती है तो अधिक से अधिक लोग अपना अधिकांश समय आभासी स्थानों पर बिताना पसंद क्यों न करें। भविष्यवादी रे कुरज ने कहा था कि 2030 के दशक तक, आभासी दुनिया की वास्तविकता पूरी तरह से यथार्थवादी और सम्मोहक हो जाएगी और हम अपना अधिकांश समय आभासी वातावरण में बिताएंगे। सिद्धांतत: हम आभासी इंसान बन जाएंगे। ऐसा पलायनवाद कोई नई बात नहीं है। तब यह सवाल स्वाभाविक ही पूछा जा सकता है कि क्या आभासी पलायनवाद को कभी भी अच्छे के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है? पलायनवाद पर सबसे पुराना दर्ज शोध 1940-1950 के दशक का माना जाता है जब शोधकर्ताओं ने पहली बार मीडिया की खपत और जीवन की संतुष्टि के बीच संबंधों की पड़ताल शुरू की थी। ऑनलाइन जीवन जीने का विचार, या नियमित समाज से बाहर, काफी हद तक खतरनाक और अस्वस्थकारी रूप में देखा जाता है। सामाजिक अलगावों को चुनने वालों पर किए गये अनुसंधानों की भी कुछ रिपोर्टें आई हैं जो इसके नकारात्मक पक्ष को दर्शाती है। इंटरनेट और आभासी वास्तविकताऐं सामाजिक जरूरतों की पूर्ति और बाजार की ताकतों द्वारा उस तरफ धकेले जाने का रास्ता प्रशस्त करती है। वहां जिस आसानी से जो संतुष्टि मिलती है वह इतनी मोहक होती है कि उसकी लत में दूँ गया उपभोक्ता समाज से शारीरिक रूप से कभी कभी पूरी तरह कट जाता है। जैसे-जैसे इंटरनेट तथा उसके रियलिटी प्लेटफ़ॉर्म पैसों के लिहाज से किफायती होते जाते हैं वैसे-वैसे आभासी दुनिया में अधिक समय बिताने का आकर्षण बढ़ता जाता है तथा उसका विरोध करना कठिन होने लगता है।

> **मेटा वर्स जैसी तेजी से विकसित हो रही तकनीक कार्यात्मक और पलायनवादी दोनों की असीमित संभावनाओं का एक ऐसा द्वार खोलने जा रही है जो एक चमत्कारिक समानांतर दुनिया प्रदान करता है। लेकिन समस्या उसके व्यवसायीकरण की है।**

आभासी एक दूसरा जीवन है। वह कुछ व्यक्तियों के वास्तविक जीवन की जगह ले सकता है, लेकिन यह अच्छा भी हो सकता है और बुरा भी हो सकता है। यह तर्क भी दिया जाता है कि कैसे कह सकते हैं कि एक आभासी जीवन जो किसी के भौतिक जीवन से बेहतर है वह एक बुरी चीज है? यदि कोई व्यक्ति अपनी बुनियादी मानवीय जरूरतों को एक विशाल आभासी दुनिया में पूरा करने में सक्षम है, तो ऐसा कैसे कह सकते हैं कि उसे ऐसा नहीं करना चाहिए? मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि यह संभव है कि आभासी वास्तविकता समय के साथ किसी व्यक्ति की सामाजिक और भावनात्मक जरूरतों को काफी हद तक बदल दे। वास्तविक सामाजिक अंत:क्रियाओं की उसे ज़रूरत या लालसा नहीं रहती क्योंकि वे उसके लिए परदेसी हो सकती हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि आभासी वास्तविकता हमारे जीवन को बेहतर नहीं बना सकती। इस तर्क पर यह सवाल उठता है कि क्या इसका मतलब है यह है कि हम, एक संस्कृति के रूप में, अब उनके और हमारे जीवन पर इस डिजिटल दुनिया के सकारात्मक प्रभावों से अवगत नहीं हैं?

हमारे समाज में और शायद सभी समाजों में पलायनवाद का कुछ हद तक नकारात्मक अर्थ है। यह वास्तविक दुनिया के तथ्यों का सामना करने में असमर्थता दर्शाता है। फिर भी, सभी लोग कभी न कभी पलायन करते हैं। पलायनवाद एक प्राकृतिक तंत्र प्रतीत होता है, मन को इसकी आवश्यकता होती है। जो लोग अपने दैनिक जीवन की सामान्यता से असंतुष्ट हैं वे एक काल्पनिक दुनिया के विसर्जन में आनंद पा सकते हैं। अन्य लोग जो रिश्तों को निभाने में असमर्थ हैं, वे जापान के ओटोम गेम्स या किसी किसी उपन्यास या फिल्म के दृश्य में अपने लिए सांत्वना तलाश करते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि इन वातावरणों की अपील इतनी नहीं है कि वे वास्तविकता से पूरी तरह से बचने में हमारी सहायता करते हैं। बल्कि, यह है कि वे हमें विश्वास दिलाते हैं कि हम अपने आप को फिर से बना सकते हैं और बदल सकते हैं। इसलिए कुछ विशेषज्ञ यह मानते हैं कि इस तरह, समाज की व्यापक अस्वीकृति की मजबूरी को स्वीकार करने की बजाय, आभासी दुनिया हमारे लिए खुद की जांच करने के नए तरीके खोल सकती है। परंतु सभी चीजों की तरह, आभासी वास्तविकता को भी अस्वास्थ्यकर चरम पर ले जाया जा सकता है, और इस तरह का बदलाव सामाजिक जरूरतों को पूरी करने को फिर से परिभाषित करने का उद्यम बेचैनी का सबब बन सकता है। बहुतों को लगता है कि तमाम चेतावनियों के बीच ऊबी हुई तथा एकाकी आत्माओं के लिए आभासी पलायन का वादा परेशान करने वाला नहीं बल्कि रोमांचक है।

मेटा वर्स जैसी तेजी से विकसित हो रही तकनीक कार्यात्मक और पलायनवादी दोनों की असीमित संभावनाओं का एक ऐसा द्वार खोलने जा रही है जो एक चमत्कारिक समानांतर दुनिया प्रदान करता है। लेकिन समस्या उसके व्यवसायीकरण की है। डिजिटल तकनीक की सबसे बड़ी कंपनियां इमर्सिव डिजिटल दुनिया की खोज में गेम निर्माताओं और स्टार्ट-अप्स में शामिल होने लगी हैं।


**-अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# अमरत्व से नश्वरता तक: एक कैंसर नाशक भस्मासुर की खोज

रक्त कैंसर माइलोइड ल्यूकीमिया: माइलोब्लास्ट से माइलोइड श्रंखला के श्वेत रक्त कण उत्पन्न होते हैं। उत्पन्न होने के बाद ये श्वेत कण बाल्य अवस्था, किशोर अवस्था से गुजर कर परिपक्व होते है। माइलोब्लास्ट से प्रोमाइलोसाइट और माइलोसाइट होते हुए परिपक्व श्वेत कोशिकायें बनती हैं। परिपक्व होने पर ही ये कोशिकायें रक्षा संस्थान में अपना निर्धारित कार्य सुचारूप से कर पाती हैं। अक्यूट माइलोइड ल्यूकीमिया (तीर्व गति का माइलोइड रक्त कैंसर) का एक रूप हाता हैं अक्यूट प्रोमाइलोसाइट ल्यूकीमिया। अपरिपक्व प्रोमाइलोसाइट का यह कैंसर 1950 में चिन्हित हुआ। ये कैंसर काशिकायें टॉक्सिक एन्जाइम्स और ग्रेन्यूल्स से भरी होती है। परिपक्व कोशिकाओं में ग्रेन्यूल्स के ये तत्व रोगाणु, विषाणु और परजीवियों को नष्ट कर शरीर की रक्षा करते हैं। अपरिपक्व कैंसर कोशिकाओं से बेवजह फूट कर ये टाक्सिक तत्व घातक रक्तस्राव या टोक्सीमिया करते हैं, जो प्राणघातक हो सकता है।

इस कैंसर की विशेषता होती है कि कैंसर कोशिकायें प्रोमाइलोसाइट की अपरिपक्व अवस्था में ठहर जाती हैं, पूर्ण परिपक्व श्वेत कोशिकायें नहीं बन पाती। अत: कैंसर चिकित्सकों का सोच था कि अगर ऐसी दवा मिल जाय जो इन अपरिपक्व कोशिकाओं को परिपक्व कर दे तो कैंसर से निजात मिल सकती है। यह एक रोचक पहलू था। चिकित्सक उत्साहित थे लेकिन यह प्रयोग सीधा ऐसे कैंसर रोगियों पर तो किया नहीं जा सकता था। बाहर टेस्टटयूब में सैंकड़ों ऐसी दवाओं का प्रयोग कर देखा गया जिनके ऐसा होने की संभावना थी।

एक रसायन, रेटिनोइक एसिड, जो विटामिन ए का एक प्रारूप था, मिला, जो असर कारक था। रक्त कैंसर की चिकित्सा करने वालों के लिए यह एक महत्वपूर्ण खोज थी। औषध कम्पनी की प्रयोगशाला ने रेटिनोइक एसिड तैयार कर कैंसर रोगियों पर प्रयोग करने के लिए भेजा। परिणाम उत्साहवर्धक थे। प्रोमाइलोसाइट कोशिकायें परिपक्व होकर समान्य कोशिकायें बन गईं। कैंसर चिकित्सा को नई दिशा मिल गई। लेकिन कैंसर विशेषज्ञ शीघ्र ही हतोउत्साहित भी हो गये जब पाया कि कुछ में तो रेटिनोइक एसिड कारगर था बाकी में नहीं। जिनमें कारगर था उनमें कोई ऐसी विशेषता के साक्ष्य


डॉ. श्रीगोपाल काबरा

नहीं थे जिसके आधार पर यह निश्चित किया जा सकता। कुल मिला कर इसकी सार्थकता संदिग्ध साबित हुई।

स्थिति ने अनायास नया मोड़ लिया जब पेरिस के एक कैंसर विशेषज्ञ, जिनको अक्यूट प्रोमाइलोसाइट रक्त कैंसर के उपचार का व्यापक अनुभव था, के पास चाईना के उनके समकक्ष विशेषज्ञ पहुंचे। चाईना के विशेषज्ञों को रेटिनोइक एसिड बनाने का विशेष अनुभव था तो पेरिस के विशेषज्ञ को इसके कैंसर रोगियों में प्रयोग का। चाईना के अनुसंधान कार्ताओं को रेटिनोइक एसिड की अनिश्चित कारगरता के बारे में बताया गया। उन्हे यह भी बताया गया कि जिनमें असर कारगर होता है उनमें कोई विशिष्टता नहीं मिली। असर कारक तो है लेकिन अनिश्चित। तो क्या रेटिनोइक ऐसिड में रासायनिक बदलाव कर इसे और सार्थक बनाया जा सकता है? चाईनीज विशेषज्ञों को ज्ञात था कि रेटिनोइक एसिड के दो प्ररूप होते हैं - सिस-रेटोनोइक एसिड और ट्रान्स-रेटेनोइक एसिड। हो सकता है कि इसमें एक प्रारूप सार्थक हो और दूसरा नहीं। पेरिस में उपलब्ध रेटिनोइक एसिड शायद इन दो प्रारूपों का अनिश्चित मिश्रण था।

भाषा के अवरोध के कारण बड़ी मुश्किल से चर्चा के बाद दानों में इस पर आगे अनुसंधान करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय करार हुआ। तदानुसार चाईनीज अनुसंधान कर्ताओं ने अपनी प्रयोगशाला में रेटिनोइक एसिड के दोनों प्रारूपो को अलग अलग शुद्ध रूप में बनवाकर पेरिस भेजा। डन्होने स्वयं अपने यहां भी अक्यूट माइलोसाइटिक रक्त कैंसर में ट्रांस-रेटिनोइक एसिड का प्रयोग किया और उसकी सार्थकता के बारे में लिखा। पेरिस में 1986 में इसे 24 ऐसे रक्त कैंसर के रोगयों में दिया गया। 23 में अप्रत्याशित सफलता मिली।

पेरिस चिकित्सक ने बताया कैसे प्रोमाइलासाइट कैंसर कोशिकायें सामन्य कोशिकाओं में परिवर्तित हो गई। उन्होने यह भी बताया कि परिपक्व होने के बाद ये स्वेत कोशिकायें अपना अल्प-अवधि जीवन काल समाप्त कर स्वत: ही नष्ट भी हो गईं।।

विशेष बात यह हुई कि कैंसर कोशिकाओं कि अमरता खत्म हो गई। उनके सामुहिक नष्ट होने से एक बार अस्थि मज्जा पर कुप्रभाव पड़ा जिस पर काबू पा लिया गया। प्रयोग सार्थक सिद्ध हुआ। कैंसर विलुप्त हो गया। लेकिन यह अल्पकालिक था। कुछ ही महिनों में कैंसर वापस लौट आया। संघाई और पेरिस के अनुसंधान कर्ताओं ने आपस में बात कर तब निश्चित किया कि रेटिनोइक ऐसिक के साथ साथ सामान्य कीमोथेरपी भी चालू रखी जाय। इस समिश्रण चिकित्सा के बड़े सार्थक परिणाम सामने आये। कभी अत्यंत तीर्व गति के घातक प्रोमाइलो साइट ल्यूकीमिया को आज सर्वथा ठीक होने वाले कैंसरों में से एक गिना जाता है।


**-डॉ. श्रीगोपाल काबरा**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

# उनियारा का विवेकानंद सर्किल बदहाली पर बहा रहा आंसू

**चौरू/उनियारा**,(निसं)। मुख्यालय पर नगर पालिका प्रशासन तथा उच्चाधिकारियों की लापरवाही, अनदेखी तथा उदासीनता के चलते हुए लाखों रुपए की लागत से निर्मित उनियारा की शान कहा जाने वाला विवेकानंद सर्किल उपखंड कार्यालय के सामने होने के बावजूद भी अपनी बदहाली पर आंसू रो रहा हैं।

> ■ **आलाधिकारियों के यहां से गुजरने के बाद भी सर्किल का नहीं हो सका विकास**

फिर भी नगर पालिका प्रशासन तथा उच्चाधिकारी बेपरवाह बनकर बैठे हुए हैं। जिसके कारण आज यह सर्किल दिनों दिन उपेक्षा का भी शिकार बनता जा रहा हैं।


**विवेकानन्द सर्किल पर उगी झाडियां व टूटी पड़ी कुर्सियां।**

जानकार सूत्रों के अनुसार उपखंड कार्यालय के सामने लाखों रुपए खर्च कर विवेकानंद सर्किल का निर्माण किया गया। जिसमें आमजनों के लिए कई सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई गई। लेकिन प्रशासन द्वारा समयानुसार ध्यान नहीं देने के कारण वहां की स्थिति बदहाल हो रही हैं। देखरेख के अभाव में इसके अंदर लगी कुर्सियां टूट चुकी हैं और चारों तरफ बम्बूल सहित कई गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। वहीं बिजली के तार भी जमीन पर पड़े रहकर हादसे को आमंत्रित कर रहे हैं। हरियाली के नाम पर तो नामोनिशान भी नजर नहीं आ रहा हैं और सफाई के अभाव के मामले में तो यहां कुछ भी नजर नहीं आ रहा है। फिर भी इतना सभी कुछ होने के बाद भी जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से शायद मुंह मोड रहे हैं।

वहीं सबसे बड़ी बात तो यह है कि इसके पास से होकर आलाधिकारियों के गुजरने का सिलसिला बना रहता है। फिर भी आज दिन तक किसी ने विवेकानंद सर्किल की बदहाली की तरफ अपना ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा। यदि समय रहते हुए नगर पालिका प्रशासन तथा उच्चाधिकारियों ने इसकी बदहाली की तरफ ध्यान नहीं दिया तो हो सकता हैं यह सर्किल आने वाले समय में अपनी महत्ता खो न दे वही अब तो सवाल यह उठ रहा हैं कि आखिरकार इसकी सुध कौन लेग।

# सीएचसी के मरीजों को डेढ साल से नहीं मिल रही धर्मशाला व कैन्टीन की सुविधा

**मालपुरा**, (निसं)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालपुरा परिसर में रोगी व परिजनों को आवास एवं भोजन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा 50 लाख रूपयों की लागत से निर्माण करवाई गई धर्मशाला व कैन्टीन प्रशासनिक उदासीनता के चलते बीते डेढ साल से बंद पड़ी है । अस्पताल में भर्ती रोगी के परिजनों को खुले आसमान तले रात गुजारने तथा अस्पताल से दो किमी दूर का सफर तय कर भोजन मिल पा रहा है ।

> ■ **जुलाई 2020 से धर्मशाला पर लटके हुए हैं ताले, खुले में रात गुजार रहे रोगियों के परिजन**

राज्य सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में रोगियों को बेहतर चिकित्सा व उनके परिजनों को बेहतर सुविधा मुहैया करवाये जाने को लेकर एनआरएचएम के जरिए 50 लाख रूपयों की लागत से अस्पताल परिसर में धर्मशाला का निर्माण करवाया गया था। जिसमें 5 बडे हॉल व रसोई घर सहित लैटबॉथ की सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई थी। धर्मशाला की देखरेख एवं धर्मशाला में कैन्टीन संचालन का जिम्मा बीसीएमओ की निगरानी में सीएचसी प्रभारी को सौंपा गया था। लेकिन बीसीएमओ व अस्पताल प्रशासन की उदासीनता के चलते जुलाई 2020 में कैन्टीन का वार्षिक अनुबंध पूर्ण होने के बाद दोबारा कैन्टीन का टेण्डर करने के बजाय धर्मशाला को बंद कर दिया गया तथा अस्पताल का अतिरिक्त सामान एवं कबाड धर्मशाला के कमरों में भर दिया गया। जिला चिकित्सा अधिकारी को मामले से अवगत करवाने के बावजूद धर्मशाला व कैन्टीन शुरू नहीं होने से रोगी के साथ आने वाले परिजनों को बकहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । सीएचसी प्रभारी डॉ. जीतराम मीणा ने बताया कि जुलाई 2020 में अनुबंध की समयावधि पूर्ण होने के बाद पुन: टेण्डर जारी किया गया था लेकिन कोई आवेदन नहीं आने से टेण्डर नहीं हो सका।


**मालपुरा अस्पताल परिसर में 50 लाख की लागत से बनी धर्मशाला व कैन्टीन पर डेढ साल से ताले लटके हुए हैं।**

# संसद से सड़क की ओर

एक तरफ पूरा राष्ट्र प्रजातांत्रिक व्यवस्था के अन्तर्गत सम्मानजनक ढंग से 75 वर्ष पूर्ण होने की खुशी में 'अमृत महोत्सव' मना रहा है। दूसरी ओर देश के महत्वपूर्ण फैसले आज कल संसद के बजाय सडकों पर हो रहे है। मीडिया भी सडकों पर होने वाली गतिविधियों का संसद की तुलना में अधिक कवरेज दे रहा है।

अभी हॉल ही में 90 करोड मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करने वाली संसद में पास तीन कृषि कानूनों को मात्र कुछ हजार सडकों पर बैठे आन्दोलनकारियों की जिद्द के आगे उसी संसद को पुन: रद्द करने के लिए विवश होना पडा। यह स्थिति किसी भी प्रजातांत्रिक मुल्क के लिए ठीक नहीं है।

सम्पूर्ण विश्व हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मर्यादाओं की प्रशंसा कर रहा है। देश के प्रजातंत्र की यह भव्य इमारत चार स्तम्भों पर आधारित है। ये है- विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका एवं प्रेस । देश में


डॉ. कैलाश सोडाणी

विधायिका अर्थात् संसद एवं विधान सभाओं को ही सदन में बहुमत के आधार पर सभी महत्वपूर्ण निर्णय लेने का अधिकार एवं कर्तव्य दोनों है। निर्णयों के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी कार्यपालिका की है। प्रजातंत्र में निर्णय के लिए बहुमत पर्याप्त है, सर्वसम्मति की अपेक्षा नहीं है। ऐसी स्थिति में निर्णय के साथ-साथ कुछ प्रतिशत लोगों की असहमति एवं विरोध भी जुडा हुआ है। इस विरोध की अभिव्यक्ति भी आवश्यक है, जिससे प्रजातंत्र मजबूत होता है एवं भव्यता बढ़ती है।

किसान आंदोलनकारियों को संसद में लिये गये निर्णयों से असहमति की स्थिति में विरोध का अधिकार था। परन्तु आन्दोलन का स्थान चयन गलत था। राष्ट्रीय राजमार्गो पर बैठकर वर्ष पर्यन्त आवागमन को बाधित करने का कोई औचित्य नहीं था। उस क्षेत्र के लाखों लोगों को जबरदस्त आर्थिक नुकसान हुआ, उनका समय बर्बाद हुआ। विधायिका की राजनैतिक मजबूरी हो सकती है परन्तु सर्वोच्च न्यायालय को लाखों नागरिकों का यह कष्ट दिखाई नहीं दिया, देश के लिए यह चिन्ता का विषय है।

इस सारे घटनाक्रम में मीडिया की भूमिका भी प्रशंसनीय नहीं रही। किसान आन्दोलन की तुलना में इन लाखों राहगिरों के कष्ट एवं आर्थिक नुकसान को प्रेस में बहुत कम स्थान एवं समय दिया गया। देश के सामने सही तस्वीर प्रस्तुत करने में मीडिया की भूमिका कमजोर रही। मीडिया से ही वातावरण बनता है और उसी वातावरण से निर्णय लिए जाते है। न्यायपालिका एवं प्रेस को यह ध्यान रखना चाहिये कि प्रजातंत्र में मतदाता के रूप में अपना दायित्व निभाने वाले बहुसंख्यक प्राय: शांत एवं असंगठित रहते है।

नि:संदेह प्रजातंत्र में संगठित संख्या का अपना महत्व है। राजनीतिज्ञों को भी कुछ कर गुजरने की प्रेरणा संगठित संख्या से ही मिलती है। दुर्भाग्य से मीडिया को भी संगठित संख्या का समूह आकर्षित करता है। ऐसी विषम परिस्थिति में प्रजातंत्र के किसी एक स्तम्भ से न्याय की अपेक्षा थी, तो वह था सर्वोच्च न्यायालय - जिसने निराश ही किया।

**मुट्ठीभर लोग वस्तुत:** जो संसद में कमजोर है, अपने राजनैतिक उद्देश्यों के लिए एवं विदेशी षडयंत्र के तहत देश के प्रजातंत्र को संसद से सडक की ओर ले जाने का प्रयास कर रहे है। इस प्रकार के आन्दोलनकारियों की एक विकट समस्या यह है कि धरना प्रदर्शन के लिए पर्याप्त संख्या बल नहीं जुटा पाते है। ऐसे लोगों के लिए विरोध का आसान तरीका सड़क एवं रेल मार्ग को बाधित करना है, जिससे अखबारों की सुर्खियों में अच्छी जगह मिल जाती है। दूसरा लाखों वे लोग जिनका आन्दोलन से कोई संबंध नहीं है, परेशान होते है। उन्ही की परेशानी के दबाव में सरकार आन्दोलनकारियों की मांगे मानने के लिए मजबूर हो जाती है। समय आ गया है कि आज संसद को ऐसे कानून बनाने की जरूरत है, जिससे धरना-प्रदर्शन प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थान पर ही होने की बाध्यता हो। सड़क एवं रेल मार्ग बाधित नहीं हो तथा सार्वजनिक सम्पत्ति को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होना चाहिये। प्रजातंत्र की श्रेष्ठता के लिए आन्दोलनों की दशा एवं दिशा को बदलना होगा।

**डॉ. कैलाश सोडाणी**
**पूर्व कुलपति,**
**एमडीएस वि.वि अजमेर**

## राशिफल


पंडित अनिल शर्मा

**गुरूवार 6 जनवरी, 2022**

पौष मास शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2078, शतभिक्षा नक्षत्र शुक्रवार प्रात: 6:20 तक, सिद्धि योग दिन 3:24 तक, विष्टि करण दिन 12:30 तक, चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-वृश्चिक, बुध-मकर, गुरू-कुम्भ, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में।

आज भद्रा दिन 12:30 तक है। आज विनायक चतुर्थी, पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:39 तक, चर 11:14 से 12:32 तक, लाभ-अमृत 12:32 से 3:08 तक, शुभ 4:26 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:44

### मेष

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा है। आय में वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों का विस्तार हो सकता है। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

### वृष


व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

### मिथुन

धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### कर्क

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय है। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### सिंह

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित कार्य योजना बनेगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

### कन्या

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। रचनात्मक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

### तुला

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### वृश्चिक

घर-परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

### मकर

व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। व्यावसायिक सुविधाओं में वृद्धि होगी। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

### कुंभ

व्यावसायिक कार्यों में सफलता से मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

### मीन

व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। धार्मिक-सामाजिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। मन में असंतोष बना रहेगा।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में बड़ी चूक, पंजाब के मुख्यमंत्री इस्तीफा दें : डॉ. पूनिया

## 'राजस्थान सहित जहां कांग्रेस पार्टी की सरकारें हैं, वहां कानून व्यवस्था बड़ी चुनौती'

**जयपुर।** पंजाब में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा में हुई बड़ी चूक को लेकर राजस्थान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया ने कड़ी प्रतिक्रिया जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आज पंजाब दौरे के दौरान उनकी सुरक्षा में जो बड़ी चूक हुई है, उसने पंजाब सरकार व पंजाब पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस तरीके की लापरवाही, इतने बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक होना, निश्चित रूप से सवाल खड़े करता है। क्या कांग्रेस की पंजाब सरकार अक्षम है, लापरवाह है या सुरक्षा व्यवस्था करने में नाकाम है? इससे कांग्रेस का जनविरोधी व विकास विरोधी चेहरा भी सामने आ गया, क्योंकि आज प्रधानमंत्री को पंजाब के विकास को नये आयाम देने के लिये 42750 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की नींव रखनी थी, लेकिन कांग्रेस के षड्यंत्र से एक बार फिर उसकी देश विरोधी व विकास विरोधी सोच भी सामने आ गई। राजस्थान सहित जहां कांग्रेस पार्टी की सरकारें हैं, वहां कानून व्यवस्था बड़ी चुनौती बनी हुई है। पंजाब के मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक के कारण इस्तीफा देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री की पंजाब में सुरक्षा में चूक सामान्य बात नहीं है, कांग्रेस इसी विद्वेष की राजनीति के कारण देश में अप्रासंगिक हो गई है, जनता सब देख रही है। इस घटना के बाद देश की जनता अब कांग्रेस को कूड़ेदान में फेंक देगी।

- **'विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक सामान्य बात नहीं, देश की जनता कांग्रेस को कूड़ेदान में फेंक देगी'**

वही पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि पंजाब में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा में चूक बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

पंजाब में महत्वपूर्ण परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री को षड्यन्त्र पूर्वक नहीं पहुंचने देना, पंजाब की जनता का अपमान है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी पंजाब सरकार की थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने ओछी मानसिकता के चलते प्रदर्शनकारियों को उनके रास्ते तक जाने दिया। प्रधानमंत्री की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने के लिए कांग्रेस को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। घटना की जितनी भी निंदा की जाए कम है।

उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने पंजाब कांग्रेस सरकार द्वारा फिरोजपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा में गंभीर चूक बरतने को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि पंजाब कांग्रेस सरकार का प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक संघीय ढांचे पर सीधा हमला है। प्रधानमंत्री किसी पार्टी विशेष के नहीं पूरे देश के होते हैं। देश के इतिहास में पहली बार है जब राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए जानबूझकर देश के प्रधानमंत्री की सुरक्षा में गंभीर चूक बरती गई। राठौड़ ने कहा कि पंजाब कांग्रेस सरकार ने सोची-समझी साजिश के तहत देश के प्रधानमंत्री की सुरक्षा में गंभीर चूक बरती और वह फिरोजपुर में कार्यक्रम में हिस्सा नहीं ले सके। इसके लिए तुष्टीकरण की राजनीति को अंजाम देकर उनके रूट में प्रदर्शनकारियों को घुसने की इजाजत दे डाली।

# पंजाब की कांग्रेस सरकार ने प्रधानमंत्री को सड़क मार्ग पर रोकने की साजिश रची : शेखावत

## केंद्रीय जलशक्ति मंत्री और पंजाब में भाजपा के चुनाव प्रभारी ने लगाए गंभीर आरोप

**जयपुर।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और पंजाब में भाजपा के चुनाव प्रभारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफिले को रोकने की घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने पंजाब की कांग्रेस सरकार पर प्रधानमंत्री को सड़क मार्ग पर रोकने की साजिश रचने का आरोप लगाया।

शेखावत ने कहा कि जानबूझकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमा को ठेस पहुंचाई गई। राष्ट्र के सबसे महत्वपूर्ण पद का अपमान किया गया। यह देश का अपमान है। देश के संघीय ढांचे की अवहेलना है। आंतरिक सुरक्षा से खिलवाड़ है। अपनी प्रतिक्रिया में शेखावत ने कहा कि कांग्रेस अलगाव की प्रवृत्ति रखती है। इसलिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को भरोसा दिए जाने के बाद भी प्रधानमंत्री को क्लीयर रूट नहीं मिलता।

- **'यह देश का अपमान, संघीय ढांचे की अवहेलना, आंतरिक सुरक्षा से खिलवाड़**
- **'10 हजार सुरक्षाकर्मी प्रधानमंत्री के रूट की सुरक्षा नहीं कर पाए, ये है कांग्रेस का पंजाब मॉडल'**

उनके काफिले के सामने खुले मार्ग पर बाधा खड़ी कर दी जाती है। साफ है कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पंजाब की जमीन से दूर रखने के षड्यंत्र का एक घृणित कुचक्र था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी थी, लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने इस संदर्भ में फोन उठाना तक जरूरी नहीं समझा।

शेखावत ने कहा कि कांग्रेस देश को तोड़ना चाहती है। फिरोजपुर में जो हुआ, वह संविधान की अस्मिता को कलंकित करना है। कांग्रेस को देश माफ नहीं करेगा। वहीं, अपने ट्वीट में शेखावत ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेतृत्वकर्ता को फ्लाईओवर पर लगभग आधा घंटा बिताना पड़ा। इसके लिए जो भी नेता, मंत्री और अधिकारी ज़िम्मेदार हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार के 10 हजार सुरक्षाकर्मी मिलकर प्रधानमंत्री के रूट की सुरक्षा नहीं कर पाए। ये है कांग्रेस का पंजाब मॉडल।

# प्रदर्शनकारी हाईकोर्ट जाएंगे : चौपदार

## विरोध प्रदर्शन में भाग ले रहे पप्पू कुरैशी ने कहा कि कई लोगों को सुबह सात बजे से पुलिस पूछताछ के लिए उठा ले गई



कर्बला मैदान पर क्रिकेट मैच आयोजित करने के खिलाफ बुधवार को मुस्लिम संगठनों की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया।

**- यादवेन्द्र शर्मा -**

**जयपुर।** कर्बला मैदान पर क्रिकेट मैच आयोजित करने के खिलाफ मुस्लिम संगठनों की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे इस मामले को वे हाईकोर्ट ले जाएंगे।

मौके पर विरोध प्रदर्शन में भाग ले रहे पप्पू कुरैशी ने कहा कि इस विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले कई लोगों को सुबह सात बजे से पुलिस पूछताछ के लिए उठा ले गई। उन्होंने बताया कि सुबह ही यूनुस चोपदार को भी उनके घर से मुजरिम की तरह जयपुर पुलिस ने उठा लिया और अज्ञात स्थान पर ले गई। उन्होंने आगे कहा कि विधायक महेश जोशी के समर्थक भी सभी विरोध प्रदर्शन करने वालों को धमका रहे हैं कि उनके खिलाफ मुकदमें दर्ज हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि यहां कई जगह भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। "मुझे भट्टा बस्ती से प्रदर्शन स्थल तक आते हुए चार-पांच बार पुलिस नाकों पर रुकना पड़ा और पूरे रास्ते हमारे पीछे पुलिस की एक चेतक गाड़ी, (पुलिस का गश्त वाहन) चलती रही। मानो हमने कोई चोरी या गंभीर अपराध किया हो। लोकतंत्र में क्या कोई विरोध प्रदर्शन भी नहीं कर सकता।"

- **प्रदर्शनकारियों के वकील के अनुसार मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, जिलाध्यक्ष और पुलिस कमिश्नर को इस मामले में नोटिस भेजे गये हैं**

देर रात को यूनुस चोपदार से फोन पर बात हुई तो उन्होंने बताया कि उनको पुलिस ने जयसिंहपुरा खोर थाना में सुबह ही बंद कर दिया था। प्रदर्शनकारी पप्पू कुरैशी को भी उनके ही घर पर दो घंटे तक नज़रबंद कर दिया गया था। उनसे पूछे जाने पर कि क्या वे कल भी अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे, तो उन्होंने कहा कि कल से हम प्रदर्शन नहीं करेंगे, परंतु हम इस मामले को हाईकोर्ट में ले जायेंगे।

उन्होंने बताया कि उनके वकील प्रतीक खण्डेलवाल ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, जिला अध्यक्ष और पुलिस कमिश्नर को इस पूरे प्रकरण के संबंध में नोटिस भेजा है। उन्होंने नोटिस की कॉपी राष्ट्रदूत के साथ साझा की जिसमें कहा गया है कि जिसमें लिखा है कि प्रदर्शनकारियों के साथ बदसलूकी हुई है और कई प्रदर्शनकारियों को उनके संवैधानिक अधिकार के तहत प्रदर्शन नहीं करने दिया गया और डराया धमकाया गया, जो बिल्कुल गैरकानूनी और असंवैधानिक है। यहां मैच हुए और साम्प्रदायिक स्थिति बिगढ़ी तो इसके लिये प्रशासन और मुख्यमंत्री जिम्मेदार होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों को प्रताड़ित किया गया है और वे हाईकोर्ट जाएंगे।

## पीसीसी में आज चार संभागों के प्रमुखों की कार्यशाला

**जयपुर, (का.प्र.)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा 6 एवं 7 जनवरी को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर नगर निकायों में कांग्रेस पार्टी से जीते हुए चेयरमैन तथा वाईस चेयरमैन की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा करेंगे तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किये जाने वाले आगामी कार्यक्रमों के संबंध में निर्देश प्रदान करेंगे। कार्यक्रमानुसार डोटासरा 6 जनवरी को प्रदेश कांग्रस मुख्यालय पर बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर तथा कोटा सम्भाग के नगर निकायों में कांग्रेस पार्टी से जीते हुए चेयरमेन तथा वाईस चेयरमेन की बैठक लेंगे। इसी क्रम में 7 जनवरी को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय आयोजित बैठक में जयपुर, भरतपुर तथा अजमेर सम्भाग के नगर निकायों में कांग्रेस पार्टी से जीते हुए चेयरमैन तथा वाईस चेयरमैन भाग लेंगे। बैठक में प्रतिदिन 100 व्यक्तियों से अधिक प्रतिभागी नहीं होंगे।

# प्रदेश में ग्रीन हाइड्रो एनर्जी को दिया जाएगा बढ़ावा : सुबोध अग्रवाल

**जयपुर, (का.सं.)।** अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस, पेट्रोलियम व ऊर्जा डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया है कि राज्य में फोसिल फ्यूल एनर्जी पर निर्भरता कम करने के साथ ही रिन्यूवल एनर्जी क्षेत्र में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए ग्रीन हाइड्रो एनर्जी को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रस्तावित नीति में इज ऑफ रेगुलेशन यानी की ऐसे उद्योगों की स्थापना को आसानी से स्थापित करने के प्रावधान किए जाएंगे ताकि देश दुनिया के निवेशक ग्रीन हाइड्रो एनर्जी के क्षेत्र में राजस्थान में निवेश के लिए प्रोत्साहित हो सके।

अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. अग्रवाल बुधवार को अक्षय ऊर्जा निगम के सभागार में उद्योग, डिस्काम्स, अक्षय ऊर्जा सहित संबंधित विभागों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि राजस्थान में ग्रीन हाइड्रो एनजी की विपुल संभावनाएं है। पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर आदि जिलों के साथ ही कोटा, बारां, बांसवाड़ा सहित अनेक जिलों में इस तरह के प्लांट लगाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि ग्रीन हाइड्रो एनर्जी नीति के लिए राज्य सरकार स्तर पर अलग अलग विभागों द्वारा काम किया जा रहा है। अब इसे अमली जामा पहनाने के लिए एनर्जी विभाग द्वारा ठोस नीति तैयार की जाएगी।

- **'एनर्जी के साथ ही ऑक्सीजन, अमोनिया सहित बायोप्रोडोक्ट्स भी होंगे उपलब्ध'**

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि ग्रीन हाइड्रो प्लांटों से इलेक्ट्रोलाइसिस करके हाईड्रोजन और ऑक्सीजन को अलग किया जाता है। इसके साथ ही इस नई तकनीक से फयूल सेल के साथ ही ऑक्सीजन, अमोनिया, नेचुरल गैस, केमिकल यूज, पेट्रोकेमिकल सहित अनेक बायोप्रोडक्टस का उत्पादन हो सकेगा। इसके साथ ही सोलर ऊर्जा को स्टोरेज कर यूज करने की तकनीक भी विकसित हो सकेगी। उन्होंने बताया कि राजस्थान में इसकी विपुल संभावनाओं को देखते हुए ग्रीन हाईड्रो नीति में इस तरह के प्लांटों को बढ़ावा देने के प्रावधान किए जाएंगे।

## अंता नगर पालिका चेयरमैन चुनाव मामले में हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने बारां की अंता नगर पालिका चेयरमैन चुनाव को चुनौती देने के मामले में डीएलबी के प्रमुख सचिव व निदेशक सहित अंता नगर पालिका के कार्यकारी अधिकारी व मौजूदा चेयरमैन मुस्तफा खान से जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह निर्देश वार्ड मैंबर रामेश्वर खंडेलवाल की याचिका पर दिए।

याचिका में कहा गया कि अंता नगर पालिका चुनाव में मौजूदा चेयरमैन मुस्तफा खान व एक अन्य वार्ड मेंबर जमीन मोहम्मद ने अपनी तीसरी संतान संबंधी जानकारियां नामांकन पत्र में छिपाई थी। उन दोनों के दो से ज्यादा संतानें थी, लेकिन फिर भी उन्होंने नामांकन पत्र में गलत जानकारी दी और चुनाव जीते। याचिका में कहा कि प्रार्थी भी चुनाव में वार्ड मेंबर के पद पर निर्वाचित हुआ और उसने भी नगर पालिका चेयरमैन का चुनाव लड़ा था, लेकिन चेयरमैन चुनाव में वह मुस्तफा खान से एक वोट से हार गया। याचिका में कहा गया कि जब मुस्तफा खान का वार्ड मेंबर का चुनाव ही गलत है तो वह चेयरमैन पद पर कैसे निर्वाचित हो सकता है। उसने नगर पालिका चुनाव में नियमों का उल्लंघन किया है। इसलिए उनका चुनाव रद्द किया जाए। इस पर एकलपीठ ने जवाब तलब किया है।

# वरिष्ठ शिक्षकों को हटाने का आदेश रद्द

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सामाजिक विज्ञान और विज्ञान सहित अन्य विषयों के लिए आयोजित द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2016 में संशोधित परिणाम के आदेश पर पूर्व में लगे शिक्षकों को हटाने के 27 सितंबर 2018 के आदेश को रद्द कर दिया है। वहीं अदालत ने इनकी मेरिट सबसे नीचे रखने को कहा है। जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल ने यह आदेश श्याम सुंदर शर्मा व अन्य की याचिकाओं पर दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभ्यर्थी को चयन के बाद नियुक्ति मिलती है और उस पर किसी तरह की धोखाधड़ी या अन्य आरोप नहीं है तो उसे सिर्फ संशोधित परिणाम के आधार पर सेवा से बर्खास्त नहीं किया जा सकता।

याचिकाओं में अधिवक्ता विज्ञान शाह और रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि आरपीएससी ने 12 जुलाई 2016 को शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। भर्ती परीक्षा के बाद छह फरवरी 2018 को याचिकाकर्ता सहित अन्य चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्तियां दे दी गई।

## आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत करोना संक्रमित

**जयपुर।** आरसीए अध्यक्ष और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत करोना संक्रमित हो गए हैं। फिलहाल उन्हें घर पर ही आइसोलेट किया गा है।

एसएमएस अस्पताल के प्रिंसीपल डॉ. सुधीर भंडारी ने बताया कि वैभव गहलोत ने बुधवार को अपनी कोरोना जांच कराई थी। शाम को उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। हालाकि वह एसिम्टोमैटिक है और उनकी हालत ठीक है। फिलहाल उनको मुख्यमंत्री निवास पर ही आइसोलेट किया गया है।

## खाचरियावास और यादव ने की जनसुनवाई

**जयपुर, (का.प्र.)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास तथा उच्च शिक्षा, गृह और न्याय राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जनसुनवाई की। प्रतापसिंह खाचरियावास तथा राजेन्द्र सिंह यादव ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना।

# एसीबी ने वर्ष 2021 में 410 घूसखोरों को दबोचा : बी. एल. सोनी



एसीबी के महानिदेशक बी.एल.सोनी और एडीजी दिनेश एम.एन. बुधवार को पत्रकारों से रूबरू हुए।

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** एसीबी ने बीते एक वर्ष में 470 कार्रवाई करके भ्रष्टाचार की कमर तोड़ने का काम किया है। महानिदेशक बी.एल.सोनी ने बताया कि वर्ष 2021 के दौरान कुल 410 घूसखोर अधिकारी-कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 24 आय से अधिक संपत्ति और 32 पद का दुरुपयोग करने के प्रकरण भी दर्ज हुए। करीब 600 मामलों में चालान और एफआर लगाकर निस्तारण किया। गत वर्ष पैंडिंग केस और परिवाद व प्राथमिक जांच भी पूरी की गई और अब शेष मामलों के निष्तारण की रणनीति बनाई जा रही है।

बी.एल.सोनी और एडीजी दिनेश एम.एन. ने पत्रकारों से रूबरू होकर कहा कि राज्य सरकार से मिले बजट पर रिवाल्विंग फण्ड की शुरुआत की गई, जिससे एसीबी को मजबूती मिली। प्रदेशभर की सभी चौकियों को अपडेट कर घूसखोरों पर शिकंजा कसने के लिए कई तकनीकी उपकरण भी बेड़े में शामिल किए। मुख्यालय की पहल पर प्रदेश की 51 चौकियों ने 51 गांव गोद लिए। ब्यूरो के अधिकारी समय-समय पर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से मिले और ग्रामीणें को उनके अधिकार और सरकार की योजनाओं से अवगत करवाकर लाभ लेने की जानकारी दी।

- **'रिवाल्विंग फंड से मजबूती मिली, कई तकनीकी उपकरण भी खरीदे'**
- **एसीबी की 51 चौकियों ने प्रदेश के 51 गांव गोद लिये**

सोनी ने बताया कि एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करके आईएएस, आईपीएस और आरएएस समेत कई प्रशासनिक अफसरों को भी दबोचा। पेट्रोल पंप की एनओसी जारी करने के एवज में 1.40 लाख की घूस मांगने वाले बारां कलेक्टर रहे इंद्र सिंह राव को पकड़ा। इसके बाद राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम मैनेजर राहुल और कोर्डिनेटर अशोक सांगवान की गिरफ्तारी के बाद आईएएस नीरज के पवन और प्रदीप गावंडे की भूमिका की जांच हुई। दिल्ली-मुंबई हाईवे निर्माण कंपनी से 5-5 लाख रुपए घूस लेने वाली बांदीकुई एसडीएम पिंकी मीणा और दौसा एसडीएम रहे पुष्कर मित्तल को दबोचा, बाद में मिलीभगत में आईपीएस मनीष अग्रवाल को भी गिरफ्तार किया।

आरएएस वीरेंद्र वर्मा ओएसडी जेसीटीएसएल, आरएएस बीएल मेहरड़ा, आरएएस सुनील शर्मा मेंबर रेवन्यू बोर्ड अजमेर को गिरफ्तार कर घूस में लिए 80 लाख रुपए बरामद किए।

लेबर कमिश्नर प्रतीक झाझडिया और दलाल अमित मीणा को 3 लाख की रिश्वत लेते दबोचा, साथ ही राजस्थान आर्थिक सलाहकार परिषद के विशेष अधिकारी रवि मीणा पर भी शिकंजा कसा गया।

इनकम टैक्स के जेईएन पंकज चौधरी और डीपी मीणा को 1.50 लाख रुपए की घूस लेते गिरफ्तार किया। खाकी को शर्मसार करने वाले आईपीएस मनीष अग्रवाल, आरपीएस सपात खान और एसीबी सवाईमाधोपुर में तैनात आरपीएस भैरूलाल मीणा, रिश्वत में अस्मत मांगने वाले आरपीएस कैलाश बोहरा की गिरफ्तारी हुई। इसके अलावा एसीबी ने ग्रेटर नगर निगम जयपुर की तत्कालीन मेयर सौम्या गुर्जर के पति राजाराम गुर्जर को कचरा संग्रहण करने वाली बीवीजी कंपनी के बकाया बिल पास कराने के एवज में 20 करोड़ की घूस मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया। ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज और अलवर अस्पताल में नर्सिंग व अन्य कर्मियों की संविदा भर्ती घोटाले का खुलासा कर घूस के 20 लाख रुपए बरामद किए।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


**तीये की बैठक**



हमारे पिताजी श्री सत्यनारायण शर्मा पुत्र स्व. देवी सहाय जी शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 04.01.2022 को हो गया है। तीये की बैठक आगमन-प्रस्थान दिनांक 06.01.2022 को चार से पांच बजे रखी गई है। **स्थान-** कुमारनन्द हॉल, रोटरी क्लब के पास, जयपुर। **शोकाकुल-** पार्वती देवी (पत्नी), पवन, सोनिका, गौरीशंकर, सुरेश, अंशु (पुत्र-पुत्रवधू), बृजेश कुमार (भ्राता), प्रकाश नारायण, रवी, राजेश, राकेश (भतीजे), बीना-विजय जी (पुत्री-दामाद), आरव, अष्मित, आर्यन, प्रबल, अंश (पौत्र)।
मो. 7597497155

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म M/S A.M. Industries, 3-ब-42, जवाहर नगर, जयपुर पंजीयन संख्या 13/20/99 में दिनांक 18.08.2021 से भागीदार श्री रामावतार खंडेलवाल, रामावतार गुप्ता, विष्णु कुमार गुप्ता तथा राजेन्द्र प्रसाद खंडेलवाल रिटायर हो गये हैं। यदि किसी को आपत्ति हो तो 07 दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स, जिला उद्योग केन्द्र, जयपुर (शहर) में आपत्ति दर्ज करायें।
M/S A.M. Industries, Jaipur

**दिनांक 20.12.2021 को प्रकाशित सूचना का खण्डन जवाब**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कुमुद मेहता पत्नि स्व. डॉ. राजकुमार मेहता द्वारा प्रकाशित सूचना दिनांक 20.12.2021 पूर्णत असत्य व मिथ्या तथ्यों के आधार पर प्रकाशित करवाई गई है, प्रकाशित सूचना में मेरे अभिभाष्य नासिर खान को सोची समझी साजिश के तहत मिथ्या रूप से भूमाफिया शब्द से संबोधित किया गया है जबकि डॉ. राजकुमार मेहता द्वारा ग्राम खो नागौरियान पटवार क्षेत्र खो नागौरियान भू अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र गोनेर तहसील सांगानेर जिला जयपुर में स्थित खाता संख्या नया 708 पुराना 203 में खसरा नम्बर 3818/2, 3849/1, 3855/1, 3856/2 की जमीन का तीन बार दिनांक क्रमशः 9/9/12, 19/9/2012 व 28/9/12 बेचान इकरार किया गया है। मेरे अभिभाष्य ने दिनांक 16/12/2021 को प्रकाशित सूचना जवाब खण्डन में यह कहीं भी अंकित नहीं किया है कि राजकुमार मेहता ने मेरे अभिभाष्य से उक्त खसरा नम्बरान बाबत इकरारनामा किया था। राजकुमार मेहता ने मेरे अभिभाष्य के हक में दिनांक 23/7/17 को रसीद एवं दिनांक 30/8/17 इकरारनामा निष्पादित किया था जिस पर बतौर गवाह कुमुद मेहता के हस्ताक्षर है तथा पहचानकर्ता के रूप में निर्मल चंद सोलंकी एडवोकेट के हस्ताक्षर है इस प्रकार स्पष्ट है कि उक्त इकरारनामा की पूर्ण जानकारी कुमुद शर्मा को बखूबी है इसके उपरान्त भी उनके द्वारा जानबूझकर मेरे अभिभाष्य की छवि को धूमिल करने हेतु मिथ्या कथन अंकित करते हुए प्रकाशन करवाया गया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि कुमुद मेहता ने अपनी सूचना प्रकाशन में जो दिनांक 9/1/15 को रमेश चन्द सोनी द्वारा प्रकाशित सूचना का हवाला दिया है उसका पूर्व में ही मेरे अभिभाष्य द्वारा दिनांक 1/3/15 को खण्डन प्रकाशित करवा दिया गया था तथा रमेश चन्द सोनी स्वयं द्वारा भी दिनांक 17/2/2019 को अपनी द्वारा प्रकाशित सूचना का खण्डन किया जा चुका है। कुमुद मेहता द्वारा प्रकाशित सूचना में जिन सोनू चौहान व गेंदी लाल को जेल होना बताया है उनसे राजकुमार मेहता द्वारा स्वयं राजीनामा किया था। उपरोक्त वास्तविक तथ्यों के मद्देनजर पुनः सूचित किया जाता है कि कुमुद मेहता द्वारा प्रकाशित मिथ्या प्रकाशन पर ध्यान नहीं देकर किसी भी भूखण्डधारी को उक्त तथ्यों को लेकर भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है, भ्रम की स्थिति में कोई भी भूखण्डधारी मेरे अभिभाष्य से संपर्क कर वास्तविक स्थिति की जानकारी ले सकता है।
**भवदीय (अनिल मोहता) एडवोकेट, मो. नं. 9314021355**

**नाम परिवर्तन**

I Prem Lata spouse of 13910947 Rank HAV Name THAWAR SINGH Resident of A-6, Extension, Sarswati Nagar, Getor Road, Near Sector 6, Malviya Nagar, Jaipur-302017 (Rajasthan). I have changed my name Prem Latha to PREM LATA. My date of birth is 01.01.1956

मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी धर्मपत्नी रामबाई मीणा पत्नी श्री कालू लाल मीणा की जन्म दिनांक 10.07.1987 दर्ज है जबकि सही जन्म दिनांक 10.07.1988 है। निवासी 223/5, प्रताप लाईन, जयपुर केन्ट, जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
**www.jda.urban.rajasthan.gov.in**
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-6/21/डी-44 दिनांक-04.01.2022

**सार्वजनिक सूचना-** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती मंजू शर्मा पत्नि श्री राजेन्द्र शर्मा द्वारा आवंटन पत्र, साईट प्लान, रसीद, प्रार्थना पत्र के आधार पर दी कृष्णा कॉपरेटिव हाउसिंग सोसायटी योजना उद्योग नगर के दुकान संख्या 7 क्षेत्रफल 55.00 वर्गगज का नियमन/पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। समिति द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 5 व 6 का आवंटन पत्र दिनांक 11.09.1990 को श्रीमती मंजू शर्मा पत्नि श्री राजेन्द्र शर्मा के पक्ष में जारी किया गया है। इस बाबत किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में अपने स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज सहित आपत्ति उपायुक्त जोन-06 जेडीए, जयपुर के कार्यालय में पेश कर सकते हैं। नियम अवधि तक कोई आपत्ति/आक्षेप मय दस्तावेज पेश नहीं किये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-6 जविप्रा, जयपुर।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
**www.jda.urban.rajasthan.gov.in**
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-6/21/डी-45 दिनांक-4.01.2022

**सार्वजनिक सूचना-** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेन्द्र शर्मा पुत्र श्री बनवारी लाल शर्मा द्वारा आवंटन पत्र, साईट प्लान, रसीद, प्रार्थना पत्र के आधार पर दी कृष्णा कॉपरेटिव हाउसिंग सोसायटी योजना उद्योग नगर के दुकान संख्या 8 क्षेत्रफल 55.00 वर्गगज का नियमन/पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। समिति द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 8 का आवंटन पत्र दिनांक 11.09.1990 को श्री राजेन्द्र शर्मा पुत्र श्री बनवारी लाल के पक्ष में जारी किया गया है। इस बाबत किसी भी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में अपने स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज सहित आपत्ति उपायुक्त जोन-06 जेडीए, जयपुर के कार्यालय में पेश कर सकते हैं। नियम अवधि तक कोई आपत्ति/आक्षेप मय दस्तावेज पेश नहीं किये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-6 जविप्रा, जयपुर।

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
**व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 4992/2021**
**विषय-** उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
**प्रार्थी नाम** (1) श्रीमती उर्मिला रानी गुप्ता पत्नी स्व. श्री रामचरण गुप्ता, (2) कु. ऋतु गुप्ता पुत्री स्व. श्री रामचरण गुप्ता, निवासियान-491, सुमेर नगर, वार्ड नं. 83 (पूर्व वार्ड नं. 29) तहसील सांगानेर, जिला जयपुर-302020 (3) श्रीमती अंजलि गुप्ता पुत्री स्व. श्री रामचरण गुप्ता, धर्मपत्नी श्री मनोज कुमार गुप्ता, जाति महाजन निवासी एफ-206, सरस्वती टॉवर, विद्याधर नगर, जयपुर।
**निवास स्थान-** उपरोक्त वर्णानुसार
मृतक श्री रामचरण गुप्ता की सम्पत्ति के विषय में।
**पेशी दिनांक-** 20.01.2022
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम रामचरण गुप्ता पुत्र माणक चन्द गुप्ता जाति महाजन निवासी 491, सुमेर नगर, वार्ड नं. 83 तहसील सांगानेर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें। अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 20 माह 01 सन् 2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। आज दिनांक 03 माह 01 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया। प्रार्थीगण ने मृतक रामचरण गुप्ता के प्रा. पत्र में वर्णित बैंक में जमा राशि व ब्याज बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
(मोहर) आज्ञा न्यायालय से वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर-प्रथम

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, (फ.स.) चौमूँ, जयपुर**
**राधाबाग कॉलोनी सीकर रोड, चौमूँ**
PH. NO. 01423-220047 FAX NO. 01423-223873 Email: KUMS.CHOMU@rajasthan.gov.in
**क्रमांक-596-610** **दिनांक- 05.01.2022**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस मंडी समिति के मुख्य मंडी प्रांगण में Supply, Installation and commissioning of Solid Waste Management Mobile Unit 250KG per day Capacity with Accessories हेतु इच्छुक विनिर्माताओं/थोक विक्रेताओं/वितरकों एवं अधिकृत डीलरों से दिनांक 13.01.2022 को दोपहर 1.00 बजे तक बन्द लिफाफे में निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त तकनीकी निविदाओं को उसी दिन 2.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं (यदि कोई उपस्थित हो) के समक्ष खोला जायेगा। निविदा के संबंध में अन्य जानकारी व शर्तें राज. उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व विभागीय पोर्टल agriculture.rajasthan.gov.in/mandi/ पर या कार्यालय में उपस्थित होकर कार्यालय समय में अवलोकन की जा सकती हैं।
NIB-DAM2122A0487
**प्रशासक** **सचिव**

**प्ररूप-10**
**(नियम 6 (7) देखिए)**
प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगर पालिका मालपुरा जिला टोंक (राज.)
**क्रमांक- 7176** **लोकसूचना** **दिनांक- 05.01.2022**

श्री पारीक विकास सेवा समिति मालपुरा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिघृति अधिकारों के निर्वापन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित | तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| टोंक | मालपुरा | ग्राम बृजलालनगर | आराजी खसरा नम्बर 1070/1652 रकबा 0.09 बीघा वाके ग्राम बृजलालनगर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिघृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज ........ को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका मालपुरा**

# जोधपुर में कोरोना पॉजिटिव रोगी दोहरा शतक पार, एक की मौत

## बुधवार को 230 संक्रमित मिले, नवोदय विद्यालय तिलवासनी परिसर माइक्रों कंटेनमेंट जोन घोषित

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में बुधवार को कोरोना संक्रमितों के आंकड़े तेजी से छलांग लगाते दो शतक को पार कर गए। आज के इस विस्फोट ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। आज 230 लोग संक्रमित मिले हैं। स्टेट रिपोर्ट में एक संक्रमित की मौत बताई गई है। एक्टिव संक्रमितों की संख्या 584 पर पहुंच गई है। नौ जनों को अस्पताल से डिस्चार्ज भी किया गया है।

दूसरी तरफ नवोदय विद्यालय तिलवासी में कोरोना पॉजिटिव केस पाये जाने के बाद प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। वहां एक शिक्षक तथा 18 बच्चे एक साथ कोरोना पॉजिटिव पाये गए हैं। जिला कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह के निर्देशों की अनुपालना में उपखण्ड अधिकारी एवं उप जिला मजिस्ट्रेट पीपाड़ शहर दूदाराम ने आदेश जारी कर नवोदय विद्यालय, तिलवासनी परिसर को माईक्रो कंटेन्मेंट जोन क्षेत्र घोषित कर दिया है।

■ एक शिक्षक तथा 18 बच्चे एक साथ कोरोना पॉजिटिव पाये गए

आदेश के तहत प्रतिषिद्ध क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संपूर्ण क्षेत्र में खाद्यान्न, राशन, दूध, सब्जी व अन्य अति आवश्यक वस्तुओं की पंचायती राज विभाग, रसद विभाग द्वारा डोर टू डोर सप्लाई सुनिश्चित की जायगी। चिकित्सा विभाग द्वारा कोरोना बचाव व राहत कार्य में लगे समस्त अधिकारी, कार्मिकों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने तथा आवश्यकतानुसार मास्क, सेनेटाइजर उपलब्ध करवाने तथा कोरोना बचाव राहत कार्य में लगे समस्त वाहनों की नियमित डिसइन्फेक्शन, सेनेटाईजेशन करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# उदयपुर जिले में दो और ओमीक्रॉन पॉजिटिव मिले, 28 पॉजिटिव मिले

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले में बुधवार को दो और लोगों में ओमीक्रॉन वेरिएंट की पुष्टि हुई है। जिले में अब तक ओमीक्रॉन वेरिएंट के छह मामले सामने आ चुके है। जिले में 28 पॉजीटिव मिले है। एक्टिव केस की संख्या भी 60 हो गई है।

डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि न्यू फ्लोरा कॉम्पलेक्स भुवाणा निवासी 63 वर्षीय बुजुर्ग गत 24 दिसम्बर को माइल्ड सिम्प्टोमैटिक कोरोना पॉजीटिव पाया गया इसके पश्चात उनका सैम्पल 2 जनवरी को जीनम सिक्वेंस के लिए भेजा गया जहां 4 जनवरी को प्राप्त रिपोर्ट में उनमें ओमीक्रॉन वेरिएंट की पुष्टि हुई है। वहीं प्रभात नगर सेक्टर निवासी एक 70 वर्षीय वृद्धा 25 दिसम्बर को पॉजीटिव मिली। 31 दिसम्बर को महिला का सैम्पल जिनक सिक्वेंस के लिए भेजा गया जहां उनमें ओमीक्रॉन वेरिएंट होने की पुष्टि हुई है। दोनों ही संक्रमितों की रिपोर्ट डबल नेगेटिव हो चुकी है वहीं दोनों घर पर होम आइसोलेटेड व वैक्सीनेटेड भी है।

■ ओमीक्रॉन वेरिएंट के दोनों ही संक्रमितों की रिपोर्ट डबल नेगेटिव

■ जिले में कोरोना संक्रमितों का ग्राफ एकदम बढ़ा, एक्टिव केस 60

खराड़ी ने बताया कि संक्रमितों में शहरी क्षेत्र में मिले 19 संक्रमितों में 6 कोरोना वॉरियर्स, 10 नए संक्रमित व 3 क्लौज कांटेक्ट है। ग्रामीण क्षेत्र में 09 संक्रमितों में 03 कोरोना वॉरियर्स, 1 क्लॉज कांटेक्ट व 05 नए संक्रमित है।

# जिनके पास जमीन नहीं, उन्होंने भी 3-3 जगह से उठाया बीमा क्लेम

## दो पटवार मंडल ढंढेला और मलसीसर में ही 8.8 करोड़ का फर्जी क्लेम उठाना सामने आया

**हनुमानगढ़, (निसं)।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत क्लेम अर्जित करने में राजस्थान में टॉप रहे हनुमानगढ़ में अब बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। एसीबी की जांच में दो पटवार मंडलों ढंढेला और मलसीसर में ही 8.8 करोड़ का फर्जी क्लेम उठाना सामने आया है। यहां 1593 बीमा पॉलिसी में फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। हैरानी की बात है कि कई ऐसे लोगों ने बीमा क्लेम उठा दिया, जिनके पास जमीन नहीं है। कई ने तो सरकारी भूमि के खाता या खसरा नंबर का प्रयोग कर फसल खराबा दिखाया और उन्हें क्लेम भी मिल गया।

यही नहीं एक ही फसल का दो-तीन जगह से क्लेम उठाने का मामला भी आया है। अब एसीबी नोहर और भादरा तहसील क्षेत्र की जांच भी करेगी। इसके अलावा कानसर और बोझला ग्राम पंचायत क्षेत्र के दस्तावेज भी जब्त किए हैं। यहां भी बड़ा घोटाला उजागर होने की संभावना है। दरअसल , खरीफ सीजन-2020 में नोहर और भादरा के दो गांवों में करोड़ों रु. के गबन के आरोप में मामल ा एसीबी तक पहुंचा था। अब जांच के बाद इस फर्जीवाड़े का खुल ासा हुआ है। एसीबी के एसपी गगनदीप सिंगला के नेतृत्व में 3 एएसपी, 1 डीएसपी व 2 सीआई जांच करेंगे।

■ कई ने तो सरकारी भूमि का खसरा नंबर का प्रयोग कर फसल खराबा दिखाया और उन्हें क्लेम भी ले लिया

मल सीसर में कुल रकबा 3403 हेक्टेयर, पर बीमा 3786 हेक्टेयर का उठा दिया। मल सीसर पटवार मंडल में कुल रकबा 3403.999 हेक्टेयर है। ले किन खरीफ सीजन-2020 में बीमा 3786 हेक्टेयर का हुआ। ढ गिरदावरी रिपोर्ट में 341 हेक्टेयर में मूंग की फसल का बिजान था, 835 हेक्टेयर रकबे में मूंग का बीमा करवाकर क्लेम उठा।

एसीबी जांच में सामने आया कि एक ही जमीन का कई जगह दो बार तो कई जगह तीन बार बीमा करवाया गया। मल सीसर व्यवस्थापक ने अधिकतर बीमा पॉलि सी अपनी आईडी से बनाई। जिन लोगों की बीमा पॉलि सी पंजाब नेशनल बैंक में थी, उनकी दूसरी बार पॉलि सी ग्राम सेवा सहकारी समिति में भी बनाई गई। इन्हें दोनों जगह क्लेम मिला। सहकारी समितियों से जुड़े कई कार्मिकों व संबंधित ल ोगों ने फर्जी तरीके से खुद के और परिजनों के नाम पर खुद ही बीमा पॉलिसियां बनवाई और क्लेम उठा लिया।

खेत किसी और के नाम से, बीमा क्लेम उठा किसी दूसरे के नाम से, नोहर के पटवार मंडल ढ ंढ ेल ा में फर्जी नाम से फसल बीमा पॉलि सी करवाकर क्लेम उठाने के ज्यादातर मामल े उजागर हुए हैं। बीमा कंपनी के जमाबंदी रिकॉर्ड में मोहनी देवी पत्नी रामकुमार खातेदार दर्शाया। राजस्व रिकॉर्ड में ढ ंढ ेल ा पटवार मंडल के ढ ंढ ेल ा बारानी के खाता संख्या 301 भूमि का असल ी स्वामित्व हरिराम पुत्र गोविंदराम स्वामी है। सुमन पत्नी सुरेश कुमार निवासी सेजरासर तहसील ल ूणकरणसर के नाम से बीमा पॉलि सी करवाई गई, जबकि उस जमीन का असल स्वामित्व सुमन पुत्री इंद्राज सिंह जाट होना पाया गया।

गगनदीप सिंगल ा, एसपी, एसीबी, बीकानेर ाका कहना है कि कई प्रकार का फर्जीवाड़ा कर पॉलि सी करवाकर करोड़ों रुपए का बीमा क्लेम उठाने का मामल ा सामने आया है। प्रथमदृष्टया अभी तक सिर्फ दो पटवार मंडल में ही करीब 8.8 करोड़ रु. घोटाल ा मिल ा है। इसे देखते हुए नोहर-भादरा तहसील के अन्य पटवार मंडल ों के दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं।

# बीकानेर में दूसरे दिन कोरोना के एक साथ 36 केस निकले

**बीकानेर, (कासं)।** जिलें में मंगलवार को 36 पॉजिटिव आने के बाद बुधवार को फिर 36 कोरोना केस सामने आने से एक्टिव केस की संख्या अब सौ पार कर गई है। बुधवार दोपहर में आई रिपोर्ट में बीकानेर में दो स्कूली बच्चों को भी कोरोना हुआ है। इनमें एक बच्चा सिविललाइन्स का है तो दूसरा वर्द्धमान कॉलोनी व तीसरा बीछवालएरिया से है। बीकानेर में पॉजिटिव रेट भी तीन प्रतिशत तक पहुंच गई है।

पॉजिटिव में एक महिला रोगी पुलिस महानिरीक्षक कोठी के पास से है। इसके अलावा रानी बाजार, गंगाशहर, आर्मी केंट, पुरानी गिन्नाणी, बिन्नाणी चौक, मुक्ता प्रसाद नगर, रामपुरा, जस्सूसर गेट, जेलवेल, जयनारायण व्यास कॉलोनी, ड्यूप्लेक्स कॉलोनी, बीएसएफ, कांता खतुरिया कॉलोनी, वर्द्धमान नगर, पुलिस लाइन, गोगागेट, जनता प्याऊ, सिविललाइन्स, गंगाशहर, बसंत विहार, बीछवाल, मुरलीधर व्यास नगर, धरणीधर मंदिर के पास, गोपीनाथ भवन के पास और अंत्योदय नगर में पॉजिटिव केस मिले हैं। इसके अलावा श्रीडूंगरगढ़ में भी एक पॉजिटिव है।

■ रिपोर्ट में बीकानेर में दो स्कूली बच्चों को भी कोरोना हुआ है

■ आर्मी केंट एरिया से बुधवार को तीन नए कोरोना संक्रमित सामने आए

कोरोना का खतरा आम आदमी को नहीं बल्कि सुरक्षा से जुड़े लोगों को भी है। आर्मी केंट एरिया से बुधवार को तीन नए कोरोना संक्रमित सामने आए हैं, जबकि बीएसएफ का एक जवान भी पॉजिटिव है। इसके अलावा पुलिस लाइन व सिविल लाइन से भी कारोना संक्रमित मिल रहे हैं। जिन कॉलोनियों में सर्वाधिक रोगी मिल रहे हैं, उनमें जयनारायण व्यास कॉलोनी, मुरलीधर व्यास कॉलोनी प्रमुख है। बुधवार को मुरलीधर व्यास कॉलोनी से दो रोगी मिले, जबकि मुक्ता प्रसाद नगर से तीन केस आए हैं। कांता खतुरिया कॉलोनी से बुधवार को तीन रोगी मिले। जयनारायण व्यास कॉलोनी से भी बुधवार को कोविड रोगी मिला है।

# रेप के आरोपी को 20 साल की जेल

**डूंगरपुर, (निसं)।** बच्ची से रेप के मामले में चचेरे भाई को 20 साल जेल की सजा सुनाई गई है। नाबालिग होने के कारण आरोपी को बाल संप्रेषण गृह में रखा जाएगा। 21 साल उम्र होने पर जेल भेजा जाएगा। कोर्ट ने 41 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

विशिष्ट लोक अभियोजक योगेश जोशी ने बताया कि नाबालिग पीडिता की मां ने रामसागडा थाने में केस दर्ज करवाया था। बताया कि 13 नवंबर 2020 को वह अपनी दोनों बेटियों को घर पर अकेला छोडकर खेत में गई थी। पति मजदूरी करने गए थे। शाम को वापस घर लौटी तो 7 साल की नाबालिग बेटी ने आपबीती बताई। उसने बताया कि पडौस में रहने वाला चचेरा भाई घर में आया और उसके साथ गलत हरकत की। इसके बाद पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया।

# स्टेट जीएसटी टीम की छापेमार कार्रवाई

**पाटन, (निसं)।** नीमकाथाना शहर में शाहपुरा रोड स्थित पवन मोटर्स की दुकान, गोदाम व घरों पर स्टेट जीएसटी टीम द्वारा बुधवार सुबह 10 बजे छापेमार कार्रवाई होने से हड़कंप मच गया। देर शाम तक जीएसटी अधिकारियों की टीम से माल की गिनती नहीं हो पाई।

छापेमार कार्रवाई में जीएसटी विभाग जयपुर से करीब 15 लोगों की टीम पवन मोटर्स की दुकान, घर सहित गोदामों पर जीएसटी चोरी की जांच में छापेमार कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। ज्वाइंट कमिश्नर रवि जैन से दूरभाष पर संपर्क करने पर बताया कि हमारे अधिकारियों द्वारा नीमकाथाना में पवन मोटर्स की फर्म पर जीएसटी जांच की कार्रवाई की जा रही है संपूर्ण दस्तावेज आने के बाद जांच करने पर ही जीएसटी चोरी का खुलासा हो पाएगा।

■ जीएसटी विभाग जयपुर से आई करीब 15 लोगों की टीम ने कार्रवाई की

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार करोड़ों रुपए जीएसटी चोरी, लेनदेन, उधारी सहित दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। बता दें कि उक्त फर्म मोटर्स पार्ट्स एवं क्रेशर प्लांट मशीनरी के पार्ट्स का बड़ा व्यापारी बताया जा रहा है जिनके निवास स्थान पर भारी मात्रा में मोटर्स पार्ट्स का स्टॉक मिलने की सूचना है। इस दौरान छापेमार कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया।

# कोटपूतली में 5 पॉजिटिव मिले

**कोटपूतली, (निसं)।** ब्लॉक में बुधवार को 5 नये पॉजीटीव मरीज सामने आये हैं। वहीं इससे पूर्व मंगलवार को 3 व रविवार को 1 मरीज कोरोना पॉजीटीव पाये गये थे। बीडीएम जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ. अश्वनी गोयल के अनुसार बुधवार को कस्बे के श्याम मंदिर के पास निवासी व्यक्ति, ग्राम टापरी निवासी एक 31 वर्षिय युवक, कस्बे के वार्ड नं. 21 निवासी महिला, ग्राम कुजोता निवासी युवक व अल्ट्राटेक कॉलोनी मोहनपुरा निवासी युवक की जाँच रिपोर्ट पॉजीटीव पाई गई है। उक्त पाँचों मरीज कोरोना के किस वायरस से संक्रमित है इसके लिए सैम्पल जयपुर भेजे गये हैं।

**बोराज में एक कोरोना पॉजिटिव मिला :-** कस्बे में मंगलवार को जांच में एक कोरोना पॉजिटिव मिला। सीएचसी प्रभारी डॉ. राजेन्द्र कुमावत ने बताया कि कोरोना पॉजिटिव कन्हैयालाल कुमावत 68 वर्ष को होम क्वारेंटाइन किया गया एवं बुधवार को सम्पर्क में आये लोगों के सैम्पल भेजे।

# अलवर में कोरोना के 79 पॉजिटिव मिले

**अलवर, (निसं)।** बुधवार को कोरोना के 79 केस सामने आए हैं। इससे एक दिन पहले 39 पॉजिटिव आए थे। उसके पहले दिन 17 कोरोना संक्रमित आए थे। अब हर दिन दोगुने केस आने लगे हैं। कोरोना की तीसरी लहर लगातार बढ़ रही है । हॉस्पिटल में मरीज नहीं के बराबर है लेकिन संक्रमण की रफ्तार पहली व दूसरी लहर से भी तेज है। सबसे अधिक अलवर शहर से कोरोना संक्रमित आए हैं।


# ट्रेलर से टकराई प्राईवेट बस, चालक समेत 10 घायल

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा के समीप चूना फैक्ट्री एचपी पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार ट्रेलर के अचानक ब्रेक लगा देने से पीछे आ रही एक प्राईवेट बस उसमें जा घुसी लेकिन जैसे -तैसे सवारियों की जान बचाई। सामाजिक कार्यकर्ता बजरंगलाल यादव ने तुरंत पावटा सीएचसी फोन कर एंबुलेंस बुलाई वहीं प्रागपुरा पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे प्रागपुरा थाने के पुलिसकर्मियों ने बस में फंसें लोगों को बाहर निकला। बस के चालक समेत 8-10 लोगों को चोटें आई है जिन पर उनको उपचार के लिए पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया । गंभीर घायलों को उपचार के लिए कोटपूतली बीडीएम हॉस्पिटल के लिए रैफर किया गया।

# नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म व हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**टोंक, (निसं)।** बालकों का संरक्षण अधिनियम व विशिष्ठ न्यायाधीश पोक्सो नुसरत बानो ने जिले के पुलिस थाना अलीगढ़ क्षेत्र में करीब दो साल पूर्व एक नाबालिग स्कूली छात्रा की दुष्कर्म के बाद स्कूल की बेल्ट से गला घोटकर निर्मम हत्या के सनसनी खेज मामले में बुधवार को फैसला सुनाते हुये आरोपी महेंद्र मीणा को दोषी करार देते हुये मृत्यु पर्यंत(आजीवन कारावास) की सजा से दंडित करने के साथ ही 1 लाख 70 हजार रू.के अर्थदंड से दंडित किया है।

एफएसएल व डॉग स्कॉट की मदद के अलावा पुलिस ने तकनीकी साधनों की मदद से साक्ष्य जुटाने पर पता चला कि नाबालिग के गांव का ही रहने वाला आरोपी महेंद्र उर्फ धोलू मीणा जो ड्राईवरी करता है और घटना की रात से ही फरार है। इस पर पुलिस ने कई टीमें लगाकर आरोपी महेन्द्र को दो दिन बाद ही गिरफ्तार कर उसके खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र पोक्सो कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोई भी वकील इस के पक्ष में पैरवी करने के लिये खडा नहीं हुआ। कोर्ट में पीड़ित पक्ष की तरफ से गुलजार अहमद ने पक्ष रखते हुए कुल 35 गवाहों के बयान न्यायालय में लेख बंद करवा कर 169 दस्तावेज प्रदर्शित किये। आरोपी के सगे भाई राधेश्याम के बयान सहित कुल 35 गवाहों ने खिलाफ में गवाही दी, जिसके बाद पोक्सो अदालत ने फैसला सुनाया।



छात्रा से दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोपी को लेकर जाती हुई पुलिस।

# बम फटने से चरवाहा घायल

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** जैसलमेर से लगती भारत-पाकिस्तान सीमा पर किशनगढ़ फील्ड फायरिंग रेंज में बुधवार को बम के फटने से चरवाहा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को गंभीर अवस्था में रामगढ़ अस्पताल लाया गया ,जहां प्राथमिक उपचार के बाद जैसलमेर के जवाहिर अस्पताल लाया गया। हादसे में घायल कुटल सिंह के एक हाथ का पंजा उड़ गया , साथ ही उसके पैरों और हाथों में गंभीर चोट आई है। घायल कुटल सिंह (32) निवासी सेउवा ने बताया कि मवेशियों को चराते वक्त ये हादसा हुआ। उसने बताया कि उसकी भेड़-बकरियां चरते हुए फील्ड फायरिंग रेंज में घुस गई थीं। किशनगढ़ फील्ड फायरिंग रेंज में बहुत सारी संख्या में बम पड़े थे । उसने एक बम को जैसे ही हाथ में लिया तभी ये हादसा हो गया।

# न्यायाधीश सीधी भर्ती परीक्षा: बाध्यता समाप्त करने की याचिका खारिज

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने जिला न्यायाधीश की सीधी भर्ती परीक्षा के साथ आवेदकों से दस ऐसे मामलों के फैसलों, जिनमें उनका योगदान रहा हो, की बाध्यता को समाप्त करने के लिए दायर एक याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया था कि यह बाध्यता सेवा नियमों के तहत नहीं आती है। सेवा नियमों को चुनौती नहीं दी जा सकती है।

राजस्थान उच्च न्यायालय ने 5 सितम्बर 2021 को जिला न्यायाधीश की पदों की सीधी भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। इन पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से ऑन लाइन आवेदन के साथ कुछ डॉक्यूमेंट्स मांगे गए थे । इसके तहत अभ्यर्थी को गत सात साल के दौरान विभिन्न कोर्ट में उसकी तरफ से पैरवी करने के बाद आए दस केस के फैसलों की जानकारी मांगी गई थी। आवेदन के साथ उनका उल्लेख करना अनिवार्य था। मुख्य परीक्षा से पहले इन फैसलों की सत्यापित प्रतिलिपि भर्ती बोर्ड के समक्ष पेश करनी थी।

■ जिला जज के पदों की सीधी भर्ती के लिए मांगे थे आवेदन

उदयपुर के लक्ष्मीलाल साल्वी व नथूलाल मेघवाल ने इस शर्त की बाध्यता को चुनौती दी। मुख्य न्यायाधीश अकील कुरैशी और न्यायाधीश रामेश्वर व्यास की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि राजस्थान ज्यूडिशियल सर्विस रूल्स में इन नियमों का साफ प्रावधान है। नियम 36(1) में साफ लिखा है कि जिला न्यायाधीश पद के लिए आवेदक 35 से कम व 45 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिये। साथ ही अनुभव भी होना आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए दस फैसलों के बारे में जानकारी मांगी गई है। ऐसे में इस शर्त को हटाया नहीं जा सकता है। सर्विस रूल्स को चुनौती भी नहीं दी जा सकती है। ऐसे में खंडपीठ ने यह याचिका खारिज कर दी।

# डिवाइडर कूद ट्रक ने कार को मारी टक्कर, 4 मरे



भीलवाड़ा-अजमेर राजमार्ग पर बेरा के निकट क्षतिग्रस्त हुई कार।

**भीलवाड़ा (निस)।** जिले के रायला थाना क्षेत्र में भीलवाड़ा-अजमेर राजमार्ग पर बेरा के निकट बीती देर रात कार और ट्रक में हुई भीषण टक्कर में 4 जनों की मौत हो गई। कार में सवार मृतक राजमंसद जिले के रेलमगरा थाना क्षेत्र के अमरपुरा गांव के निवासी थे। रायला थाना पुलिस ने चारों शवों को रायला स्थित मोर्चरी में रखवाया।

जानकारी के अनुसार बेरा के निकट भीलवाड़ा की ओर से जा रहे ट्रक ने सामने से आ रही कार को डिवाइडर तोड़ते हुए विपरीत दिशा में जाकर अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में कार में सवार अमरपुरा निवासी प्रताप गाडरी उनकी पत्नी सोहनी गाडरी और बेटे देवीलाल के साथ ही परिवार के एक अन्य सदस्य देवीलाल की मौत हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी की कार के परखच्चे उड़ गए और हाइवे पर जाम लग गया। सूचना पर हाईवे पेट्रोलिंग और रायला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कार में फंसे शवों को बाहर निकालने के लिए क्रेन की मदद ली । चारों शवों को बाहर निकाल कर रायला स्थित अस्पताल पहुंचाया।

# अजमेर में एक ही दिन में 94 कोरोना पॉजिटिव निकले

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर शहर कोविड 19 कम्यूनिटी स्प्रेड का रूप ले चुका है। एक ही दिन में 94 नए पॉजिटिव केस सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। अजमेर में मरीजों की कॉन्टेक्ट हिस्ट्री खंगाल कर संपर्क में आए ल ोगों के भी सैंपल बढ़ाए जा रहे हैं। शहर का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां कोविड के नए मामल े सामने नहीं आ रहे हों। बुधवार को 34 टीकाकरण केन्द्रों पर टीके लगाए गए।

# बाड़मेर में कोविड के 17 मरीज मिले

**बाड़मेर, (निसं)।** बाड़मेर जिले में बुधवार को कोविड-19 के 17 पॉजिटिव मरीज पाए गए। सीएमएचओ डॉ. बीएल विश्नोई ने बताया कि बुधवार को बालोतरा के 11 केस, बाडमेर के 4, सिवाना से 1 और बायतु से एक केस पॉजिटिव मिले है। स्वास्थ विभाग के अधिकारियों का कहना है की यदि लोगों द्वारा समय पर टीकाकरण नहीं करवाया गया और कोविड-19 अनुरूप व्यवहार जैसे कि मास्क पहनना, बार बार हाथ धोना एवं दो गज की दूरी बनाए रखना का पालन नहीं किया गया तो बाडमेर में तीसरी लहर की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# चूरू में 4.0 एमएम बारिश, चने की फसल को मिला पानी

## मावठ से किसानों के चेहरे चमके, जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त



चूरू में बारिश के बाद मुख्य सड़कों पर जगह-जगह पानी एकत्रित हो गया।

**चूरू, (का.सं.)।** शेखावाटी अंचल में आज मावठ होने से किसानों के चेहरे चमकने लगे हैं। यहां बिरानी चने की फ़सल को पानी की बहुत आवश्यकता थी। आज हुई बारिश चने की फसल के लिए काफी लाभदायक साबित होगी। यहां एक किसान ने कहा कि आज तो चणा की फसल मं घी सो घलग्यो।

मौसम विभाग के अनुसार चूरू में आज 4.0 एम एम बारिश हुई है। आज यहां न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। आज यहां दिनभर हल्की बारिश होती रही। सूर्य देवता के दर्शन नहीं होने से जनजीवन भी अस्त व्यस्त रहा । आंखों के अस्पताल के पास, नगरपरिषद के निकट, भरतिया अस्पताल के आगे, रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के आगे, पुराना बस स्टेण्ड, नया बास सहित विभिन्न कॉलोनियों व शहर के भीतरी भाग में जगह-जगह पानी एकत्रित हो गया।

यहां परेशान वाहन चालक व अन्य लोग नगरपरिषद और जनप्रतिनिधियों को कोसते रहे। उधर फतेहपुर शेखावाटी के कृषि अनुसंधान केंद्र पर न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस तथा अधिकतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है।

# राजसमंद मुख्यालय सहित कई क्षेत्रों में हुई बारिश

**राजसमंद, (निसं)।** पश्चिमी विक्षोभ के चलते लगातार मौसम में परिवर्तन जारी है। आरके जिला चिकित्सालय, नाथद्वारा उप चिकित्सालय के आउटडोर सहित जिले भर के सीएचसी एवं पीएचसी पर में सर्दी, खांसी, जुखाम, बुखार के मरीज पहुंच रहे हैं।

शाम करीब तीन बजे जिला मुख्यालय सहित नाथद्वारा, केलवा, कुंवारिया, मोही, धोइन्दा, राजनगर, पीपरडा, बडारडा आदि आस-पास के क्षेत्रों में बादलों की गडगहाडट के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 2 डिग्री गिरावट के साथ 23 डिग्री से. दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री की बढ ोत्तरी के साथ 14 डिग्री से. दर्ज किया गया। वहीं मंगलवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री एवं न्यूनतम तपमान 7.5 डिग्री से. दर्ज किया गया।

राजसमंद में अगले 4 दिनों तक भी मौसम खराब रहने की संभावना है।

■ राजसमंद में फिर से बदला मौसम, छाए रहे बादल

■ न्यूनतम तापमान में 6.5 डिग्री की बढत

मौसम विभाग का अनुमान है कि 8 जनवरी तक बादल व कोहरा छाया रहेगा और मौसम में ठंडक कम रहेगी। बादल छाए रहने के साथ-साथ बरसात हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. जगदीश चौधरी ने बताया कि मौसम खराब होने के पीछे पश्चिमी विक्षोभ का असर है। उन्होंने बताया कि जिले में खण्ड बारिश के साथ ही हल्की ओलावृष्टि होने की भी संभावना है। बारिश जहां एक ओर रबी की फसल के लिए जहां वरदान साबित हो सकती है, वहीं खेतों में खडी सब्जियों व अन्य फसलों के साथ ही मवेशियों के लिए रखा खाकला आदि के लिए नुकसानदायी साबित हो सकती है।

# तेज रफ्तार डंपर ने युवक को कुचला, शव को सड़क पर रखकर विरोध में उतरे लोग

## निवारू रोड पर हुआ हादसा, दो घंटे तक चलता रहा विरोध-प्रदर्शन

-कार्यालय संवाददाता-


**जयपुर**। झोटवाड़ा इलाके में निवारू रोड पर बुधवार दोपहर हॉट मिक्स प्लांट के एक डम्पर ने स्कूटी सवार युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

गुस्साए लोगों ने घटना के बाद रोड जाम कर दिया। करीब दो घंटे तक शव को सड़क पर रखकर विरोध-प्रदर्शन भी किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाइश कर मामला

■ टक्कर मारने के बाद डंपर चालक फरार हुआ, पुलिस टीम तलाश में जुटी

शांत कराया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। पुलिस के अनुसार मृतक ज्ञान चंद (22) पुत्र महावीर सैनी निवासी ओम वाटिका, हाथोज सब्जी बेचने का काम करता था। वह बुधवार दोपहर करीब 2 बजे स्कूटी से निवारू रोड पर कहीं जा रहा था।

इस दौरान एक हॉटमिक्स प्लांट के रोडी मिक्सर डम्पर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोग सैकड़ों की संख्या में इकट्ठा हो गए। उन्होंने मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों को करीब दो घंटे तक शव नहीं उठाने दिया। शव को सड़क पर विरोध-प्रदर्शन शुरु कर दिया। तब झोटवाड़ा सर्किल के थानों के अलावा अतिरिक्त पुलिस जाब्ता मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने गुस्साए लोगों से हटने को कहा। पहले विरोध हुआ बाद में समझाइश पर लोगों ने रास्ता खोल दिया। ज्ञानचंद की मौत की खबर सुनकर घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने डम्पर जब्त कर चालक की तलाश शुरू की है।



**निवारू रोड पर बुधवार दोपहर तेज रफ्तार में दौड़ रहे एक डम्पर ने स्कूटी सवार युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। इस हादसे से गुस्साए लोगों ने दो घंटे तक शव को सड़क पर रखकर विरोध-प्रदर्शन किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

## स्टेट कोविड कंट्रोल रूम फिर शुरू हुआ

**जयपुर** (कासं)। राज्य में करोना संक्रमण के केस बढ़ने के साथ ही राज्य सरकार ने स्टेट लेवल कोविड कंट्रोल रूम फिर शुरू कर दिया है। इस कंट्रोल रूम में राउंड द क्लॉक वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कंट्रोल रूम में हर समय दो आरपीएस और एक आरएएस अफसर मौजूद रहेंगे। ये कंट्रोल रूम जिलों के कंट्रोल रूम से जुड़ा रहेगा और किसी भी स्थिति में सहायता के लिए दूसरे विभागों से समन्वय करेगा। कंट्रोल रूम अस्पतालों में ऑक्सीजन, बेड की उपलब्धता की लगातार मॉनीटरिंग भी करेगा। सीआईडी सीबी के डीआईजी अनिल कुमार टांक को इसका को-ऑर्डिटनेटर बनाया गया है।

## संगीता बेनीवाल ने जेकेलोन अस्पताल में देखा टीकाकरण

**जयपुर** (कासं)। राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष संगीता बेनीवाल बुधवार को जेके लोन अस्पताल पहुंची। यहां के टीकाकरण केंद्र पर उन्होंने टीकाकर्मियों से जानकारी ली। साथ ही टीका लगवाने के लिए पहुंचे बच्चों से भी बात की। उन्होंने केंद्र में सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों के टीकाकरण करने और उनका ऑब्जरवेशन के बाद उन्हें घर भेजने की व्यवस्था को सराहा। इस मौके पर जेके लोन कोविड टीकाकरण केंद्र के इंचार्ज डॉ. धनराज बागड़ी भी मौजूद रहे।

# होटल डेज का कमरा सील, एफएसएल ने साक्ष्य जुटाये

## नाबालिग को नशा देकर गैंगरेप करने के मामले की जांच में जुटी जवाहर सर्किल थाना पुलिस

**जयपुर** (कासं)। पुलिस ने होटल डेज को पहरे में लेकर दुष्कर्म की गुत्थी सुलझाना शुरू कर दिया है। बुधवार को एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाकर कमरे को सील कर दिया है। मामला जवाहर सर्किल इलाके में एक नाबालिग मॉडल को नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म से जुड़ा है। पुलिस अब पीड़िता के साथ गैंगेरप की भी बारीकी से पड़ताल कर रही है।

पुलिस के मुताबिक दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग है और वह मॉडलिंग से जुडी है। नए साल का जश्न मनाने वह अपने दोस्त के साथ होटल डेज के जी क्लब में गई थी। इसी दौरान उसकी दोस्त के परिचित ध्रुव प्रजापत (30) निवासी गुजराज ने उसे नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाई तो वह बेहोश हो गई। एक कमरे में उसे होश आया तो आबरू तार-तार देख वह आपा खो बैठी। पीड़िता ने ध्रुव पर दुष्कर्म का आरोप लगाकर होटल में हंगामा किया। उसने होटल की बदनामी का हवाला देकर होटल मालिक और मैनेजर पर भी दुष्कर्म के साक्ष्य मिटाने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए थे। बताया जा रहा है कि पीड़िता को पहले धमकियां दी गईं। वह नहीं डरी तो पैसों

■ नये साल के जश्न पर हुई थी वारदात, पीड़िता ने नामजद मुकदमे दर्ज करवाये

का लालच देकर मामला रफा-दफा करने का दबाव बनाया। दुष्कर्म पीड़िता ने होटल मालिक अक्षय गुरनानी, मैनेजर दीपक शर्मा और सिक्योरिटी मैनेजर राजेंद्र शेखावत पर दुष्कर्म के साक्ष्य मिटाने का दबाव बनाने के आरोप लगाए हैं। धमकियों से तंग पीड़िता ने मंगलवार रात थाने पहुंचकर आपबीती बताई तो पुलिस हरकत में आने से होटल प्रबन्धन से लेकर दुष्कर्मी में खलबली मची।

पुलिस ने उस कमरे को सील कर दिया है जिसमें बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ। बुधवार को होटल पहुंची एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले जिसमें संदिग्ध नाबालिग के साथ दिखाई दे रहा है। पुलिस फुटेज को भी अपने कब्जे में लिया है। पुलिस अब पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट की पड़ताल कर अदालत में बयान के बाद आरोपी पर शिकंजा कसेगी।

## 'चिरंजीवी योजना से वंचित परिवारों को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलेगा'

**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल पर प्रदेश में हर परिवार को मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से जोडने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के लिए मुख्यमंत्री ने 36 करोड रूपए के वित्तीय प्रावधान की मंजूरी दी है। अभियान के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी परिवार जानकारी के अभाव में इस योजना में रजिस्ट्रेशन से वंचित नहीं रहे। अभियान का उद्देश्य सभी प्रदेशवासियों को यूनिवर्सल हैल्थ कवरेज का लाभ उपलब्ध कराना है ताकि बीमार होने की स्थिति में उन्हें एम्पैनल्ड सरकारी और निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज मिल सके। राज्य सरकार की ओर से चलाए जाने वाले इस विशेष अभियान में आशा सहयोगिनी, आंगनबाडी कार्यकर्ता, एएनएम, पंचायतकर्मी जैसे फील्ड स्तर पर सेवाएं दे रहे कार्मिक रजिस्ट्रेशन से वंचित लोगों का सर्वे कर रहे है।

## लघु और मझौले समाचारपत्रों की समस्याओं पर मंथन हुआ

**जयपुर/कानपुर नगर**। एसोसियेशन ऑफ स्मॉल एण्ड मीडियम न्यूजपेपर्स ऑफ इण्डिया की राष्ट्रीय परिषद् की मीटिंग वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसियेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव दत्त चन्दोला ने की। वर्चुअल मीटिंग में देश के कई राज्यों से पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए और अपने-अपने विचार रखे। राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित मीटिंग में सहभाग करने वाले पदाधिकारियों ने सर्व प्रथम बी. आर. कुमार को श्रद्धांजलि दी व कुमार के देहावसान को अपूरणीय क्षति बताया।

मीटिंग में लघु एवं मझोले वर्ग के समाचारपत्रों की समस्याओं पर चर्चा की गई और डीएवीपी विज्ञापन पालिसी-2020 की खामियों को दूर करवाने की मांग रखी गई। देशभर के कई राज्यों से शामिल हुए पदाधिकारियों ने अपने-अपने राज्यों के समाचार पत्रों के सामने आ रही समस्याओं को सामने रखा। डीएवीपी की विभागीय कार्यशैली के प्रति नाराजगी जाहिर की और कहा कि बी ओ सी की कार्यशैली से लघु एवं मझोले वर्ग के समाचार पत्रों की विकास दर प्रभावित हो रही है। इतना ही नहीं लघु एवं मझोले

■ डीएवीपी की विज्ञापन नीति की खामियों को दूर करने की मांग

समाचार पत्रों को बी ओ सी द्वारा नियम-कायदों के नाम पर बहुत परेशान किया जा रहा है जो कि निन्दनीय है। समस्याओं को सुन राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव दत्त चन्दोला ने आश्वासन दिया कि समाचार पत्रों की समस्याओं से सूचना एवं प्रसारण मन्त्रालय, भारत सरकार एवं डीएवीपी (बीओसी) को अवगत कराया जायेगा और उनका उचित हल निकालने की बात रखी जायेगी। वर्चुअल मीटिंग में उप्र से श्याम सिंह पंवार, डी. के. मैथानी, अतुल दीक्षित, महाराष्ट्र से अप्पा साहिब पाटिल, गोरख तावरे, जितेन्द्र जोगड, राजस्थान से डॉ. अनन्त शर्मा, उत्तराखंड से निशा रस्तोगी, डी. डी. मित्तल, आन्ध्र प्रदेश से भूपालम सतीश बाबू, कोंडलराव सेंडीरेड्डी, विजय राजू, पश्चिम बंगाल से नारायण चटर्जी, गुजरात से शंकर एम कतीरा, मयूर बारीचा, कर्नाटक से विद्याधर, असम से किरि रांगहेंग, मध्य प्रदेश से नितिन गुप्ता मौजूद थे।

## नीट परीक्षा में नकल करवाने वाला गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। भांकरोटा थाना पुलिस ने नीट परीक्षा 2021 में नक़ल करवाने वाले गिरोह के एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। डीसीपी (वेस्ट) ऋचा तोमर ने बताया कि मामले में फरार चल रहे आरोपित दिनेश कुमार निवासी फतेहपुर जिला सीकर को गिरफ्तार किया गया है। मामले में अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया जा चुका है। आरोपित दिनेश कुमार जो घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। आरोपित फरारी काटने के लिए नेपाल जा रहा था। पुलिस को भनक लगते ही उसे सीकर रोड हरमाड़ा जयपुर से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया है।

आरोपित से पूछताछ में सामने आया कि उसको 12 सितम्बर को नीट परीक्षा 2021 का प्रश्न पत्र उसके दोस्त पंकज यादव ने व्हाट्सएप पर सॉल्व करने के लिये भेजा था, जिसको उसने तथा अपने दोस्त गोतम वर्मा, सुनील रणवा के द्वार सॉल्व कर उसकी आंसर की व्हाट्सएप के जरिये पंकज यादव को भेजी थी।

## लो-फ्लोर पर बरसाए पत्थर, फायरिंग की अफवाह फैली

**जयपुर**। शिवदासपुरा में मंगलवार देर रात फायरिंग की सूचना महज अफवाह निकली। थानाधिकारी हरिपाल सिंह ने बताया कि देर रात करीब दो बजे तीन युवक महात्मा गांधी अस्पताल के सामने से गुजर रहे थे। इस दौरान उनमें एक युवक ने सड़क पर पत्थर उठाए और वहां खड़ी लो-फ्लोर पर पत्थर बरसाना शुरू कर दिया, जिससे बस के शीशे फूट गए। सुबह लोगों ने बस के शीशे टूटे देख फायरिंग की अफवाह फैला दी। पुलिस को घटनास्थल के पास लगे कैमरों की फुटेज मिली है, जिसमें एक युवक पत्थर फेंकता दिखाई दे रहा है।

# जयपुर में संक्रमण दर बढ़कर 9.29 फीसदी पर पहुंची

## राजधानी में बुधवार को सर्वाधिक वैशाली नगर में 58 और सोड़ाला में 52 रोगी पाए गए हैं

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में बुधवार को नए करोना संक्रमितों का आंकड़ा एक हजार के पार हो गया। इस दौरान जिले में 1138 नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सर्वाधिक वैशाली नगर में 58 और सोड़ाला में 52 रोगी पाए गए हैं। राजधानी में नए भारी संख्या में संक्रमित मिलने के साथ ही संक्रमण दर बढ़कर 9.29 फीसदी हो गई है। वहीं जिले में आज एक मरीज की मौत भी हुई है।

जयपुर में बुधवार को 12 हजार 244 जांच पर 1138 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा वैशाली नगर में 58 और सोड़ाला में 52 नए संक्रमित पाए गए हैं। इस बीच आरपीए में सब इंस्पेक्टर की ट्रेनिंग कर रहे 56 कैडेट्स भी पॉजिटिव मिले हैं। वहीं 2 आईएएस समेत 15 कर्मचारी भी पॉजिटिव मिले है। जयपुर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के डायरेक्टर पुरुषोत्तम शर्मा भी करोना संक्रमित हो गए हैं। साथ ही अल्पसंख्यक मामलात एवं पंचायती राज के सचिव पी.सी किशन और कृषि विभाग के प्रमुख

■ जयपुर में बुधवार को 12 हजार 244 जांच पर 1138 नए करोना संक्रमित मिले हैं।

शासन सचिव दिनेश कुमार भी करोना संक्रमित मिले हैं।

जयपुर सीएमएचओ से मिली रिपोर्ट के मुताबिक टोंक रोड 49, शास्त्री नगर में 47, लालकोठी, अजमेर रोड व बनीपार्क में 34-34, जगतपुरा व जवाहर नगर में 31-31, आदर्श नगर, मालवीय नगर व सी-स्कीम में 30-30, जेएलएन रोड पर 28, सांगानेर में 27, झालाना व पत्रकार कॉलोनी में 25-25, प्रतापनगर व तिलक नगर में 24-24, इंदिरा गांधी नगर में 23, गोपालपुरा व श्याम नगर में 21-21, विद्याधर नगर व सीतापुरा में 20-20, झोटवाड़ा में 18, ब्रह्मपुरी व सिविल लाइंस में 15-15, त्रिवेणी नगर, घाटगेट, राजापार्क व सिरसी में 14-14, अग्रवाल फार्म, एमडी रोड, दुर्गापुरा व जामडोली में 13-13, बरकत नगर, स्टेशन रोड व टोंक फाटक इलाके में 12-12, चांदपोल व मुरलीपुरा में 9-9, हसनपुरा, किरण पथ, जौहरी बाजार, महेश नगर, एसएमएस, मानसरोवर, अम्बाबाड़ी व आमेर में 7-7, बाइस गोदाम, गांधीनगर, रामबाग व खातीपुरा में 6-6, दूदू, सीकर रोड, करतारपुरा व जमवारामगढ़ में 4-4, अजमेरी गेट, आमेर रोड, फुलेरा व भांकरोटा में 3-3, गलता गेट, माणक चौक, किशनपोल, कोटपूतली, शाहपुरा व सिंधी कैम्प में 2-2 तथा एमआई रोड, लुणियावास, बस्सी, बीलवा, छोटी चौपड़, गोविंदगढ़, गुर्जर की थड़ी, हरमाड़ा, जयसिंहपुरा खोर, जालूपुरा, खोहनागोरियान, रामगढ़ मोड़, सांभर, वाटिका और विराट नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 73 संक्रमित ऐसे है जिनका पता सही नहीं मिला है। इस बीच जिले में केवल 26 ही मरीज ठीक हुए हैं। राजधानी में नए संक्रमित मिलने के साथ ही संक्रमण दर बढ़कर 9.29 फीसदी हो गई है।

## 3 लाख किशोरों को लगा टीका

**जयपुर**, (कासं)। प्रदेश में 15 से 18 आयु वर्ग के लिए प्रारंभ हुए टीकाकरण के तीसरे दिन बुधवार को 3.02 लाख लाभार्थियों को कोवैक्सीन की पहली डोज लगी।

चिकित्सा विभाग के अनुसार प्रदेश के 4567 कोविड टीकाकरण केन्द्रों पर इन स्वास्थ्य कार्मिकों द्वारा इस आयु वर्ग के लोगों का वैक्सीनेशन किया गया।

विभाग के अनुसार राज्य में अब तक आठ करोड़ 40 लाख 53 हजार 33 टीके लग चुके हैं। जिनमें चार करोड़ 83 लाख 26 हजार 172 लोगों को पहली खुराक एवं तीन करोड़ 57 लाख 26 हजार 861 लोगों को दूसरी खुराक लग चुकी हैं।

## जयपुर कमिश्नरेट में धारा-144 लागू

**जयपुर**। जयपुर में करोना संक्रमितों की संख्या में वृद्धि को रोकने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के इलाकों में धारा-144 लगाई है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर हैदर अली जैदी ने आदेश जारी सभी रैली, जुलूस, सभा व सार्वजनिक समारोह पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## सार-समाचार

### 500 विद्यार्थियों ने वैक्सीन लगवाई



**जयपुर**, (कासं)। श्रीभवानी निकेतन शिक्षा समिति की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की बैठक 5 जनवरी को आयोजित की गई। इस अवसर पर संस्था के आर्थिक रूप से पिछडे एवं कमजोर वर्ग के कर्मचारियों को शिक्षा समिति के जनरल कॉउन्सिल सदस्य रावल रघुवीर सिंह धूला के सौजन्य से 100 कम्बल वितरित किये गये। इसी के साथ छात्र महाविद्यालय में करोना वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन डॉ. माया हाडा, सहायक आचार्य (नेत्र रोग विशेषज्ञ), एस.एम.एस. हॉस्पिटल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कैम्प में लगभग 500 प्रथम व द्वितीय डोज से 18 आयु वर्ग के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को वैक्सीनेट किया गया। इस अवसर पर शिवपाल सिंह नांगल अध्यक्ष, नगेन्द्र सिंह बगड उपाध्यक्ष, गुलाब सिंह मेडतिया सचिव, राजेन्द्र सिंह जेरठी संयुक्त सचिव, भवानी सिंह शिक्षा सलाहकार, श्याम सिंह मण्ढा कोषाध्यक्ष, जालिम सिंह आसपुरा, दिलीप सिंह छापोली, सम्पत सिंह धमोरा एवं महेन्द्र सिंह जैसलाण सदस्य कार्यकारिणी, डॉ.महेश हापावत प्राचार्य, डॉ. योगेन्द्र सिंह व्याख्याता व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भरतनाट्यम का लालित्य छलका



**जयपुर**,। भारतीय विद्या भवन व इंफोसिस फाउंडेशन कल्चरल आउट रीच प्रोग्राम के तहत चल रही श्रृंखला की 80वीं कड़ी में बुधवार को महाराणा प्रताप सभागार जयपुर में राजस्थान की नामचीन भरतनाट्ययम नृत्गुरु निकिता मुद्गल के निर्देशन में उनकी शिष्याओं ने आंगिक भंगिमाओं व नृत्याभिय समेत मुद्राओं के बेहतरीन संयोजन से भरतनाट्ययम की नयनाभिराम प्रस्तुति दी। कार्यक्रम आंगेकम, अलारिपु, जयतिस्वरम, आयेगिरी नंदिनी, प्रणामु प्राणवकरम की लालित्यपूर्ण नृत्य प्रस्तुति में भरतनाट्ययम के तकनीकी पक्ष उम्दा समावेश किया गया। इसके बाद श्रीरामचन्द्र सलोनी प्रस्तुति से भरतनाट्ययम को विराम दिया गया। इस रंगोत्सव में आग्नेया सिंह, असमी फिलिप,अपराजिता मेड़तिया, दिशा चौधरी, दख्सीनेश्वरी सिद्धा,गौरी ओझा,जान्हवी ठुकराल, नंदिनी तेरापंथी, निशा गर्ग, नेहल माहेश्वरी, पूर्वा शर्मा, स्तुति अठावाल, सोनिया मारवाह, स्नेहा जोहरी, सुहानी शाह, श्रेया व तन्वी खंडेलवाल ने हिस्सा लिया। संस्थान सचिव राजेन्द्र पायल ने बताय कि इसे ऑनलाइन रिकार्डिंग कर दर्शकों से रू-ब-रू कराया जाएगा।

### आरयूएचएस-जयपुरिया का निरीक्षण

**जयपुर**, (कासं)। जयपुर जिला कलक्टर अन्तर सिंह नेहरा ने बुधवार को जयपुर हवाई अड्डे, आरयूएचएस हॉस्पिटल और जयपुरिया हॉस्पिटल का दौरा किया। वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कोविड-19 से बचाव के लिये गाइडलाइन की पालना कराये जाने के सख्त निर्देश दिये। नेहरा ने हवाई अड्डे परिसर में अधिकारियों के साथ बैठक कर अन्य राज्यों और अन्य देशों से आने वाले व्यक्तियों के करोना टेस्ट करने तथा करोना से बचाव की गाइडलाइन की पालना को सख्त तरीके से कराये जाने के निर्देश दिये। नेहरा ने आरयूएचएस और जयपुरिया अस्पताल की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सकों के साथ दोनों अस्पतालों का निरीक्षण किया और कोविड-19 के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

### कॉल गर्ल के सहारे लूटने वाले तीन पकड़े

**जयपुर**। शहर में काल गर्ल का सहारा लेकर लोगों को लूटने वाली गैंग के तीन बदमाशों को कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने सांगानेर इलाके से गिरफ्तार किया है। बदमाशों के कब्जे से 10 मोबाइल सहित कार, बाइक और दस फर्जी नंबर प्लेट जब्त की गई है। डीसीपी (नॉर्थ) परिस देशमुख ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश राहुल यादव (22), यश दूंधला (23) और रवि रेवाला (18) कोटपूतली जिला जयपुर ठाामीण के रहने वाले है। आरोपित कॉल गर्ल्स सप्लाई का कार्य करते हैं व ग्राहक से सम्पर्क होने पर कार में लडकी को बैठाकर सुनसान जगह पर ग्राहक को बुलाते है, जहां कॉल गर्ल को उतारने की कहकर ग्राहक से पैसे व मोबाइल छीन कर भाग जाते हैं। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

### हथियार समेत बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर**। कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने श्याम नगर इलाके में ऑपरेशन आग के तहत कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। डीसीपी (नॉर्थ) परिस देशमुख ने बताया आरोपित सुरेन्द्र चौधरी (22) निवासी दूदू को गिरफ्तार कर कब्जे से एक पिस्टल और दो कारतूस बरामद किए गए हैं। इसके अलावा फर्जी नम्बर प्लेट लगी एक कार भी जब्त की है।

# मेयर मुनेश ने पार्षदों को लैपटॉप बांटे, समितियां बनाने के मुद्दे पर सालभर बाद भी चुप्पी बरकरार

## पिछले वर्ष बोर्ड बैठक में हुई थी 5-5 बीट कर्मचारी व लैपटॉप देने की घोषणा

**जयपुर** (कासं)। हैरिटज नगर निगम में बोर्ड बने एक साल से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन महापौर मुनेश गुर्जर ने ना तो अभी तक समितियों का गठन किया है और न ही दुबारा साधारण सभा की बैठक बुलाई। जबकि 60 दिन के अंतराल में एक बोर्ड बैठक बुलाने का नियम है। बोर्ड मीटिंग नहीं होने के कारण भाजपा-कांग्रेस पार्षदों को वार्ड की समस्याएं रखने को मंच नहीं मिल पा रहा है।

ऐसे में पार्षदों का गुस्सा शांत करने के लिए अब मेयर मुनेश गुर्जर ने पिछली बजट घोषणा के मुताबिक बुधवार को पार्षदों को लैपटॉप वितरित किये। दरअसल गत बोर्ड बैठक में हर पार्षदों को लेपटॉप और 5-5 बीट् कर्मचारी देने का प्रस्ताव पास हुआ था। जिसमें से बीट् कर्मचारी (स्थाई सफाई कर्मचारी) पार्षदों को उपलब्ध करा दिए गए थे,लेकिन लेपटॉप देने का मामला सालभर से अटका पडा हुआ था,जिसके तहत बुधवार को वार्ड पार्षदों को लेपटॉप वितरित किए।

दरअसल सालभर बीत जाने के बाद भी अभी तक हैरिटेज नगर निगम में समितियों का गठन नहीं हो पाया है। हैरिटेज में 100 वार्ड है। जिसमें 44 पार्षद भाजपा के और 47 कांग्रेस व 9 निर्दलीय पार्षद है। ऐसे में 9 निर्दलीय पार्षद के समर्थन से कांग्रेस का बोर्ड बना हुआ है। समितियों के गठन नहीं होने को लेकर कई बार निर्दलीय और कांग्रेस पार्षद विरोध जता चुके है। इस संबंध में निर्दलीय पार्षद विधायकों और मंत्रियों से भी मिल चुके है। वहीं दूसरी ओर भाजपा पार्षद एवं मेयर प्रत्याशी कुसुम यादव ने बताया कि हैरिटेज में निगम का बोर्ड बना एक साल से ज्यादा का समय हो चुका है,लेकिन वार्डों में विकास कार्य अटका पडा हुआ है। अभी तक बोर्ड बैठक नहीं बुलाई गई है। फरवरी माह में बजट बोर्ड होने वाली है। महापौर मुनेश गुर्जर को अपने कुर्सी जाने का डर सता रहा है। ऐसे में पार्षदों को लेपटॉप देकर प्रलोभन दिया जा रहा है, ताकि बोर्ड बैठक के दौरान पार्षद हंगामा नहीं करें और प्रस्तावों को सहमति से पास कराया जा सके।



**हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर और उपमहापौर असलम फारूकी ने बुधवार को वार्ड पार्षदों को लैपटॉप वितरित किये।**

■ सालभर के इस कार्यकाल में दूसरी बोर्ड बैठक बुलाई नहीं, जबकि 60 दिन में बुलाने का नियम है

## जिफ का आगाज कल, 279 फिल्मों की होगी स्क्रीनिंग

**जयपुर**। जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल जिफ का आगाज 7 जनवरी को होगा। जिफ का उद्घाटन पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह, राज्य के मुख्य सचिव निरन्जन आर्य महाराणा प्रताप सभागार में करेंगे। स्क्रीनिंग से पहले ही अवार्डों की घोषणा कर दी गई है। उद्घाटन के दिन ही सभी पुरस्कृत फिल्मों को अवॉर्ड वितरित कर दिए जाएंगे।

जिफ के फाउंडर डायरेक्टर हनु रोज ने बताया कि फिल्म प्रेमियों को शुक्रवार से मालवीय नगर स्थित जीटी सेंट्रल के ऑयनॉक्स में बेस्ट फिल्में देखने को मिलेगी। 8 से 11 जनवरी तक चयनित और पुरस्कृत फिल्मों की इस हाईब्रिड मोड पर कुल 52 देशों की 279 फिल्मों की स्क्रीनिंग होगी। ऑफ लाइन मोड की सभी फिल्मों की स्क्रीनिंग जी.टी. सैंट्रल मॉल स्थित ऑयनॉक्स स्क्रीन-6 और 7 में सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक की जाएगी। इस दौरान कोविड के सभी नियमों का पालन किया जाएगा। बॉलीवुड के जाने-माने स्क्रीन प्ले और डॉयलॉग राइटर जावेद सिद्दीकी को इस बार जिफ के लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा जाएगा। जिफ के 14वें संस्करण के दौरान राजस्थान के सक्रिय और चर्चित 12 फिल्मकारों की फिल्मों की भी स्क्रीनिंग की जाएगी।



## Can pigs look up?

Pigs can look up, but their mobility is limited to about 45% angle and it depends on the fatness of the pig. Wild boars and pigs are able to look up enough to see the sky because they don't have as much neck fat as farm pigs. Pigs can tilt their head up and they can look at the sky sideways and while rolling in the mud. So it's a complete myth that pigs can't see the sky.

#TRIED&TASTED

# Healthy Winter Drinks for Kids

With the onset of rains, it's getting cooler, which means it's time for something warm & comforting! Check out our healthy winter drinks for kids which provides warmth, comfort & nourishment!

When the weather gets cooler, all we want to do is curl up in warm clothes and sip on something creamy and comforting!

And that's exactly what we've brought to you today - warm, comforting as well as healthy winter drinks for kids and the rest of the family. Most of these can be made with ingredients you already have at home, so get ready to brew some yummy stuff that'll make you feel like hugging the mug!

### Healing Turmeric Tea

**Ingredients**

- 2 teaspoon Little Moppet Foods Turmeric Milk Masala
- ½ cup milk
- 1 cup water
- 1 Tablespoon honey



**Preparation**

1 Pour water in a sauce pan and heat on a medium flame.
2 Add the turmeric milk masala and allow the mix to boil. Simmer for 2 minutes.
3 Strain the decoction.
4 Add milk and honey to the decoction and give a quick stir.
5 Pour the tea into a cup and serve hot.

### Peanut Butter Hot Chocolate



**Ingredients**

- 2 cups milk (whole milk, 2% milk, full-fat coconut milk, almond milk, etc).
- 3 oz bittersweet or semi-sweet chocolate (6 tablespoon)
- 1/4 cup creamy peanut butter
- 4 tablespoon granulated sugar (or coconut sugar)
- 1 tablespoon unsweetened cocoa powder
- 1 Teaspoon pure vanilla extract
- 1/8 teaspoon sea salt optional

**Preparation**

1 Add milk chocolate, peanut butter and sugar to a small saucepan and heat over medium heat.
2 Whisk constantly until chocolate is melted and the mixture is smooth.
3 Add cocoa powder, vanilla and salt (if desired) and whisk until completely combined and warm.
4 Cover and remove from heat and let cocoa sit (covered) for 5 minutes before serving if you like thick hot hot peanut butter cocoa serve immediately.

### Raagi Badam Malt With Jaggery

**Ingredients**

*For the Raagi Powder:*

- 1 cup Raagi / fingermillet / Nachni flour
- 1/4 cup almonds
- 1 tsp cane sugar

*For the Raagi Malt:*

- 2/3 cup water about 150 ml
- 1/3 cup whole milk about 50 ml + 2 tablespoon for mixing the flour
- 1-1/2 teaspoon Raagi / finger millet flour
- 2 teaspoon jaggery crushed or grated
- 2 cardamom pods
- 1 teaspoon almond meal or badam finely ground
- Ghee few drops (optional)

**Preparation**

*For Raagi Powder & Almond meal*

1. In a skillet or kadai, dry roast Raagi flour on medium heat until the raw grassy smell goes away, being careful not to burn it. Once cooled, store in an air-tight jar.
2. In a spice grinder or small mixer jar, pulse the almonds with the cane sugar to a fine meal. Take care not to grind it too much or it will end up in almond butter. Sugar helps in grinding almonds to a fine powder.

*For Raagi Badam Malt*

1. Combine water and milk in a heavy bottom saucepan and bring to a boil. Meanwhile, in a small cup, mix roasted Raagi flour in 2 tablespoon milk making sure there are no lumps.
2. Open the cardamom seeds from the pods and store the skin to be used in tea or a recipe later. In a mortar and pestle, grind the cardamom seeds to a fine powder.
3. When the milk comes to a boil, reduce heat to low flame and stir in the Raagi milk. Continue stirring intermittently to see that no lumps are formed, for about 5 mins. If you see any lumps, just smash them with the back of a spoon to dissolve.
4. Switch off the flame, add in jaggery, almond meal, ghee (optionally) and finally sprinkle ground cardamom and mix well.
5. Serve it hot or luke warm garnished with powdered or slivered almonds.
6. If you so like it, sprinkle a dash of good quality cocoa to add a chocolatey twist to it.



'What China will do next' has been a matter of intrigue and much speculation in the arena of world politics. For a country that is obsessed about becoming the greatest and most respected power in the world, nothing seems too much, not even occupying the lands of other countries and claiming them as theirs, says Maroof Raza in his newly released book 'Contested Lands'.






Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*


# Chinese Hotpot and The Veggies...? (...2)




As told by Maroof Raza

#CONTESTED LANDS

In the book it is stated that China's modus operandi is also well known as it has a notoriously long history of walking into other's lands and claiming the territory by changing the ground position and then citing ancient historical claims. China's approach to maps is also different from everyone else's because they are all about Beijing's intentions. Why is China such an expansionist?

China wants to be the world's most pre-eminent by 2050, and the only country that will challenge their rise to that position is the United States of America. Now US is doing everything to prevent that. However, for 25-30 years between 1970 to 2010, US steadily made convenient for China to become rich and powerful thinking that if China becomes rich and powerful, it will join the other rich and powerful western countries. I always say that US has more think tanks that the British Army has, but they still get every solution wrong because they start from the logic that their aim is to show China is rich and wealthy. They believed that once that will happen China will become a part of the western democracy. The point is that they don't do enough homework. Instead of going this way, they should actually study the Chinese mentality and set ups, and then decide on an aim. The US does this mistake every time. In Iraq, they went in with an assumption that they will change the regime and create a democracy. In the process, they destroyed a perfectly functioning country and their other arguments did not withstand whether it was about oil or something else. Now look at the level of human rights abuse in those areas now!




***How is that China is so dominating when it comes to warfare while Pakistan operates through stealth and terrorism?***

**Till** 1947 - 1948, Pakistan was basically the stooge of the British, who wanted to occupy the valley along with the northern area and run it as a semi-autonomous area in which the British could also have a stake. My earlier book on Kashmir has details on it. Pakistan was a two-part operation run by three British officers. When there was first attack in 1947, which came to notice of Nehru, he was so angry that he threw a paper weight on Sardar Baldev Singh. The thing with Nehru was that he liked having stupid people around him so that they could not threaten him with a coup.

Second time, when Pakistan attacked us in 1965, they were told by a think tank in America that if you do the same operation similar to that of 1947 - 1948, with a few modifications, you can easily win and could take over Kashmir. They did that but they didn't expect India to respond with the air force and the entire army, and they were caught on their backfoot. In 1971, they didn't expect India to take over Bangladesh because they thought that they will repeat their actions of 1965 and defeat India. They thought it would be a stalemate with them attacking on the western front as well. They had no idea that India was having a plan to move Russian troops to east Pakistan. Although Dhaka was not the objective, but eventually it became because of the success of the troops on ground.




So, Pakistan has been foolish most of the times. They don't have any strategic thinking. China has been working on a plan on Aksai Chin from the very beginning as they want to control the waters there. And from the waters they also want to control the mineral resources because Aksai Chin is connected to Sinkiang, a place used by Russians earlier to get Uranium they needed for their first nuclear plant. China wanted to replicate the Russian model because Mao believed that having a nuclear weapon was the only certificate needed to be a great power.

However, experts warn that India too must be prepared for consequences as China would instigate Pakistan to ramp up its terror game and show itself more aggressively in the unsettled boundaries around Kashmir, Ladakh and in the Indian Ocean region.......For India, stalling China's northwards movement to the Karakoram Pass is essential to prevent a China-Pakistan military encirclement of India's Leh plateau and Siachen glacier.

***What if Pakistan and China attack India together?***

**This** is what people have been expecting and talking about. Central point to understand is that if Pakistan attacks India, China may not want to attack India. China does not engage in a conflict when it doesn't see a tangible set of goals it can achieve by creating that conflict. China knows that they can cause problems with cyber attacks or even bio terrorism (COVID is a case point here), then why will they attack physically because tactically the Chinese fear Indian troops. Strategically, China has an edge over India. So, China will only attack when it is fully prepared in all dimensions to have a resounding victory over India like they had in 1962, which doesn't seem a possibility in the near future. But if China attacks India, assuming that it feels that all other issues like Taiwan or Japan do not require that much involvement, then Pakistan may use that opportunity to attack India.

In the recent movie Uri, they showed that India could look at and map terror camps using satellites. Is our satellite capacity that great?

China has a better satellite capacity than India, it is only second to US. I was told that the movie really doesn't talk about the reality and it was more or less Bollywood hyped up masala to give the impression that our people operate like the Americans. There were all those helicopters shown. Jargons like mission aborted or copy that were used. Firstly, the term 'copy that' is not used in Indian army. They say 'roger' instead. On the whole, the movie did not accurately depict how our military operates.

Recently, Pentagon has been telling India that there is Chinese build-up near the Indian border. Why do you think that is happening? Why is America so worried about India?

US keeps creating this fear in India of China so that India becomes more and more integrated with America and becomes a part of an alliance. They did that in the 50s and the 60s. If you look at how then the Americans were pushing India into a conflict with China through the IB Chief Bhola Nath Mullick. Its an age old strategy which is designed to create fear and ensure that India goes to America. Once India does that, America will tell them that beyond a point it will only provide assistance to India if it joins America as a full-fledged alliance partner and not engage with countries like Russia. Their primary aim is to get India off Russia and China. India has gone off China but it can't seem to get India out of Russia. So that's why they keep creating these fear syndromes where in because of the fear of a Chinese attack, India may join the Americans. And when India does join America as a full-fledged partner, America will tell India that if they abandon Russia as a defence partner, only then will they completely support India against China. The truth is that these alliances are all about selling weapons. There is nothing good in them.







So, hypothetically speaking, if India does become an alliance partner, will America help in protecting India in the event of a full-blown attack by China?


As far as protecting India. the case point is Taiwan which has been an alliance partner of America for so many years. However, it is only now that America has stated that they will protect Taiwan in case of a Chinese attack. This is also the case with Japan, a country which has been America's sidekick ever since Hiroshima and Nagasaki happened. As per me, Japanese are strange people who sided with the country which literally burnt their people alive. And the only reason why it happened was because after the attacks it was completely destroyed. America rebuilt Japan like it rebuilt Germany. When America rebuilt Japan, they even wrote the constitution of Japan. They built in clauses like Japan would be associated with democracy and left no room for the Japanese to question the wisdom or stupidity of democracy.

> There may be a second strike but the first attacker will get the advantage. In case the same thing happens to India, a more reliable partner would be Russia. In the war of 1971, Russia not only supported India in the UN but also moved 40 divisions on to the Chinese border. Their policy was simple for China. If China attacks India, Russia will attack China, which will definitely distract China and ease the pressure off India.

So, even when Japan had an aerial standoff with the Chinese about the Senkaku islands in the East China Sea, the Americans said that we will only help Japan if it gets hit by the Chinese first. You think Chinese will give a trial punch to Japanese? If the Chinese will hit them to destroy them in one go. What will Americans respond to then? There may be a second strike but the first attacker will get the advantage. In case the same thing happens to India, a more reliable partner would be Russia. In the war of 1971, Russia not only supported India in the UN but also moved 40 divisions on to the Chinese border. Their policy was simple for China. If China attacks India, Russia will attack China, which will definitely distract China and ease the pressure off India.

*Concluded*



writetoarbit@rashtradoot.com

#CHECK-UPS

# Prevention Is Better Than Cure

I'm approaching a 'milestone' birthday; what health checks should I have at my age?



Haven't had a health check in a while, or ever? You're not alone. Most people wait until they're sick to see a GP, so there's not usually much time in a consultation to also talk about preventative health.

So, should you book an appointment with your GP just to talk about what you can do to stay well? And if so what should you be discussing?

### Life Stages Do Matters

Doctors won't check you for everything. It may surprise you there is no evidence that a 'general health check-up' will give you better health outcomes.

Some preventive checks in low-risk and otherwise well patients have shown no benefit, including some blood tests and imaging investigations, such as whole body CTs or MRIs for cancer screening.


As well as being it is a waste of your time and money, there is another concern with generic health screening: it may lead to over diagnosis, which results in additional tests, appointments, anxiety, drugs and even operations. Ironically, this can leave you less healthy.

This is why doctors don't 'check you for everything', but are guided by what you personally would benefit from, based on your individual history, as well as which tests have evidence for their benefits outweighing any harms.

One of your doctor's key considerations will be your age.

### Young Adults (20-30s)

The main evidence-based screening check for young adults is the cervical screening test for women. This is a five-yearly cervical swab which looks for the human papillomavirus (HPV) and pre-cancerous cells.



When young women go for their cervical smear test, several other important preventative discussions often take place, including pregnancy prevention or planning.

As young men don't need an equivalent screening test, they often miss out on the chance to talk about prevention.

Both men and women in this age group should find a GP with whom they feel comfortable discussing STI (sexually transmitted infection) checks, skin cancers, mental health struggles and intimate partner violence.

Even otherwise fit and healthy young adults should consider talking with their GP about what they can do to prevent chronic disease down the track. Health behaviours such as diet, sleep, smoking and exercise levels in young adulthood increase or decrease the risk of developing conditions such as diabetes, heart disease, strokes, and cancer down the track.

Finally, regular checks from dentists and optometrists can pick up problems early.

### 40-50 Year Olds

Despite the adage 'life begins at 40', this is the age at which many of the things that can cause an early death are worth screening for.

Current evidence shows benefits in assessing your blood pressure, cholesterol, and risk of heart disease, diabetes, kidney disease and skin cancer.

If you have a higher risk for certain cancers, then screening for these may start around this age too.

It's also not too late to improve your longevity with some lifestyle changes so discussing things like losing weight, stopping smoking, and improving your exercise are all important.

As with young adults, women should continue getting a cervical smear test every five years. And everyone should consider getting checked by a dentist and optometrist.

Mental health may deteriorate around this age too, because the strain from looking after children, ageing parents and demanding careers can all come to a head. Input from a psychologist may be helpful.

### 50-65 Year Olds

Patients often comment on the 50th 'birthday present' they find in the mail: a stool sample collection kit for colorectal cancer screening. While it's not the highlight of your 50s, it is effective in saving lives through early detection of this cancer, with checks recommended every two years.

Women will also be invited to start mammograms for breast cancer screening every two years.

The third health issue to start screening for in your 50s is osteoporosis, a condition where bones become fragile and your risk of a fracture increases. Osteoporos is is painless and therefore often not discovered until too late. You can start checking your risk for this at home via an online calculator, such as this one from the Garvan Institute. Oral health and eye checks remain important in this age group as well.

### Over-65s

Several immunisations are recommended from the age of 65, including shingles and influenza, as your immunity starts to wane and your risk of serious illness increases.

Other preventative checks include those for your vision, dental health, hearing, and your risk of falls. These often involve allied health providers who can screen, monitor and treat you as needed.

Some of your other regular screening will stop in your mid-70s, including for colorectal, cervical and breast cancer.

### First Nations people

The above age-related recommendations are for those with standard risk factors. First Nations Australians are at higher risk of developing a range of diseases including diabetes, heart disease, kidney disease and certain cancers.


Aboriginal and Torres Strait Islander people may be offered more thorough screening, according to a different timeline, with some checks at earlier ages.

While annual generic 'health checks' aren't recommended, a conversation with your GP will help you work out your specific health risks and screening needs.

Prevention is better than a cure, so make sure you're accessing evidence-based screening and preventative strategies that are right for you.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# इन्वेस्ट बाड़मेर समिट में 3436 करोड़ रूपए के एमओयू और एलओआई हुए

## जिले में करीब 11 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा



बाड़मेर जिले के बालोतरा में इन्वेस्ट बाड़मेर समिट में करोड़ों के एमओयू हुए।

- समिट में श्रम तथा जिले के प्रभारी मंत्री सुखराम विश्नोई, विधायक मदन प्रजापत, संभागीय आयुक्त सहित कई अधिकारी मौजूद रहे

**बाड़मेर,** (निसं)। बालोतरा में लाल बाग रिसोर्ट में आयोजित इन्वेस्ट बाड़मेर समिट में 3436 करोड़ रूपए के एमओयू और एलओआई हुए, जिससे करीब 11 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा एवं जिले का चहुमुखी विकास होगा।

समिट में श्रम एवं कारखाना मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री सुखराम विश्नोई बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। उन्होंने समिट में पहुंचे उद्यमियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विधायक मदन प्रजापत, रीको के निदेशक सुनील परिहार, सम्भागीय आयुक्त एवं जिले के प्रभारी सचिव राजेश शर्मा, जिला कलेक्टर लोक बंधु भी मौजूद रहे। इस मौके पर प्रभारी मंत्री विश्नोई ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में शुरू किया गया इन्वेस्ट राजस्थान एक औद्योगिक क्रान्ति है, जिसके सफल होने से प्रदेश में करोडों का निवेश आएगा और हमारा प्रदेश अन्य प्रदेशों से बढत हांसिल करेगा।

इससे न सिर्फ प्रदेश और जिले का चंहुमुखी विकास होगा, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगारों का सृजन भी होगा। इन्वेस्ट बाड़मेर समिट से उद्योग मंत्री शकुन्तला रावत भी वर्चुअल माध्यम से जुडी और जिले में प्राप्त हो रहे निवेश को लेकर अपनी प्रसन्नता जाहिर की एवं वन स्टॉप शॉप के जरिये सभी निवेश प्रस्तावों को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित करने की मंशा जाहिर की। उन्होंने जिले में निवेश करने वाले उद्यमियों को शुभकामनाए दी।

इस दौरान श्रम मंत्री तथा प्रभारी मंत्री सुखराम विश्नोई, विधायक मदन प्रजापत, संभागीय आयुक्त एवं प्रभारी सचिव डॉ. राजेश शर्मा, रीको के निदेशक सुनील परिहार, जिला कलक्टर लोक बंधु, रिफाइनरी एवं रीकों के अधिकारियों की मौजूदगी में टैक्सटाईल, होटल, वाटर, सोलर, प्लास्टिक प्रोडक्ट से जुड़े करोड़ों रूपये के एमओयू एवं एलओआई पत्र सुपुर्द किए गए।

**इन्वेस्ट बाड़मेर में 3436 करोड़ के एमओयु और एलओआई:-** इन्वेस्ट बाड़मेर समिट में निवेश प्रस्तावों के कुल 3436 करोड़ के 75 एमओयु और 20 एलओआई प्राप्त हुए हैं। जिनमें मै. कांकरिया टैक्सटाइल इण्ड. प्रा.लि. द्वारा डिजिटल प्रिन्टिंग के क्षेत्र में 500 करोड़, सोलथेरम एनर्जी सोलूसन प्रा.लि. द्वारा सोलर थर्मल पॉवर प्लान्ट एण्ड मशीनरी के क्षेत्र में 500 करोड़, मै. सेन्चूरी कॉटन प्रा.लि. बालोतरा द्वारा पॉवरलूम क्षेत्र में 100 करोड़, मै. नवकार ग्रूप ऑफ इण्डिस्ट्रीज द्वारा टेक्सटाइल विविंग युनिट के क्षेत्र में 50 करोड, मै. डेजर्ट विंग पेट्रोकेम प्रा.लि. द्वारा पेट्रो केमिकल प्रोजेक्ट के क्षेत्र में 10 करोड, वेदान्ता द्वारा सेक्टर सोसियल एक्टीविटिज क्षेत्र में 30 करोड, राजटैक द्वारा हॉस्पीलिटी क्षेत्र में 20 करोड़, ट्रांजेक्ट ग्रीन पॉवर द्वारा विला हाउसिंग क्षेत्र में 30 करोड़, सर्वेश्वर कोटस्प्रीन राजेश जिन्दल द्वारा 40 करोड़, हितेश कोटडिया द्वारा जीरा प्रोसेसिंग क्षेत्र में 100 करोड़, जोगेन्द्र सिंह द्वारा होटल कॉम्पलेक्स प्लास्टिक इण्डस्ट्री क्षेत्र में 45 करोड़, मिहिरा होटल एण्ड रिसोर्ट शेलेन्द्र सिंह द्वारा 19 करोड़ शामिल है।

# चंबल की बजरी से भरे दो ट्रक जब्त

## ट्रक को एस्कॉर्ट करने वाली गाड़ी भी पकड़ी


रूपवास पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार किया।

**रूपवास,** (निसं)। भरतपुर की रूपवास थाना पुलिस ने बजरी माफिया के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस ने दो चंबल की बजरी से भरे ट्रक और एक गाडी को भी जब्त किया है। दोनों ट्रक धौलपुर से भरतपुर की तरफ आ रहे थे।

ट्रक के आगे एक गाडी ट्रक को एस्कॉर्ट करते हुए चल रही थी । नाकाबंदी के दौरान जब पुलिस को शक हुआ तो पुलिस ने गाड़ी को रोककर उसमें बैठे दो लोगों से पूछताछ की उसके बाद पीछे आ रहे दोनों बजरी से भरे ट्रक को जब्त कर लिया। घाटोली चौकी इंचार्ज जितेंद्र शर्मा ने बताया की देर रात चौकी पर बजरी माफियाओं की रोकथाम के लिए नाकाबंदी चल रही थी। एक गाडी धौलपुर नंबर की नाकाबंदी से निकली जिसे रोककर उसमें बैठे दो लोगों से पूछताछ की तो वह पुलिस को उनके सवालों का जबाव नहीं दे पाए।

पुलिस दोनों से पूछताछ कर ही रही थी की पीछे से दो चंबल की बजरी से भरे ट्रक आए। बजरी माफिया ने चंबल की बजरी के ऊपर सफेद बजरी बिछा रखी थी पुलिस ने सफ़ेद बजरी को हटा कर देखा तो उसके नीचे चंबल की बजरी थी।

पुलिस को पूछताछ में पता लगा की ट्रक के आगे चल रही गाडी दोनों ट्रक को एस्कॉर्ट करती चल रही थी। जिससे आगे आने वाली पुलिस की चेकिंग से ट्रक ड्राइवरों को आगाह कर सके। ट्रक को एस्कॉर्ट करने वाली गाडी पर बजरी माफिया ने लाल पट्टी लगा रखी थी जिससे वह सरकारी गाडी लगे और वह पुलिस को चकमा दे सकें।

# श्रीगंगानगर : खेत में मिली बमनुमा वस्तु

- जैतसर पुलिस पहुंची मौके पर, आर्मी और इंटेलिजेंस को दी सूचना, बम को करवाया सुरक्षित

**श्रीगंगानगर,** (निसं.)। जिले के जैतसर इलाके में बुधवार को खेत में बमनुमा वस्तु मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों को सुबह इलाके की ग्राम पंचायत जानकीदासवाला के गांव छह एसडी की रोही में बमनुमा वस्तु नजर आई। इस पर उन्होंने इसकी सूचना सरपंच को दी। सरपंच की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस दल ने बमनुमा वस्तु को सुरक्षित करवा दिया है। इस बारे में सेना और इंटेलिजेंस को सूचना दी गई है। मौके पर पहुंचे पुलिस दल ने इस बारे में आसपास के लोगों से पूछताछ भी की।

सुबह गांव छह एसडी की रोही के आसपास जा रहे लोगों ने बम को सबसे पहले देखा। उन्होंने इस बारे में सरपंच धनराज चौहान को सूचना दी। चौहान ने जैतसर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने बमनुमा वस्तु को मौके पर सुरक्षित करवाया। बमनुमा यह वस्तु काफी पुरानी है। इसे जंग लगा है तथा काफी समय से जमीन के अंदर दबी हुई लग रही है।

पुलिस को यह बम आर्मी को होने का अनुमान है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब 22 साल पहले करगिल युद्ध के दौरान इस इलाके में आर्मी का बेस कैंप रहा था। संभवत: उसी समय यह बम यहां रह गया तथा मिट्टी में दबा होने से पहले इसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। बम मिलने के साथ इस बारे में आर्मी और इंटेलिजेंस को सूचना दे दी गई है। सेना का बम डिस्पोजल स्कवॉयड आने के बाद ही बम को यहां से हटाया जाएगा।

# कोविड के बढ़ते खतरे के बीच ऊंट उत्सव इस बार भी नहीं होगा

**बीकानेर,** (कासं)। जिला प्रशासन ने ऊंट उत्सव का आयोजन इस बार भी नहीं करने का निर्णय किया है। ऊंट उत्सव का आयोजन सात से नौ जनवरी तक होना था। गृह विभाग द्वारा जारी की गाइडलाइन की पालना में ये आयोजन स्थगित किया गया। जिला कलेक्टर नमित मेहता की अनुशंसा पर पर्यटन विभाग द्वारा सात से नौ जनवरी तक आयोजित होने वाले ऊंट उत्सव को निरस्त करने की सहमति दे दी है।

दरअसल, इस बार कोरोना के कारण अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट्स बंद है ओर विदेशी सैलानी नहीं आ रहे। ऐसे में सिर्फ देशी पर्यटकों के लिए ये आयोजन हो रहा था। इस बार दरबारी लेक पर अगर आयोजन होता तो पर्यटकों के लिए नया डेस्टिनेशन भी शुरू हो जाता।

# डॉ. जितेंद्र सिंह ने खेतड़ी वन्य अभ्यारण्य में की लेपर्ड सफारी


सीएम के सलाहकार डॉ. जितेन्द्र सिंह ने अभ्यारण्य में बाघों की अठखेलियां देखी।

- मुख्यमंत्री से बात कर जारी करवाएंगे स्पेशल बजट : डॉ. जितेंद्र सिंह

**खेतड़ी,** (निसं)। सीएम सलाहकार डॉ जितेंद्र सिंह बुधवार दोपहर को खेतड़ी वन्य अभ्यारण में पहुंचे जहां उन्होंने लेपर्ड सफारी का आनंद लिया और बाघों की अठखेलियां देखी। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि खेतड़ी वन्य अभ्यारण को सरिस्का की तर्ज पर डेवलप किया जाएगा। इसके लिए जो भी बजट होगा वह अति शीघ्र इस बार बजट घोषणा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से विशेष बातचीत कर जारी करवाया जाएगा। साथ ही केंद्र सरकार को भी मुख्यमंत्री से बात कर स्पेशल बजट के बारे में पत्र लिखा जाएगा।

उन्होंने बताया कि खेतड़ी में पर्यटकों के लिए एक नई सौगात राज्य सरकार दे रही है जो खेतड़ी वन्य अभयारण्य, अजीत विवेक संग्रहालय, खेतड़ी भोपालगढ़, पन्ना सागर तालाब, अजीत सागर बांध सहित सभी स्थलों को मिलाकर एक टूरिज्म हब बनाया जाएगा। आने वाले 6 माह बाद पर्यटकों के लिए नया टूरिज्म स्थल साबित होगा। उन्होंने कहा कि खेतड़ी ठिकाने के समय से यहां वन्यजीव रहा करते थे। बांश्याल रिजर्व कंजर्वेशन में एक दर्जन के करीब बाघ व शावक हैं जिनकी तादाद लगातार बढ़ रही है तथा अन्य वन्य जीव भी अभयारण्य में विचरण कर रहे हैं। उनके संरक्षण के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रेमी गोपाल कृष्ण शर्मा भी यहां आकर हर वर्ष वृक्षारोपण करते हैं जिसके कारण यहां का क्षेत्र हरियाली में बदल चुका है।

साथ ही उन्होंने कहा कि 7 जनवरी को एक बार फिर मैं पूरे वन्य अभ्यारण में लेपर्ड सफारी कर पूरे अभयारण्य का दौरा करूंगा और अधिकारियों से वार्ता कर पूरे अभयारण्य डेवलपमेंट के लिए बजट तैयार करवा कर मुख्यमंत्री से विशेष बातचीत कर बजट घोषणा में बजट पारित करवाएंगे। इस मौके पर डीएफओ आरके हुड्डा, रेंजर को विजय कुमार फगेड़िया, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गोकुल चंद सैनी, समाजसेवी सुभाष तातीजा, बंटी, श्रवण दत्त नारनोलिया, सत्यवान पूनिया , शाहरुख खान, महिपाल सिंह रिणवा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# अवैध गांजा परिवहन के मामले में दो वांछित गिरफ्तार


राजनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दो वांछित आरोपी।

**राजसमंद,** (निसं)। जिले के कुंवारिया थाना क्षेत्र में अवैध रूप से गांजा परिवहन करने के मामले में पिछले करीब डेढ माह से फरार दो वांछितों को राजनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कुंवारिया थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा की गई गश्त के दौरान आरोपी मौके पर अपनी कार छोडकर फरार हो गए थे।

पुलिस ने छापरवाले हनुमान जी पुलिया के पास पहुंचने पर सामने से खण्डेल की ओर से आ रही कार सर्विस रोड पर ही रूक गई और कार में से दो व्यक्ति निकल कर पीछे की ओर भागने लगे। इस पर शंका होने पर पुलिस गश्ती दल ने मौके पर जाकर देखा तो कार में चाबी लगी हुई व स्टार्ट हालत में थी। जबकि दोनों व्यक्ति मौके से फरार हो गए। इस पर पुलिस ने कार की तलाश के लिए स्वतंत्र मौतबीर की तलाश की लेकिन मौके पर स्वतंत्र मौतबीर नहीं मिलने पर कोंस्टेबल नारायणलाल एवं गोविन्द सोनी को स्वतंत्र मौतबीर के रूप मामुर कर कार की तलाशी ली गई तो चालक सीट के पास वाली सीट पर एक पैकेट पड मिला। इस पर पैकेट को खोलकर देखा गया तो उसमें गांजा बरामद हुआ। इस पर टीम ने अवैध गांजे के पैकेट को तोला तो पैकेट का वजन 995 ग्राम पाया गया। इस पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार को जप्त कर थाना लाया गया तथा राजनगर थाना पुलिस को मामले की जांच सौंपी गई।

आरोपियों की तलाश के लिए एसपी सुधीर चौधरी, एएसपी शिवलाल बैरवा, डीएसपी बेनीप्रसाद मीणा के निर्देशन एवं थानाधिकारी डॉ. राजपुरोहित के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसमें कोंस्टेबल वीरेन्द्र, महेन्द्रसिंह, गणपत व विश्वेन्द्र को शामिल किया गया। टीम ने लगातार तलाश करते हुए मामले में पिछले डेढ माह से फरार आरोपी शंकरलाल (29) पुत्र जगा बंजारा निवासी केशव नगर पीपली आचार्यान एवं रामूलाल (29) पुत्र वीरभान बंजारा निवासी छोगा जी का खेडा रेलमगरा को गिरफ्तार किया।

# ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**पाटन,** (निसं)। बुधवार सुबह 8 बजे एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।

रेल्वे पुलिस के अनुसार जनशताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति कौम हिन्दु उम्र 50 साल जिसकी लम्बाई करीब 5 फिट रंग सांवला बदन गठीला सिर पर लम्बे काले व सफेद बाल ढाढी बढी हुई तथा शरीर पर काले रंग की स्वेटर धारीदार कच्छा पहने हुये है जो भिखारी जैसा प्रतीत होता है कि रेल की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की लाश पहचान हेतु राजकीय चिकित्सालय थोई के मुर्दाधर में रखी गई। जिसकी थाना हाजा में रिर्पोट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# गजसिंहपुर के मोहल्लों में कई जगह नशे के अड्डे

**गजसिंहपुर,** (कासं)। गजसिंहपुर कस्बे की गली-गली व आसपास के गांवों में नशे का मकड़ जाल फैला हुआ है। लेकिन पुलिस को कार्रवाई नहीं कर रही है।

पूर्व पार्षद हैप्पी हुंदल के नेतृत्व में धानक समाज के लोगों ने थानाप्रभारी व पुलिस अधिकारियों को कई बार ज्ञापन भी दिये परंतु आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कस्बे वासियों का आरोप है कि दो सब्जी विक्रेताओं ने कस्बे के हर गली मोहल्लों में नशे के अड्डे बना रखे हैं। रायसिंहनगर रोड पर वार्ड 2 व 3 के समीप तथा शनि मंदिर के समीप इन सब्जी वालों के नशे के मुख्य अड्डे हैं। दोनों नशा सप्लायर एक ही परिवार के हैं। इन अड्डों पर पोस्त, अफीम, गांजा, चिट्टा सभी कुछ मिलता है। पुलिस को जानकारी के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

पदमपुर रोड पर पैट्रोल पम्प के पास भी नशे के अड्डे है। बस स्टैंड के आसपास मेडिकल स्टोर व बाजार में मेडिकेटेड नशा सरेआम बिकता है। यह नशा कस्बे के अलावा आसपास गांवों में भी सरेआम नशा बेचा जाता है। गांव कंवरपाल के एक किराना स्टोर में सुबह से ही नशा खरीदने वालों की भीड़ लग जाती है। लोग गाड़ियों पर नशा लेने आते है।

# वन्य जीव का कंकाल मिलने से गायब टाइगरों पर हुई चर्चा


मण्डरायल क्षेत्र में वन जीव का कंकाल मिलने के बाद पोस्टमार्टम करने पहुंची पशुपालन विभाग की टीम।

- कैला देवी अभ्यारण्य क्षेत्र से टी-721 वर्ष से और टी-92 दो वर्ष से गायब चल रहे हैं
- विसरा वन जीव संस्थान देहरादून को जहां को भेजा जा रहा है जांच रिपोर्ट से ही पुष्टि हो पाएगीः डीएफओ

**मण्डरायल,** (निं.स)। मण्डरायल क्षेत्र के कैलादेवी अभयारण में नीदर बांध के पास एक वन्य जीव का कंकाल मिलने से वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कंकाल का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर जांच के लिए भेजा है।

मण्डरायल क्षेत्र में स्थित नींदर बांध के निकट श्यारदेह का नाला में एक वन जीव का कंकाल मिला। जिस कंकाल के टाइगर का होने की संभावना जताई जा रही है। कैलादेवी अभयारण्य क्षेत्र से टी-72 पिछले 1 वर्ष से और टी-92 पिछले 2 वर्ष से गायब चल रहे हैं। जिनकी वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को जानकारी तक नहीं है।

गंभीरप्रद यह है कि समाचार पत्र में गत महीनों कैलादेवी अभयारण क्षेत्र से गायब टी-72 और टी-92 का वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को अता-पता ही नहीं है शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था। बुधवार को एक वन जीव के कंकाल मिलने से गायब टाइगरों की याद ताजा हो गई।

हालांकि क्षेत्र में टाइगर का कंकाल मिलने की चर्चा है मगर वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी इसकी अभी तक पुष्टि नहीं कर रहे हैं । इस मामले में डीएफओ डॉ. आरएन भाकर ने बताया कि हां दो टाइगर पिछले लंबे समय से गायब हैं। यह भी सही है कि एक वन्य जीव का कंकाल मिला है जिस कंकाल का पशु चिकित्सालय के तीन सदस्य चिकित्सकीय दल से पोस्टमार्टम कराया गया है और विसरा वन जीव संस्थान देहरादून को जांच के लिए भेजा जा रहा है। जहां से जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पुष्टि हो सकती है।

# नहर में जीप पलटने से 12 लोग घायल

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के श्रीबिजयनगर इलाके के गांव चार बीएलडी के पास बुधवार को नहर में जीप पलटने से करीब बारह लोग घायल हो गए। गनीमत यह रही कि जिस समय हादसा हुआ नहर में पानी नहीं चल रहा था। ऐसे में बड़ा हादसा टल गया। घायलों ने गांव चार बीएलडी और श्रीबिजयनगर के सरकारी अस्पताल में इलाज लिया है। बाद में आसपास के लोगों ने प्रयास कर जीप को नहर से बाहर निकलवाया। हादसे का कारण नहर की पुलिस की दीवार नहीं होना बताया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पड़ौसी राज्य हरियाणा का परिवार एक जीप में गांव छह एसटीबी की तरफ जा रहा था। सुबह इलाके में बरसात होने के कारण गांव चार बीएलडी की पुलिया के पास ड्राईवर जीप पर नियंत्रण नहीं रख पाया। नहर की पुलिया पर जीप नहर में जाकर पलट गई। जिस समय हादसा हुआ नहर में पानी नहीं चल रहा था। जिससे बड़ा हादसा टल गया। हादसा होने से तेज आवाज हुई। आसपास काम कर रहे लोगों को हादसे की जानकारी मिली तो उन्होंने घायलों को जीप से बाहर निकलने में मदद की। जीप में करीब बारह लोग सवार थे। जीप काफी ऊंचाई से गिरी लेकिन गनीमत यह रही कि किसी भी सवारी को गंभीर चोट नहीं आई। इनमें से कुछ ने चार बीएलडी के सरकारी अस्पताल में इलाज लिया।

# इन्वेस्ट सवाईमाधोपुर समिट से जिले में 354 करोड रू. निवेश की जगी आस

## 23 एमओयू और 7 एलओआई पर हुये हस्ताक्षर



इन्वेस्ट समिट में शिरकत करते उद्यमी और जिला प्रशासन के अधिकारी।

- 'जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए खंडार फोर्ट, रामेश्वर, पाली घाट को एक्सप्लोर करना होगा'

**सवाई माधोपुर,** (निस)। इन्वेस्ट सवाईमाधोपुर समिट से जिले को 354 करोड़ रूपये का निवेश मिलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बुधवार को राजीव गांधी रीजनल म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री ऑफ साइंस, रामसिंहपुरा में आयोजित समिट में विभिन्न उद्यिमयों ने 30 एमओयू (मेमोरेंडम आफ अंडरस्टेडिंग) पर हस्ताक्षर किये। जल्द ही इस निवेश से जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में नई इकाईयां लगेंगी तथा कुछ इकाइयों का विस्तार होगा। इससे लगभग 1640 युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। जिला प्रभारी मंत्री भजन लाल जाटव, सवाईमाधोपुर विधायक एवं मुख्यमंत्री सलाहकार दानिश अबरार, जिला प्रमुख सुदामा मीना, जिला कलेक्टर राजेन्द्र किशन, पुलिस अधीक्षक सुनील विश्नोई, नगरपरिषद सभापति विमलचन्द महावर की उपस्थिति में हुये कार्यक्रम में उद्यिमयों ने सकारात्मक रेस्पोंस दिया।

कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री ने राजस्थान औद्योगिक विकास नीति-2019, राजस्थान सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम अधिनियम-2019, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2019 समेत विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। सवाईमाधोपुर विधायक एवं मुख्यमंत्री सलाहकार दानिश अबरार ने कहा कि सवाईमाधोपुर में पर्यटन के साथ ही औद्योगिक विकास भी महत्वपूर्ण है।

जिला कलेक्टर राजेन्द्र किशन ने बताया कि जिले के सम्पूर्ण विकास के लिये कृषि और कृषि प्रसंस्करण, पर्यटन और खनिज 3 सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु हैं। पर्यटन के क्षेत्र में रणथम्भौर बहुत महत्वपूर्ण है लेकिन अब हमें सोच को व्यापक करना होगा। जो पर्यटक 1-2 दिन के लिये जिले में रूकते हैं, उन्हें एक सप्ताह रूकने के लिये प्रोत्साहित करेंगे। इसके लिये खंडार फोर्ट, रामेश्वर, पाली घाट को एक्सप्लोर करना होगा, खंडार क्षेत्र में टाइगर सफारी के नये जोन खोलने के लिये प्रस्ताव तैयार कर वन व पर्यावरण सम्बंधी क्लीयरेंस लेनी होगी। खंडार फोर्ट व इसके आस-पास पलाश जंगल विकसित करने पर विचार कर रहे हैं।

संक्षिप्त

## इंदिरा रसोई में चपाती के साथ चावल भी मिलेगा

**श्रीमाधोपुर ।** राजस्थान सरकार स्वायत्त शासन विभाग द्वारा कस्बे में संचालित इंदिरा रसोई ने हफ्ते में दो बार सोमवार एवं शुक्रवार को जरूरतमंद लोगों को चावल भी मिलेगा ।रसोई प्रबंधक संतोष कुमार सैनी ने बताया कि भोजन में दाल सब्जी आचार और चपाती दी जाती है, अब हफ्ते में दो बार चावल भी शामिल किया जा रहा है ।रसोई प्रबंधक ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को अधिक से अधिक इंदिरा रसोई पर रियायती दर पर खाने का लाभ उठाना चाहिए। कस्बे में अंबेडकर भवन अनाज मंडी के पास रसोई संचालित है एवं रोडवेज बस स्टैंड के सामने अतिरिक्त भोजन वितरण काउंटर भी संचालित किया जा रहा है।

## स्वास्थ्य चेकअप शिविर आयोजित

**निवाई।** भूरालाल गुर्जर मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में पीएचसी जामडोली में स्व.श्री भूरालाल जी खोडवा बासड़ा बनेसिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया गया। शिविर में 300 मरीजों की जांच की गई। शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. जगदीश गुर्जर, फिजिशियन डॉ. राकेश गुर्जर, नैत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मेघा सुलानिया ने सेवा दी।

# बारिश का दौर जारी, किसानों के चेहरे खिले, सर्दी ने भी तेवर दिखाये



कोटपूतली में बारिश से सड़कें तर-बतर हो गयी।

**कोटपूतली,** (निसं)। कोटपूतली उपखण्ड क्षेत्र में बुधवार अल-सुबह करीब 4बजे से रिमझिम-रिमझिम बारिस का दौर लगातार जारी है। बुधवार हुई मावठ से जहां किसानों के चेहरे खिले है वहीं सर्दी ने भी अपने तेवर दिखाये हैं। जिसके चलते दिन भर जहां लोग कहीं घरों में दुबके तो कहीं अलाव तापते नजर आये।

**फुलेरा में दिन से लेकर रात तक चला बारिश का दौर:** फुलेरा कस्बे में मौसम का मिजाज मंगलवार को ही बदल गया और दिन भर बादल छाये रहे। वहीं बीती रात तीसरे पहर के बाद ही बारिश का दौर शुरू हो गया, जो बुधवार को दिनभर से रात्रि तक चलता ही रहा। ऐसा लग रहा था कि जैसे पौष मास में सावन की झड़ी ही लगी है। साथ ही दिन के तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस एवं रात्रि के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होने के कारण सर्दी के तेवर तीखे हो गये है।

हवा में नमी के कारण लोग ठिठुरने लगे और अलाव जलाकर तपते हुए नजर आये। वहीं कई लोगों का दिन तो रजाई में निकल गया और सूरज भी भी दिनभर बादलों में छुपा रहा। साथ ही मावट होने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। किसानों ने बताया कि मावट होने से अब फसलों को पानी देने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, और सिंचाई मे भी बचत होगी। मावट होने से किसानों को रात्रि की ठण्ड से भी राहत मिली है, क्योंकि कस्बे के आस-पास के कई क्षेत्रों में रात को बिजली सप्लाई की जाती है। वहीं दिन भर बारिश होने के कारण पशु-पक्षियों को दाना पानी की समस्या देखने को मिला क्योंकि इनका घर व घोंसले से बाहर निकलना दुश्वार हो गया था।

**रींगस में झमाझम बारिश, सर्दी से छूटी धुजणी :** रींगस अंचल में एक बार फिर से मौसम ने पलटी मार ली। बुधवार सुबह 4 बजे से ही कभी रिमझिम तो कभी झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया जो देर शाम तक जारी रहा। इससे सर्दी का अहसास ज्यादा रहा। अच्छी बारिश के चलते किसानों के चेहरे खिल गये। रबी की फसल गेंहू,जौ ,चना को अच्छी बढवार मिलने के आसार है। वहीं दिन भर अच्छी बारिश के बाद किसानों को एक सिंचाई की भी बचत हुई है। क्षेत्र में सुबह चार बजे से ही बारिश का दौर शुरू हो गया। इससे स्कूल जाने वाले बच्चे भी खासे परेशान रहे। बारिश के चलते बाजारो पर भी असर देखने को मिला है। ग्राहकी पर खासा असर रहा। हालांकि इस दौरान कुछ समय के लिए मौसम खुला लेकिन कुछ ही मिनटो बाद फिर से बारिश शुरू हो गई।

**सांभर में बारिश से जगह-जगह फैला कीचड़ :** सांभरझील क्षेत्र में मंगलवार की देर रात्रि को शुरू हुयी रिमझिम बारिश का दौर बुधवार को समाचार लिखे जाने तक जारी रहा। बारिश के कारण अधिकांश बाजारों में चहल पहल भी कम रही और बाजार सूने नजर आये। मौसम में आये अचानक बदलाव के बाद सर्दी के तेवर तीखे हो गये। सांभर में जगह जगह बरसात के पानी से कीचड़ व गंदगी फैल गयी व अनेक जगहों पर नालियां ऑवरफ्लों होने के कारण गंदा पानी बाहर जमा हो गया, हालाकि इस दौरान दिन में अनेक बार बारिश का दौर थमा। बारिश होने से समाचार पत्र वितरकों को जबरदस्त पेरशानी उठानी पड़ी, अनेक मौहल्लों में अंधेरा होने के कारण आवारा कुत्तों का भी खौफ बना रहा। पानी सप्लायी के दौरान निचले इलाको में रहने वाले लोगों को पानी भरने में काफी दिक्कत हुयी। बुधवार की शाम को भी आकाश काली घटाओं से घिरा रहा तथा लोग सूर्य के दर्शन को भी तरस गये। सांभर के सब्जी मण्डी, गोला बाजार, तेजाजी का चौक के आसपास व नया बस स्टेण्ड के इलाके बारिश के कारण अधिक प्रभावित रहे।

**श्रीमाधोपुर में मौसम का बिगड़ा मिजाज :** श्रीमाधोपुर अंचल में बुधवार अल सुबह से ही रिमझिम रिमझिम बारिश शुरू हो गई थी । रात से ही मौसम का मिजाज बिगड़ता नजर आया देर रात 3 बजे से ही हल्की बूंदाबांदी होती रही थी जो दिन भर रिमझिम रिमझिम बरसती रही जिससे बाहर के आने जाने वाले ग्रामीण इलाकों के सभी लोग घरों में ही दुबके रहे, वहीं बुधवार अल सुबह से ही रिमझिम रिमझिम बारिश जारी रही जो शाम तक भी जारी थी। बारिश से किसानों के चेहरे खिले नजर आए। रबी की फसल के लिए अमृत के समान यह बारिश हो रही है। किसानों ने बताया कि जौ, सरसों, चना ,गेहूं आदि के लिए यह बारिश अच्छी है। वही लोग सुबह से ही अलाव का सहारा लेते नजर आए।

## सार-समाचार

### 110 वोट पाकर कुड़ी अध्यक्ष बने



**श्रीमाधोपुर।** अभिभाषक संघ के चुनाव बुधवार को हुए। एडवोकेट बनवारीलाल कुड़ी 110 वोट पाकर अध्यक्ष चुने गए। चुनाव समिति संयोजक एडवोकेट रामप्रताप सिंह धींवा ने बताया कि एडवोकेट कुड़ी 40 वोटो से विजयी रहे। उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट सुनील पारीक को 10 वोटो से, महासचिव पद पर एडवोकेट रामजीलाल सैनी को 47 वोटो से तथा कोषाध्यक्ष पद पर एडवोकेट सुभाष यादव को 12 वोटो से विजयी घोषित किया गया। वही संयुक्त सचिव पद पर एडवोकेट सुरेश कुमार जांगू व कार्यकारिणी सदस्यों में एडवोकेट पूरणमल सांखला, धर्मेन्द्र सामोता, हीरासिंह धायल व रामचंद्र जांगिड़ निर्विरोध चुने गए। अभिभाषक संघ में 203 वोटर है, इनमें से 197 ने मतदान किया। बुधवार सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक मतदान चला। मतदान के बाद मतगणना हुई तथा इसके बाद परिणाम घोषित किए। अध्यक्ष पद के लिए 4, उपाध्यक्ष में 3, महासचिव 3 व कोषाध्यक्ष में 3 उम्मीदवार के बीच मुकाबला हुआ।

### जर्जर सड़क से 20 गांवों के ग्रामीण परेशान



**अलवर।** कस्बा बर्डोद में अलवर-बहरोड राजमार्ग से ग्राम ढिस को जाने वाला सडक़ मार्ग क्षतिग्रस्त होने से आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम ढिस निवासी एवं महाराजा सूरजमल फाउंडेशन राजस्थान प्रदेश के सचिव सुंदरलाल चौधरी ने बताया कि जर्जर सडक़ मार्ग होने से वर्षा के पानी का जलभराव होने से 20 गांव के ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। इस मार्ग से जुडऩे वाले ग्राम ढिस, जलालपुर, लखीमपुर, दूनवास,भजनवास,डांगीवास, क्यारा,छाबडिय़ा की ढाणी,बसई चौहान, भजनावास, भूतपुरी, बबेडी,तेजपुरा,ढाकोडा माजरा,सराधना की ढाणी, गूतांशाहपुर सहित अनेक गांवों के लोगों का भारी आवागमन कस्बा बर्डोद में इसी मार्ग से होता है। यह बानसूर तहसील जाने का सबसे कम समय में जाने वाला मार्ग है।सडक़ क्षितग्रस्त होने से राहगीरों,वाहनचालकों किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है वहीं दुपहिया वाहन चालक सडक पर उखडी रोड़ी से फिसल कर चोटिल हो रहे हैं उन्होंने बताया कि यह सडक़ मार्ग 2015 में नॉन पेचेबल स्कीम के तहत बर्डोद- ढिस ढाई किलोमीटर डामरीकरण सडक़ का 45 लाख में निर्माण हुआ था । अब यह सडक़ पूरी तरह क्षितग्रस्त हो चुकी है।

### 2 बाइक चोर गिरफ्तार

**अलवर।** राजगढ़ थाना पुलिस ने बाईक चोरी के शातिर अपराधियो को 2 बाईको के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार विगत 1 जनवरी को बडेर दरगू का बास मालाखेड़ा निवासी तेजसिंह पुत्र जयसिंह यादव ने रिपोर्ट पेश कर बताया था कि वह किसी काम से 29 दिसम्बर को माचाडी अस्पताल में आया हुआ था। बाइक को बाहर खडी करके अंदर काम से चला गया। जोकि कुछ देर बाद वापिस आया तो बाईक नही मिली। इस सम्बंध में मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सन्दिग्ध लोगो से पूछताछ की गई। गुप्त रुप से सूचना एकत्रित कर आसूचना द्वारा अपराधियो को ट्रेस किया गया। पुलिस ने 03 जनवरी को ट्रेस किये जाने पर मकरेटा बहतुकला निवासी सुखराम उर्फ धौल्या पुत्र डालूराम मीना व पटाकपुर बहतुकला निवासी विनोद उर्फ पुत्र केहरसिंह को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। वही पूछताछ के दौरान आरोपी सुखराम के घर से चुराई गयी एक बाइक और जप्त की गयी। पुलिस के अनुसार उक्त आरोपियों द्वारा आधा दर्जन से अधिक चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है।

### स्नेह मिलन समारोह आज

**सांभरझील,**(निसं)। बार एसोसिशन सांभर में गुरूवार 6 जनवरी को नववर्ष स्नेह मिलन समारोह का वृहद स्तर पर आयोजन होगा। बार के अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह खंगारोत व सचिव सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस मौके पर पहली दफा पतंग महोत्सव का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसका मकसद लोगों को खुले मन से सकारात्मक विचारों का आदान प्रदान करना, स्वच्छंद वातावरण में जिस प्रकार पतंग उड़ान भरती है उसी अनुरूप ख़ुद को भी खुले मन से जीवन जीने का संदेश भी देना है, उन्होंने बताया कि इस दौरान अभिभाषक संघ की दूरभाष निर्देशिका का विमोमच करना भी हमारे लिये खास महत्वपूर्ण है। समारोह की अध्यक्षता जिला एवं सैशन न्यायाधीश हरेन्द्र सिंह करेंगे, मुख्य अतिथि विधायक निर्मल कुमावत होगें एवं विशिष्ट अतिथि अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश सांभर बृजेश कुमार होंगे।

### खैरथल में वैक्सिनेशन कैम्प लगाया

**खैरथल।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में 15 से 18 वर्ष के विद्यार्थियों के लिए वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. अंजू रानी ने बताया कि कोरोना की तीसरी लहर और ओमिक्रोन वेरियंट के खतरे को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन की पालना सुनिश्चित करते हुए स्थानीय राजकीय चिकित्सालय से सम्पर्क करते हुए विद्यार्थियों को वैक्सीन लगाई गई। इस कैम्प में राजकीय चिकित्सालय के विनोद यादव के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने महाविद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को वैक्सीन लगाई साथ ही अपने परिवारजनों को भी वैक्सीन लगाने हेतु जागरूक किया। इस कैम्प में महाविद्यालय के 26 विद्यार्थियों को कोवैक्सीन की डोज लगाई गई।

## एसडीएम व डीएसपी ने रैली निकालकर 'मास्क नहीं तो प्रवेश नहीं' का संदेश दिया

- बिना मास्क मिले लोगों को अधिकारियों ने रोककर कहा बिना मास्क के बाहर नहीं निकलें

**किशनगढ़ बास।** मास्क नहीं तो प्रवेश नहीं, बिना मास्क बाहर नहीं जाएं का संदेश देने के लिए एसडीएम ने पुलिस प्रशासन के साथ शहर में जागरूकता रैली निकाली और बिना मास्क के घूमते पाए लोगों को मास्क देकर बिना मास्क के बाहर नहीं निकलने की सलाह दी।

एसडीएम ओमप्रकाश सहारण ने बताया प्रदेश शहर में तेजी से बढ़ रहे कोरोना वायरस से बचाव के लिए सरकार की ओर से गाइडलाइन जारी की जा चुकी है। कोरोना से बचाव के लिए मास्क नहीं तो प्रवेश नहीं बिना मास्क बाहर नहीं निकलने को दिनचर्या में लाना होगा और खांसी जुकाम बुखार होने पर नजदीक के अस्पताल में जाकर चिकित्सकों की सलाह से समय पर इलाज लेंगे व भीड़-भाड़ से बचेंगे तभी हम कोरोना को बढ़ने से रोक पाएंगे।

नगर पालिका अधिकारी कर्मचारियों के साथ कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता का संदेश लेकर पुलिस टीम के साथ बाजारों की सड़कों पर निकले एसडीएम ओमप्रकाश सहारण डीएसपी अतुल अग्रे ने बिना मास्क के सड़कों पर मिले लोगों को रोका और मास्क देकर समझाइश की और बिना मास्क के बाहर नहीं निकलने की सलाह दी। कोरोना से बचाव के लिए निकाली गई जागरूकता रैली उपखंड कार्यालय परिसर से शुरू हुई।

जागरूकता रैली में एसडीएम ओमप्रकाश सहारण डीएसपी अतुल अग्रे नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता देवीलाल चौधरी व पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

## खड़ी कार की बैटरी में शॉर्टसर्किट से आग लगी

**अलवर।** शहर में अल्कापुरी कार बाजार में मिस्त्री के यहां खड़ी कार में बुधवार सुबह अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग से पूरी कार जल कर राख हो गई। कार की बैटरी में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी। पहले आसपास के मिस्त्री व अन्य लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका।

बाद में दमकल ने आकर आग को बुझाया। कार मालिक अभिषेक चौहान ने बताया कि वह अपनी इको कार करण मोटर्स अल्कापुरी लेकर आया था। कार में फिल्टर सही होना था कार को ठीक करते समय बैटरी में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। कार में भयंकर रूप से आग लग गई। कुछ ही सैकंड में आग पूरी कार में फैल गई। पहले आग बुझाने के प्रयास किए गए। लेकिन तब तक आग पूरी फैल चुकी थी। बाद में दमकल पहुंची। तब तक पूरी कार आग की चपेट में आ चुकी थी। लेकिन दमकल ने आकर कार की आग को बुझाया।

## कल्याणपुरा खुर्द में पिछले दो माह से अघोषित बिजली कटौती जारी

- महिलाओं ने एईएन का घेराव किया



बिजली कटौती से परेशान महिलाओं ने एईएन को खरी खोटी सुनाई।

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत कल्याणपुरा खुर्द के वार्ड नं. 2 में ग्रामीण महिलाओं को विगत लगभग दो माह से बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है।

लगातार बाधित हो रही विद्युत सप्लाई को लेकर गुस्साई महिलाओं व ग्रामीणों ने बुधवार को स्थानीय पॉवर हाऊस पर प्रदर्शन कर एईएन सीताराम जांगिड़ का घेराव किया। इस दौरान ग्रामीणों का आरोप था कि कल्याणपुरा खुर्द के वार्ड नं. 2 में 25 केवी का सिंगल फेश ट्रांसफार्मर विगत 22 नवम्बर से जला हुआ है। जिस पर 18 घरेलु कनेक्शन थे। ग्रामीणों की शिकायत पर विगत 20 दिसम्बर को 16 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया जो मात्र दो घण्टे में ही जल गया। जिसके बाद स्वीकृत किया गया ट्रांसफार्मर आज तक नहीं लगाया गया है। इस दौरान गुस्साई ग्रामीण महिलाओं ने एईएन को जमकर खरी खोटी सुनाई। स्थिति बिगड़ते देख मौके पर पुलिस जाप्ता भी बुलाया गया। इस दौरान एक्सईएन जे.पी. बैरवा ने अधिकारियों को दो दिन में ट्रांसफार्मर लगाये जाने के लिए निर्देशित किया जिसके बाद मामला शांत हुआ।

## नवरंगपुरा में संत की चादरपोशी व भंडारा आज

**नारायणपुर,** (निसं) विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नवरंगपुरा में स्थित माधवनंद महाराज आश्रम के संत केशवानंद महाराज को ब्रह्मलीन होने पर षोडशी चादर पोशी व भण्डारे का आयोजन नवरंगपुरा में स्थित उनके आश्रम पर 6 जनवरी को किया जाएगा। नारायणपुर माधवनंद महाराज आश्रम साध्वी विदुषि बाई सरस्वती के सानिध्य में साधु संतों व आश्रम के भक्तों से चर्चा कर कार्यकर्ताओं को ज़िम्मेदारी सौपी। साध्वी ने बताया कि महाराज के ब्रह्मलीन होने पर कोरोना गाइडलाइन की पालना करते हुए 6 जनवरी को विधि विधान के साथ षोडशी चादर पोशी व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## नील गाय की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**अलवर।** रामगढ़ के एक खेत में नील गाय की हत्या के मामले में तेजस्वनी गौतम पुलिस अधीक्षक जिला अलवर व सरिता सिंह अति. पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जिला अलवर व कमल प्रसाद मीना वृताधिकारी वृत रामगढ अलवर के निर्देशन में पुलिस थाना रामगढ के थानाधिकारी रामनिवास मीणा पु.नि. के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

श्याम लाल निवासी किला मौहल्ला रामगढ ने एक रिपोर्ट दर्ज कराई की मेरे खेत पर मैं सुबह देखभाल के लिये रोजाना जाता हूं। गत 30 दिसंबर को मैं फसल देखने के लिये खेत पर गया तो मेरे गेंहूं के खेत में कुछ खून के निशान थे निशानों के आधार पर मैं दूसरे सरसों के खेत में गया तो वहां पर नील गाय की मुण्डी व एक पैर कटा हुआ मिला इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इस संबंध में मु0नं0 661/21 धारा 9/51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में दर्ज किया गया। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी हुसैन खां निवासी खोजाका थाना रामगढ जिला अलवर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की इतला से घटना स्थल की निशादेही की तथा घटना में प्रयुक्त हथियार टोपीदार बन्दूक व छुरा जिससे नीलगाय पर फायर कर वध किया गया था आरोपी के घर से बरामद किया गया है। आरोपी पीसी रिमाण्ड पर है जिससे प्रकरण में गहनता से अनुसंधान जारी है।

## ट्रक की टक्कर से कार चालक गंभीर रूप से घायल

**बौंली- बामनवास।** क्षेत्र के लालसोट कोटा मेगा हाईवे स्थित भाडोती मोड़ के पास एक ट्रक व कार में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिससे कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया एवं कार क्षतिग्रस्त हो गई चालक को गंभीर अवस्था में चिकित्सालय भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मारुति ईको कार सवाई माधोपुर से अलीगढ़ की तरफ जा रही थी सामने से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी जिससे कार चालक राधेश्याम उम्र 30 वर्ष गाड़ी में कार में बुरी तरह फंस गया सूचना पाकर भाडोती पुलिस चौकी मौके पर पहुंची एवं घायल कार चालक को बाहर निकालकर चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार, 15 बाइकें बरामद

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा वृत्त क्षेत्र में बढ़ती चोरी की वारदातों को गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस अधिक्षक ओमप्रकाश के आदेशों पर एएसपी राकेश कुमार बैरवा व डीवाईएसपी सुशीलमान के निर्देशन में थानाधिकारी कैलाश विश्नोई के नेतृत्व में गठित टीम ने शातिर वाहन चोर गिरोह की तलाश करते हुए दो बाईक चोरों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही से विभिन्न स्थानों से 14 मोटरसाईकिल व 1 स्कूटी सहित कुल 15 मोटरसाईकिलें बरामदगी की कार्यवाही की।

थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल कांस्टेबल गंगदेव द्वारा पुलिस थाना केकडी की टीम से समन्वय रखते हुए नकबजनी व नकबजनी के प्रयास के दो आरोपी शिवप्रसाद उर्फ शिवा सुनार उम्र 21 साल निवासी वार्ड नम्बर 3 किसान कॉलोनी सुजानगढ जिला चुरू व हाल निवासी गवारियो का मौहल्ला मालपुरा व सोहील उर्फ अरबाज पुत्र बाबु खां कुरेशी उम्र 19 साल निवासी फाजल का नाडा मोहल्ला सादात को गिरफ्तार कर की गई पूछताछ में दोनों वाहन चोरों ने मालपुरा, फागी, सांगानेर, जयपुर, सुजानगढ, चूरू, केकडी, किशनगढ से नकबजनी की वारदातों को करना कबूल किया। दोनो आरोपियो की निशानदेही पर 14 मोटरसाईकिल व 1 स्कुटी बरामद की गई।

## पंजाब में मोदी के काफिले को रोकना कांग्रेस की ओछी राजनीति : कर्नल राज्यवर्धन

- प्रधानमंत्री की सुरक्षा के साथ खिलवाड़
- प्रदेश में अपराधों में वृद्धि के कारण सुर्खियों में है कांग्रेस सरकार



कर्नल राज्यवर्धन ने शाहपुरा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया।

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड ने आज पंजाब में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काफिले को रोके जाने की घटना की घोर निंदा करते हुए इसे कांग्रेस की ओछी राजनीति और प्रधानमंत्री की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बताया है। उन्होंने कहा इस घटना से यह साफ हो गया है कि कांग्रेस का विकास से कोई लेना-देना नहीं है, जनता इसका जवाब देगी। यह बात आज उन्होंने विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा में अपने दौरे के दौरान कही।

कर्नल राज्यवर्धन ने आज शाहपुरा में बी.आर महाविद्यालय में मल्टी जिम, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खेजरोली में मिनि स्टेडियम का उद्घाटन किया और क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। कार्यकर्ता संवाद के दौरान कर्नल राज्यवर्धन ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा राजस्थान में अपराध चरम पर पहुंच चुका है अपराधों में बेतहाशा वृद्धि के कारण राजस्थान प्रदेश की ख़बरे पूरे देश में सुर्खियों में रहती है। प्रदेश में धरना-प्रदर्शन और लाठीचार्ज होना आम बात हो चुकी है।

कर्नल राज्यवर्धन ने कहा जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो आम जनता कहां जाएगी अलवर में प्रतापगढ थाने के 4 पुलिसकर्मियों द्वारा ढाबे पर खाना खाने के बाद पैसे मांगने पर ढाबा मालिक से मार-पीट करने और पर शांतिभंग करने का आरोप लगाकर गिरफ्तार करने की घटना अखबारों में प्रमुखता से छपी हुई है। बीकानेर में दिनदहाडे फायरिंग, जयपुर व बूंदी में नाबालिग बच्चियों के साथ रेप-गैंगरे, दौसा में महिला से साथ गैंगरेप पिछले तीन सालों में 6.50 लाख से अधिक मुकदमें दर्ज होना यह दर्शाता है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है। प्रदेश की जनता समझ चुकी है कि सरकार को सिर्फ अपनी कुर्सी की चिंता है इसलिए राजस्थान में बदलाव निश्चित है। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा केन्द्र की मोदी सरकार लगातार जन हित के कार्य कर रही है लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार उसमें भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रही। गांवों की सरकार को मजबूती देने के लिए मोदी जी ने 2014 में विकास कार्यों के लिए पैसा जिले में ना भेजकर सीधे ग्राम पंचायत के खाते में भेजना शुरू किया जिससे गांवों में विकास के नए आयाम स्थापित हुए लेकिन 2019 से प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा चौदहवें फाईनेंस कमीशन का पैसा पंचायतों तक नहीं पहुंचाया गया जिससे गांव के विकास कार्य ठप हो गए है।

## काजीपुरा में जल जीवन मिशन के तहत सभा हुई

**सांभरझील,** (निसं)। सरकार की मंशा अनुरूप आगामी वर्ष 2024 तक ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक घरों में नल से पेयजल पहुंचाने की योजना को साकार किये जाने के लिये पंचायत समिति सांभर के अधीन आने वाली ग्राम पंचायतों की तमाम पंचायतों पर इसके लिये खास फोकस किया जा रहा है।

जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन अंतर सिंह नेहरा जयपुर जिले के सभी विकास अधिकारियों को जल मिशन के क्रियान्वयन के लिये ग्राम योजनाओं के अनुमोदन हेतु पंचायत स्तर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन कराये जाने के निर्देश भी प्रदान किये जा चुके हैं। इसी संदर्भ में उपखण्ड सांभर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तमाम अभियन्ताओं को इसके लिये तैयारियों के लिये ध्यान देना होगा। इस योजना को साकार करने के लिये अब गांवों में पंचायत स्तर पर बैठके भी होना शुरू हो चुकी है। ग्राम पंचायत काजीपुरा में बुधवार को सरपंच नवरतन कुमावत की अध्यक्षता में पंचायत भवन में सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कार्य की रूपरेखा की तैयार की गयी।

## विधायक ने विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया



विधायक प्रशांत बैरवा ने झिलाय, जीवली, किवड़ा, नोहटा, रहड आदि गांव में विधायक कोष से हुए विभिन्न कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

**निवाई।** बुधवार को विधायक प्रशांत बैरवा ने ग्रामीण क्षेत्र के गांव झिलाय जीवली किवड़ा नोहटा रहड आदि गांव में विधायक कोष से हुए विभिन्न कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। विधायक प्रशांत बैरवा ने विधायक कोष से बनने वाले गांव झिलाय के राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में 45 लाख रुपए की लागत से एक हॉल व भवन मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया।

इस दौरान उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना के साथ नींव का भूमि पूजन भी किया। उन्होंने प्रयोगशाला कक्ष में नई जांच मशीनों का शुभारंभ किया। तत्पश्चात उन्होंने निवाई वाली सडक़ की चौड़ाई करण व नवीनीकरण कार्य की पट्टिका का लोकार्पण किया। विधायक बैरवा ने अस्पताल को एक एंबुलेंस देने की घोषणा करते हुए अस्पताल का नया भवन बनवाने में जमीन संबंधित आ रही दिक्कत को दूर करने के एसडीएम को निर्देश दिए। विधायक प्रशांत बैरवा ने निवाई-बौंली मार्ग से जीवली तक सडक़ डामरीकरण का लोकार्पण किया। जीवली से भरथला गांव तक नई सडक़ बनवाने की घोषणा की । बरजा बावड़ी से रालाबाबा धाम तक सडक़ डामरीकरण का लोकार्पण किया और वहीं रालाबाबा से बैरवा ढाणी होते हुए नोहटा रोड तक नई सडक़ निर्माण की घोषणा की ।

इसी करीरिया गांव में नवनिर्मित नाले का लोकार्पण किया। नोहटा से रहड़ व नोहटा से रामनगर तक सडक़ डामरीकरण कार्य का लोकार्पण किया। रहड स्कूल में एक हॉल बनवाने की घोषणा करने के अलावा रहड गांव से जामडोली तक 4 किलोमीटर नई सडक़ बनाने की भी घोषणा की। इस दौरान एसडीएम त्रिलोकचन्द मीणा, सीएमएचओ अशोक यादव, शहर अध्यक्ष महावीर पराणा, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, प्रदीप पारीक, ब्रह्म प्रकाश गुर्जर, प्रवीण माणु, सरपंच कांति देवी शर्मा व युवा नेता उम्मेद कसाना सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**निवाई।** हाईवे पर पहाड़ी तिराहे के समीप एक मोटरसाईकिल के ट्रेलर ने टक्कर मार दी। इस सडक़ दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलते बरोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा ने बताया कि गांव खण्डवा निवासी रघुवीर सिंह अपने गांव से मोटरसाइकिल पर सवार होकर निवाई आ रहा था। इसी दौरान हाईवे पर स्थित दीक्षा पेट्रोल पंप के पास स्थित कट पर तेजी से आ रहे ट्रेलर ने मोटरसाइकिल के टक्कर मार दी। जिससे रघुवीर सिंह की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रेलर लेकर फरार हो गया। हाईवे एम्बुलेंस से सीएचसी निवाई लेकर लाए। जहां उपचार के दौरान रघुवीर सिंह को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। इसके बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### पार्षदों का धरना समाप्त

**थानागाजी।** कस्बे के नगर पालिका के कार्यालय के बाहर वार्ड 13 व 14 के पार्षद मोहनलाल एवं बाबूलाल सैनी द्वारा किया जा रहा धरना-प्रदर्शन तीसरे दिन बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष चौथमल सैनी के आश्वासन पर समाप्त कर दिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष चौथमल सैनी ने बताया की पार्षदों की कुछ विकास कार्यों की मांग को लेकर नगरपालिका पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे जो बेबुनियाद थे। उनके विकास कार्य की जायज मांग को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। इस पर दोनों पार्षदों का कहना है कि हमारी मांग नगर पालिका मंडल द्वारा स्वीकार कर ली गई है हम संतुष्ट हैं।

### जागरूकता रैली निकाली

**खैरथल** ( निस)। पुलिस व प्रशासन की ओर से कोराना संक्रमण की तीसरी लहर व नये वेरियंट्स ओमिक्रान से बचाव हेतु जागरूकता रैली निकाली गई। खैरथल की नायब तहसीलदार मोनिका शर्मा, डीएसपी अतुल अग्रे की अगुवाई में प्रमुख मार्गों से रैली निकाल कर आम जन को संक्रमण से बचने के लिए दिशानिर्देश की पालना करने की प्रेरणा दी गई। रैली में नगरपालिका के जेईएन मोतीलाल वर्मा, थानाधिकारी भगवान सहाय शर्मा सहित पुलिस कर्मियों ने भाग लिया।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 8 को

**फुलेरा।** कस्बे के श्री रामनगर स्थित माली मौहल्ला के शिव मंदिर परिसर में 8 जनवरी शनिवार को प्रात: 10:15 बजे से सायं 4:15 बजे तक प्रसुन्न सेवा संस्थान एवं माँ शाकम्भरी ग्रुप फुलेरा के संयुक्त तत्वावधान में प्रसुन्न पंवार की 12 वीं पुण्यतिथि पर सर्व समाज का स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। उपरोक्त जानकारी समाजसेवी एवं माँ शाकम्भरी ग्रुप के तेजकरण सैनी के द्वारा दी गई है।

### पौषबड़ों के साथ झांकी सजाई

**अचरोल।** अचरोल में महलों के पास स्थित लक्ष्मीनाथ मंदिर में पोष बडों का आयोजन हुआ। पुजारी लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया मंदिर में भव्य झांकी सजाई गई व महाआरती कर लड्डू, पूरी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की प्रोग्राम में आसपास के अचरोल, अणी , लबाना के लोग मौजूद रहे।

# लाखों रुपए से निर्मित सड़क कुछ ही दिनों में उखड़ी

**चौरु/उनियारा,** (निसं)। उनियारा उपखंड की ग्राम पंचायत कचरावता में संबंधित ठेकेदार, उच्चाधिकारियों तथा संबंधित विभाग की लापरवाही, अनदेखी तथा उदासीनता के चलते हुए समरावता से गांव रायपुरा तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत लाखों रुपए की लागत से निर्मित सड़क की कुछ दिनों में ही हवा निकलती नजर आ रही हैं।

सड़क का नियमानुसार निर्माण

**■ ग्रामीणों ने घटिया सामग्री सहित लीपापोती से कार्य करने का आरोप लगाया**



उनियारा उपखंड की ग्राम पंचायत कचरावता में समरावता से गांव रायपुरा तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनी सड़क कुछ दिनों में ही उखड़ने लगी है।

नहीं करने से जगह जगह पर अभी से ही उखड़ने लगी है तथा कई जगहों पर गड्डों में तब्दील हो चुकी हैं। जिसके चलते हुए रायपुरा गांव के ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त रहा है। रायपुरा गांव के गोशाला समिति अध्यक्ष धर्मराज मीणा, उपाध्यक्ष हेमराज धाकड, बिसलपुर पेयजल योजना अध्यक्ष भीम सिंह नरुका, दिलीप सिंह एसएमसी समिति सदस्य, हनुमान मीणा सहित कई ग्रामीणों ने बताया है कि अधिकृत ठेकेदार द्वारा निर्मित सडक में घटिया सामग्री का प्रयोग करने, लीपापोती से कार्य करने तथा नियमानुसार नहीं बनाने के चलते हुए अभी से ही यह सडक उखड़ने लगी है। इसके हिसाब से यह सडक ज्यादा दिनों तक नहीं टिक सकती हैं। यदि समय रहते हुए ठेकेदार, उच्चाधिकारियों तथा संबंधित विभाग ने ध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय में सड़क के नामोनिशान मिटने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है। वही ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों तथा संबंधित विभाग से जांच करवा कर उचित कार्रवाई करने की मांग की। ताकि रायपुरा गांव के ग्रामीणों को आने वाले समय में जटिल समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े।

## बूंदाबांदी ने बढ़ाई ठंड, बादल छाए रहे

**चाकसू,** (निसं)। बुधवार को कस्बे में सुबह से ठंडी हवाओं के साथ दिन भर बूंदबांदी एवं बादल छाए होने से ठंड बढ़ी तो जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया।

यहां मौसम के बदलाव का व्यापक असर देखा गया लोग अपने घरों में दुबके रहे और जरूरी कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राओं को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। बस स्टैंड एवं प्रमुख चौराहे पर यात्री कांपते नजर आए शीतलहर के प्रकोप के बढ़ने से घरों, दुकानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लोग अलाव तापते नजर आए। बुधवार सुबह से शुरू हुई बूंदाबांदी जो लगातार देर रात तक ठंडी हवाओं के साथ जारी रही सुबह लगभग 8-9 बजे तक सन्नाटा की स्थिति रही। नाम मात्र वाहन चल रहे थे और जो चल रहे थे वह भी हेड लाइट की रोशनी से चल रहे थे। कुछ देर ही दिखाई दी सूरज की किरण बाकी दिन भर सूरज के न निकलने से जन-जीवन प्रभावित रहा। ठंड के कारण बाजारों में चहल पहल नजर नहीं आ रही थी। ठंड बढ़ने से बड़े, बूढ़े बच्चे घरों में कैद होकर रह गए। वहीं ग्रामीण अंचलों में सुबह से चल रही बूंदाबांदी के कारण हुई मावठ से किसानों के चेहरे खिले खिले नजर आए।

## अपहरण का एक आरोपी गिरफ्तार, 4 की तलाश

**लालसोट,** (निसं)। थाना पुलिस द्वारा उपखंड मुख्यालय स्थित नवजीवन अस्पताल के पास से करीब चार-पांच बदमाशों द्वारा फिरौती के लिए किए गए युवक इंदरराज मीणा के अपहरण के एक आरोपी युवक आशीष उर्फ लुक्का पुत्र गिर्राज मीणा निवासी रायपुरा थाना मंडावरी को मुखबिर से मिली सुचना पर गिरफ्तार किया है।

करीब डेढ़ माह पहले अपहरण की इस वारदात को लेकर थानाधिकारी अंकेश कुमार चोधरी के नेतृत्व में पुलिस द्वारा चंद घंटों में ही अपहरणकर्ताओं उके कब्जे से मुक्त कराने में कामयाबी हासिल कर ली थी। तभी से फिरौती के लिए किए गए अपहरण के आरोपी फरार चल रहे थे। थानाधिकारी चौधरी ने बताया कि करीब डेढ माह पहले करीब कुछ युवकों द्वारा थाना क्षेत्र के चिमनपुरा गांव के रहने वाले इंदरराज मीणा का अपहरण कर परिजनों से फिरौती की रकम मांगी गई। इसके बाद सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा तकनीकी संसाधनों एवं मोबाइल टावर लोकेशन सहित परंपरागत पुलिसिंग का प्रयोग करते हुए आरोपियों का पीछा शुरू कर दिया था। जहां लालसोट थाना पुलिस द्वारा पी करते देख आरोपी अपहरण किए गए युवक इंद्राज को बोली थाना क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गए थे। जहां थाना पुलिस द्वारा अपहृत युवक को दस्तयाब कर परिजनों को सकुशल संभला दिया गया। थानाधिकारी चौधरी ने बताया कि इस मामले को लेकर अपराध पीडित युवक के भाई द्वारा लोकेश मीणा राजेंद्र मीणा दिलखुश मीणा हरिमोहन मीणा रामसिंह मीणा सहित आधा दर्जन युवकों के खिलाफ फिरौती के लिए उसके भाई का अपहरण करने का नामजद मुकदमा लालसोट थाने में दर्ज कराया गया है। थाना अधिकारी ने बताया कि सभी आधा दर्जन आरोपी बौंली व मलाना डूंगर एवं बाटोदा थाना क्षेत्र जिला सवाई माधोपुर के रहने वाले हैं। इस वारदात के एक आरोपी हरिमोहन को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस युवक को अपहृत करने वाले सभी पांचों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तलाश कर रही है। जहां इस वारदात के दुसरे आरोपी आशीष उर्फ लुक्का पुत्र गिर्राज मीणा निवासी रायपुरा थाना मंडावरी को गिरफ्तार कर लिया है।

# 4133 छात्रों को 51 सेंटरों पर वैक्सीन लगाई

**मालपुरा,** (निसं)। राज्य सरकार के आदेशों पर जिला चिकित्सा अधिकारी के निर्देशों की पालना में मंगलवार को मालपुरा ब्लॉक में 15 वर्ष से अधिक उम्र के विद्यार्थियों को वैक्सीनेशन के लिए 51 केन्द्रों पर मेघा वैक्सीनेशन

**■ मेघा वैक्सिनेशन शिविरों का बीसीएमओ व सीबीईओ ने किया निरीक्षण**

शिविर आयोजित कर 4133 विद्यार्थियों को वैक्सीन लगाई गई।

खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव चौधरी व बीसीएमओ रमाशंकर स्वामी ने सभी 51 टीकाकरण केन्द्रों पर पहुंच टीकाकरण की व्यवस्थाओं का जायजा ले चिकित्सा विभाग की वैक्सीनेशन टीम एवं सेन्टर प्रभारी को आवश्यक निर्देश देते हुए



मालपुरा में 15 प्लस टीकाकरण का बीसीएमओ संजीव चौधरी व सीबीईओ रमाशंकर स्वामी ने जायजा दिया।

वैक्सीनेशन के दौरान गाईडलाईन के अनुसार सभी सावधानियों की पालना के निर्देश दिये। डॉ. नासीर ने बताया कि मालपुरा शहरी क्षेत्र में 14 व ग्रामीण क्षेत्र में 37 वैक्सीनेशन केन्द्र बना 15प्लस विद्यार्थियो का टीकाकरण किया गया। वही दुसरी और अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन व चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीमो द्वारा घर-घर पहुंच टीकाकरण करवा चुके तथा टीकाकरण से वंचित लोगों के आंकडे जुटाये जा रहे हैं।

## नो मास्क नो एन्ट्री, आज से चालान की कार्रवाई

**रींगस।** कोरोना तथा ऑमिक्रॉन के बढ़ते प्रकोप को दूर करने के लिए उपखण्ड अधिकारी खण्डेला राकेश कुमार ने रींगस उपतहसील में व्यापारियों, शिक्षण संस्थानों के प्रधानों, गणमान्य नागरिकों सहित अन्य की बैठक आयोजित की।

**■ कोरोना से बचाव को लेकर बैठक**

इस दौरान उपखण्ड अधिकारी ने ऑमिक्रॉन तथा कोरोना के बढते प्रकोप से बचने के लिए चर्चा की। उपखण्ड अधिकारी राकेश कुमार ने कहा की सभी को एकजुट होकर तथा जागरूकता फैलाकर इस संक्रमण बीमारी से बचना चाहिए। उपखण्ड अधिकारी ने कहा की अब तक तो समझाईस की गई थी। लेकिन अब कोई समझाईश नहीं होंगी। गुरूवार से चालान काटने की कार्यवाही की जायेगी। ऐसे में सभी व्यापारी अपनी दुकान पर नो मास्क नो एन्ट्री का बोर्ड लगाना आवश्यक होगा। वहीं बिना मास्क वालों को किसी भी हालात में कोई भी सामान नहीं देना है। गुरूवार से चालान काटने की कार्यवाही शुरू की जायेगी। ऐसे में सभी लोग अभी से सचेत हो जाये। खुद भी बचे तथा समझदारी दिखाते हुए दूसरों को भी बचाएं। स्कूलों व फैक्ट्रीयों में सभी का वैक्सीनेशन जरूरी है। इस मौके पर नगर पालिकाध्यक्ष अशोक कुमार कुमावत ने कहा की जनता स्वयं समझादार है। पुलिस व प्रशासन तथा कार्यवाही करती है जब आमजन लापरवाह हो जाता है। डीएसपी सुरेन्द्र सिंह, डॉ अजय सक्सैना, डॉ अर्चना शर्मा, सुनिल सैन, झाबरमल निठारवाल, बाबू लाल यादव, पार्षद मोतीराम, अमित कुमावत, लोकेश कुमावत, आरएसडब्ल्यूएल मिल के डीके मिश्रा, हेमन्त पहाडिया, रेलवे स्टेशन व्यापार मण्डल अध्यक्ष सीताराम निठारवाल, प्रदीप डाकवाला मुकेश कुमार एसआई, कृष्ण कुमार यादव, एईएन मामराज जाखड, लेखाकार व ईओ शिवपाल सिंह राठौड सहित आस पास के अनेक गांवो सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## कोहरे और हल्की बारिश से सर्दी बढ़ी

**पावटा।** उपखंड पावटा सहित आस पास के क्षेत्रों में बुधवार को हल्की बूंदाबांदी से सर्दी बढ़ गई और लोग ठंड से ठिठुर गए। सर्दी से बचने के लिए लोग अलाव के आसपास सिमटे दिखे। कोहरे छाने से वाहन भी रेंगते हुए चले। कुछ देर बाद धुंध तो छंटी, लेकिन दिनभर बदली छाई रही। इससे सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। स्कूली बच्चों को भी ठंड में ठिठुरना पडा।

एक तरफ ठंड का सितम बढा, लेकिन शहर में अलाव जलाने के नाम पर महज खानापूर्ति की गई। इससे लोगों में नाराजगी रही। हालांकि पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के अधिकारियों का दावा है कि अलाव जलवाए जा रहे हैं। बुधवार को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। कोहरा छाने के साथ बदली रही। कोहरे की वजह से वाहन रेंगते हुए चले। सुबह करीब नौ बजे धुंध तो छंट गई, लेकिन बदली रही। दोपहर बाद हल्की बारिश हुई। इससे मौसम सर्द हो गया। दिनभर लोग ठंड से ठिठुरते रहे। मंगलवार को रैन बसेरे मे 30 लोगो रुके वही सर्दी को देखते हुए रैन बसेरे पर अलाव जलवा दिए गए हैं। रैन बसेरों पर लोगों के रहने के इंतजाम किए गए हैं।

## चिकित्सा विभाग की टीम ने खाद्य पदार्थों के नमूने लिये

**टोंक,** (निसं)। मुख्यमंत्री की फ्लैगशिप योजना शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत 1 जनवरी 2022 से 31 मार्च 2022 तक प्रदेश में व्यापक स्तर पर अभियान प्रारंभ किया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार यादव ने बताया कि इस अभियान के तहत फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट 2006 के प्रावधानों के अनुसार मिलावटी खाद्य पदार्थ आपूर्तिकर्ताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी है।

सीएमएचओ डॉ. यादव ने बताया कि 4 जनवरी को पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड रीको इंडस्ट्रियल एरिया मालपुरा से मिक्स मिल्क का सैंपल लिया गया एवं विक्रमादित्य बेवरेज एंड डेयरी प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड रीको इंडस्ट्रियल एरिया मालपुरा से मिक्स मिल्क का सैंपल लिया गया ।

5 जनवरी को मैसर्स जेके सेशन फूड प्रोडक्ट्स देवली से गजक का सैम्पल, मैसर्स राज एजेंसी देवली से

**■ शुद्ध के लिए युद्ध अभियान 31 मार्च तक चलेगा**

पनीर का सैम्पल, मैसर्स ताराचंद गुप्ता देवली ग्रीन चिली सोस का सैम्पलिंग कार्रवाई की गई।

सीएमएचओ डॉ. यादव ने बताया कि अभियान के संचालन हेतु जिला स्तर पर जिला स्तरीय प्रबंधन समिति का गठन जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में किया गया है। अभियान के दौरान दूध, मावा, पनीर, दुग्ध उत्पादों की जांच, आटा, बेसन, खाद्य तेल एवं घी आदि की जांच, सूखे मेवे एवं मसालों की जांच, बाट एवं माप की जांच प्रमुखता से की जावेगी।

अभियान के दौरान ऐसे पदार्थ विक्रय केंद्रों को चिन्हित किए जाएंगे, जहां पर मिलावट होने की संभावना हो। उनके विरुद्ध नियमानुसार जांच/सैंपलिंग की जा कर मिलावट पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जावेगी।

## साइकिल वितरण समारोह आयोजित

**पावटा।** निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भांकरी में विधायक प्रतिनिधि राजेश गुर्जर के मुख्य आतिथ्य व भांकरी सरपंच व सरपंच संघ जिला अध्यक्ष मेहर सिंह धनकड की अध्यक्षता में साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। भांकरी में कार्यक्रम के दौरान 63 साइकिलों का वितरण किया गया।

वहीं विधायक प्रतिनिधि राजेश गुर्जर ने ग्रामीणों से अपील की बालिकाओं को एवं बालकों को राजकीय विद्यालय में अध्ययन करवाकर सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें वही दूर दराज से आने वाली बालिकाओ को इस योजना से लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर पूर्व सरपंच हीरालाल सैनी, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि बुधराम गढवाल, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल, मुरारीलाल, मूलाराम पंच, जगदीश योगी पंच, प्राधाना चार्य शेर सिंह सहित शिक्षक, जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# पावटा में सड़कों पर जगह-जगह गहरे गड्ढे

**पावटा,** (निसं)। पंचायत समिति पावटा के सर्विस रोड राठी मंदिर के पीछे कॉलोनी में ग्राम पंचायत पंडितपुरा का ललाना मान्जूकोट रोड की अधिकांश सड़कों में जगह-जगह गहरे-गहरे गड्ढे हो गए हैं। बारिश के समय इन सडकों में पानी भरने से तालाब जैसा नजारा दिखाई देता है।

सड़कों पर बारिश के समय कीचड़ और पानी भरने से वाहन चालकों को यहां से निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कीचड़ के कारण कई बार पैदल राहगीर और दोपहिया वाहन चालक फिसलने से गिर जाते हैं। वहीं विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में योजना के तहत करोंडों रुपए के सड़क निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इसके अलावा नगरपालिका व ग्राम पंचायत द्वारा हर साल लाखों रुपए खर्च कर शहर की सडकों, नालियों की मरमत की जा रही है। इसके बाद भी शहर में कई जगह गड्ढे हो रहे हैं। इससे स्थानीय रहवासियों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। हल्की बारिश के दौरान ही शहर की



पावटा में सड़कों पर भरे गंदे पानी व कीचड़ को लेकर लोगों ने आक्रोश जताया।

अधिकांश सडकों पर पानी भरने से तालाब जैसा नजारा दिखाई देते हैं। वहीं अधिक बारिश होने पर रहवासियों के घरों में पानी भर जाता है। इससे लोगों को परेशानी होती हैं। लोगों को अपने घर तक पहुंचने में सडक पर भरे पानी से होकर निकलना पडता है। वही शहर की अधिकांश नालियों में पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। इनमें महीनों

**■ विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में कारोड़ों के सड़क निर्माण चल रहे हैं, इसके बाद भी सड़कों की दुर्दशा**

से गंदा पानी भरा रहता है। नाली की सफाई लंबे समय से नहीं हुई है। इससे यहां से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पडता है। इस मौके पर पावटा में वार्ड पार्षद कृष्णा देवी ओला, लक्ष्मीनारायण शर्मा ,जगदीश ओला, श्रीराम यादव, मुकेश यादव, रामपाल यादव, विजय शर्मा, महेश शर्मा, हेमराज कुमावत, पुरुषोत्तम शर्मा ,अनिल शर्मा, बजरंग सिंह शेखावत, रतन सिंह शेखावत, बलवीर सिंह शेखावत, नवरत्न शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, मनोज स्वामी, रूमा देवी, संतोष देवी, सुमन देवी, मीना देवी व मांजूकोट सेजुगल किशोर, राजेश शर्मा, योगेश शर्मा, दुर्गा दत्त सहित ग्रामीणों ने आक्रोश जताया।

## सार-समाचार

### शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को 15 लाख रुपये की सहायता राशि दी



**टोंक।** जिला पुलिस टोंक द्वारा शहीद पुलिसकर्मियों को 15 लाख 95 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। जिला पुलिस टोंक में कार्यरत सुमन बाडोलिया महिला कानिस्टेबल नं. 1235 एवं बिन्टू चौधरी कानिस्टेबल नं. 1330 सडक दुर्घटना में राजकार्य करते हुए माह अक्टूबर, 2021 में शहीद हो जानें पर जिला पुलिस टोंक के अधिकारी/कार्मिको के द्वारा एक दिवस का वेतन आर्थिक सहायता के रुप में सुमन बाडोलिया एवं बिन्टू चौधरी के परिजनों को 15 लाख 95 हजार रुपये की राशि दी गई।

### चाकसू में 5129 बालकों को लगी वैक्सीन

**चाकसू,** (निसं)। चाकसू क्षेत्र में बुधवार को 15 से 18 आयु वर्ग के 2462 बालक-बालिकाओं को कोरोना से सुरक्षा के लिए वैक्सीन लगाया गया। मुख्य ब्लाक चिकित्सा अधिकारी डॉ. सोम्य पंडित के अनुसार तीन दिन में कुल 5129 बालकों के टीकाकरण किया जा चुका है। वैक्सीनेशन को लेकर बालकों में डर के स्थान पर उत्साह नजर आ रहा है। चाकसू स्थित आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में बुधवार को सीडीएस टीम ने 15 से 18 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं को को वैक्सीनेशन की प्रथम डोज लगाई। प्रधानाचार्य सुमेर सिंह शेखावत ,सीमा शर्मा, रामावतार जाट की उपस्थिति में सीडीएस टीम प्रभारी ने कोरोना वैक्सीनेशन के लाभ से अवगत कराते हुए सभी से आग्रह किया कि बढ़ती कोरोना की तीसरी लहर की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सावधानी बरतें।कोरोना गाइडलाइन का पालन करते रहे।इस अवसर पर विद्यालय परिवार के रघुनंदन शर्मा,अशोक कुमार, शंकरलाल सहित सभी लोग उपस्थित रहे।

### कोरोना जागरूकता रैली निकाली

**कोटपूतली।** कोटपूतली में बुधवार को जयपुर ग्रामीण पुलिस अधिक्षक मनीष अग्रवाल द्वारा राज्य सरकार के निर्देशानुसार कोविड19 जागरूकता रैली आयोजन अभियान के तहत एएसपी नवाब खां के निर्देशन में तथा डीएसपी संध्या यादव के सुपर वीजन में थाना प्रभारी सवाई सिंह के नेतृत्व में कस्बे में जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान जहां पुलिस अधिकारियों व कार्मिकों ने आमजन को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने का संदेश दिया। वहीं पुलिस अधिकारियों द्वारा कस्बे में बिना मास्क घुम रहे लोगों को मास्क वितरीत कर कोविड के प्रति सजग रहने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान 570 मास्क वितरीत किये गये। इस मौके पर तहसीलदार सुर्यकान्त शर्मा, पालिका अधिशाषी अधिकारी फतेहसिंह मीणा, सरूण्ड थाना प्रभारी दिलीप सिंह, प्रागपुरा थाना अधिकारी हवा सिंह व चिकित्सा विभाग की टीम सहित बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता मौजुद था।

### ट्रैफिक प्वाइंट शुरू, जाम से राहत मिली

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती नारेहड़ा बस स्टैंड पर ट्रैफिक प्वाइंट शरू होने से आये दिन लगने वाले जाम से राहत मिली है। प्वाइंट पर ट्रैफिक पुलिस के मोहन लाल यादव व सुवालाल गुर्जर तैनात रहते है। जीफ, टैम्पो चालक कहीं भी रोककर सवारी बैठाने और उतारने लगते हैं तथा बेतरतीब तरीके से वाहनों को चलाने और सड़क पर आड़े तिरछे खड़ा कर देने एवं शादियों के सीजन में लम्बा जाम लग जाता था। ट्रैफिक प्वाइंट शुरू होने के बाद पुलिस की भाग दौड़ कम हो गई है वहीं ग्रामीणों व व्यापारियों को राहत मिली है। सामाजिक कार्यकर्ता संजय सिंह, सरपंच रंजू कंवर, वार्ड पंच संजय जोशी, पवन सिंह आदि ने बताया की नारेहडा बस स्टैंड पर जाम हमेशा चर्चा में रहता था, लेकिन जनवरी 2021 से ट्रैफिक प्वाइंट शुरू होने से जाम से निजात मिली है। इससे जहां दुर्घटनाएं कम होगी, वहीं जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी।

### रवि कुमार ने स्वैच्छिक रक्तदान किया

**कोटपूतली।** भाजपा नेता मुकेश गोयल की पहल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर 2015 से शुरू हुआ रक्तमणि कार्यक्रम 2203 दिनों से सतत रूप से जारी है। स्थानीय श्रीकृष्णा अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में बुधवार को ग्राम बनेठी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता रवि कुमार शर्मा पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद शर्मा ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। गौरतलब है कि ब्लड बैंक में सभी ग्रुप के रक्त की आपूर्ती ही इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य है। इस कार्यक्रम में प्रतिदिन एक या अधिक व्यक्तियों का स्वैच्छिक रक्तदान करवाया जाता है तथा साथ ही यह भी ध्यान रखा जाता है कि ब्लड बैंक में जिस ग्रुप की कमी चल रही हो उसी ग्रुप के लोगों का स्वैच्छिक रक्तदान हो। इस अवसर पर रक्तमणि संयोजक मुकेश गोयल बेटी बचाओं अभियान की सदस्या वंदना देवी, संजय यादव, सतीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया

**पावटा।** विराटनगर विधान सभा क्षेत्र में शहर जल योजना के लिए 16 करोड़ 80 लाख रुपए की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी करवाने पर ग्रामवासियों ने विधायक इंद्राज गुर्जर का आभार जताया। ग्रामीणों ने मिठाइयां बांटकर की खुशी जाहिर और विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि क्षेत्र में विकास के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। वहीं विधायक इंद्राज गुर्जर द्वारा शहर जल योजना मिशन के तहत ग्रामीणों को पेयजल योजना के रुपए मंजूर होने पर विराटनगर प्रधान प्रतिनिधि नरेंद्र जॉनसन, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहर सिंह धनकड, सरपंच संघ अध्यक्ष शीशराम दायमा, बीलवाडी पूर्व सरपंच मुरारी सिंधु , नवरंगपुरा पूर्व सरपंच रामशरण गुर्जर, हंसराज भैसला, विक्रम शुक्ल, कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष अजय सैनी, नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, मनोज अग्रवाल, सहित कार्यकर्ता व ग्रामीणों ने विधायक गुर्जर का आभार जताया।

### टी-20 प्रतियोगिता के मैच स्थगित

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड के लाल क्लब स्टेडियम पर ऑल इंडिया ट्वेंटी-ट्वेंटी देसी बीट्स चौंपियनशिप के तहत आयोजित हो रही क्रिकेट प्रतियोगिता का कोरोना गाइड लाइन के तहत में मैच स्थगित होने के बाद खिलाड़ियों में व क्रिकेट प्रेमियों में गहरी मायूसी देखी गई। बुधवार को दो मैच आयोजित हुए। जहां पहला मैच लालसोट के विजेता फ्रेंड्स क्लब के नाम रहा।पहले मैच में कॉलेज टाइगर्स ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 139 रनों पर ऑल आउट हो गई। जवाब में फ्रेंड्स क्लब लालसोट की टीम ने 141 रन 8 विकेट के नुकसान पर बनाये। फ्रेंड्स क्लब लालसोट ने मैच को 2 विकेट से जीता। दूसरा मैच बारिश के कारण स्थगित किया गया।निदेशक सुशील जैन एवं प्रवक्ता रोहित पंसारी ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता कोरोना के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए आगामी सूचना तक स्थगित की गई है।

### रूक-रूक कर हुई बरसात

**टोंक,** (निसं)। जिले के टोडारायसिंह क्षेत्र में विक्षोभ के चलते हो रही बरसात से चना, सरसों, तारामीरा सहित अन्य फसलों के लिए अच्छा माना जा रहा है। बुधवार को सुबह से बादल छाए रहे, दोपहर बाद रूक रूक कर हल्की बरसात होती रही। बरसात से ठिठुरन बढ़ने से आमजन प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र के गांव पंवालिया, कूकड, भांवता, श्रीनगर आदि गांवों में बुधवार को दोपहर बाद रूक रूक बरसात होने से एक ओर फसलों को फायदा होगा, दूसरी ओर शीत लहर की संभावना से किसान चिंतित है। बरसात से मौसम में ठण्डक बढने से भी परेशानी का सामना करना पड रहा है। ठण्ड बढने से अधिकतर लोग घरों में रहे और अलाव का सहारा लेते रहे। इस दौरान आमजन घरों में दुबके रहे।

### 142 छात्रों को ऊनी वस्त्र बांटे

**मालपुरा।** राउमावि कांटोली व राउमावि सिंधोलिया में मंगलवार को 142 विद्यार्थियों को भामाशाहाओं द्वारा ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया। राकेश जैन ने बताया कि सीईओएचएफ मेटल्स जयपुर अजॉयबंसल व संस्था निदेशक मोनिका बंसल, विद्या ज्योति सेवा समिति अध्यक्ष अनिल सुराशाही ने कांटोली विद्यालय में कक्षा 1 से 5 तक के 125 विद्यार्थियों को ऊनी वस्त्रों का वितरण कर सर्दी से राहत पहुंचाई। संस्था प्रधान महेन्द्र शर्मा ने भामाशाहओं का आभार जताया। वही सिंधोलिया विद्यालय मे विद्यालय की ही शिक्षिका सुनिता शेखावत ने 17 विद्यार्थियों को गणवेश तथा मिड-डे मिल सहायिकाओं को गर्म कपडे वितरण किये।



मैं एशेज शृंखला हारने की पूरी जिम्मेदारी लेता हूँ। हम माफी की मांग सकते है। मैं जानता हूँ कि लोग बहुत नाराज होंगे। पिछले 34 साल से हम आस्ट्रेलिया जा रहे है और एक ही बार (2010-11) जीते है। – एशेज जाइल्स

इंग्लैड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड प्रबंध निदेशक, एशेज इंग्लैड की हार पर

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ग्लेन मैक्सवेल



**ऑस्ट्रेलियाई** ऑलराउंडर एवं बिग बैश लीग (बीबीएल) फ्रेंचाइजी मेलबोर्न स्टार्स के कप्तान ग्लेन मैक्सवेल कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। फ्रेंचाइजी ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। मेलबोर्न स्टार्स ने एक ट्वीट में लिखा, हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि मैक्सवेल रैपिड एंटीजन टेस्ट में कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि बीबीएल में अब तक 12 खिलाडी और सपोर्ट स्टाफ के आठ सदस्य कोरोना की चपेट में आ चुके हैं। मैक्सवेल इस सूची में नया नाम हैं।

क्या आप जानते हैं ?... महान फुटबॉलर पेले विश्व कप जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी है। 1959 में जब थे 17 वर्ष और 8 माह के थे तब ब्राजील ने विश्व कप जीता था।

# दक्षिण अफ्रीका को चाहिए 122, भारत को 8 विकेट

जोहान्सबर्ग, 5 जनवरी। कैगिसो रबादा, लुंगी एनगिदी और मार्को यानसन के तीन तीन विकेटों की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने भारत को दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन बुधवार को लंच के बाद दूसरी पारी में 266 रन पर समेट दिया जिससे उसे जीत के लिए 240 रन का लक्ष्य मिला। दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टंप्स तक दो विकेट खोकर 118 रन बना लिए हैं और मैच जीतने के लिए उसे 122 रन की जरूरत है।

भारत के लिए अनुभवी बल्लेबाजों चेतेश्वर पुजारा (53) और अजिंक्या रहाणे (58) ने अर्धशतक बनाये जबकि हनुमा विहारी 40 रन बनाकर नाबाद रहे। शार्दुल ठाकुर ने आक्रामक अंदाज में 28 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टंप्स तक दो विकेट खोकर 118 रन बना लिए हैं और मैच जीतने के लिए उसे 122 रन की जरूरत है।

पहली पारी में सात विकेट लेने वाले शार्दुल ठाकुर ने एडन मारक्रम को पगबाधा आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। मारक्रम ने 38 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 31 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका का पहला विकेट 47 के स्कोर पर गिरा। एल्गर ने कीगन पीटरसन के साथ दूसरे विकेट के लिए 46 रन जोडे और टीम को लक्ष्य की तरफ बढाया। ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पीटरसन को पगबाधा कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। पीटरसन ने 44 गेंदों में चार चौकों के सहारे 28 रन बनाये। स्टंप्स के समय एल्गर 121 गेंदों पर दो चौकों के सहारे 46 और रैसी वान डेर डुसेन 37 गेंदों में 11 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं।

पुजारा और रहाणे ने आज सुबह टीम के कल के स्कोर 85 रन पर दो विकेट से आगे खेलना शुरू किया और आउट होने से पहले 70 रन और जोडे। दोनों बल्लेबाजों ने अर्धशतकीय पारी खेलते हुए तीसरे विकेट के लिए 111 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की, हालांकि तेज गेंदबाज कैगिसो रबादा ने घातक गेंदबाजी करते हुए दोनों बल्लेबाजों को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की वापसी कराई। 155 के स्कोर पर रहाणे और 163 रन पर पुजारा का विकेट गिरा। रहाणे ने आठ चौकों और एक छक्के के सहारे 78 गेंदों पर 58 जबकि पुजारा 10 चौकों की मदद से 86 गेंदों पर 53 रन बना कर आउट हुए।

इसके बाद पांचवां और छठा विकेट भी जल्दी गिर गया। विकेटकीपर ऋषभ पंत रबादा की गेंद पर आगे बढ़कर बडा शॉट मारने की कोशिश में जहां खाता खोले बिना आउट हो गए, वहीं ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने दो चौकों के सहारे 14 गेंदों पर 16 रन बना कर अपना विकेट गंवा दिया। लंच के समय हनुमा विहारी और शार्दुल ठाकुर क्रीज पर हैं और क्रमश: 26 गेंदों पर छह और तीन गेंदों में चार रन पर खेल रहे हैं।



**स्कोर बोर्ड**

भारत (पहली पारी) 202

दक्षिण अफ्रीका (पहली पारी) 229

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| लोकेश राहुल का माक्रम बो यानसन | 8 | 21 | 1 | 0 |
| मयंक अठावाल पगबाधा बो ओलिवियर | 23 | 37 | 5 | 0 |
| चेतेश्वर पुजारा पगबाधा बो रबादा | 53 | 86 | 10 | 0 |
| अजिंक्या रहाणे का वेरेने बो रबादा | 58 | 78 | 8 | 1 |
| हनुमा विहार अविजित | 40 | 84 | 6 | 0 |
| ऋषभ पंत का वेरेने बो रबादा | 0 | 3 | 0 | 0 |
| रविचंद्रन अश्विन का वेरेने बो एनगिदी | 16 | 14 | 2 | 0 |
| शार्दुल ठाकुर का महाराज बो यानसन | 28 | 24 | 5 | 1 |
| मोहम्मद शमी का वेरेने बो यानसन | 0 | 6 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह का यानसन बो एनगिदी | 7 | 14 | 0 | 1 |
| मोहम्मद सिराज बो एनगिदी | 0 | 2 | 0 | 0 |
| **अतिरिक्त :** | 33 | | | |

**कुल :** 60.1 ओवर में 266 रन

**विकेट पतन :** 1-24, 2-44, 3-155, 4-163, 5-167, 6-184, 7-225, 8-228, 9-245, 10-266

**गेंदबाजी :** कैगिसो रबादा 20-3-77-3, डुएने ओलिवियर 12-1-51-1, लुंगी एनगिदी 10.1-2-43-3, मार्क यानसन 17-4-67-3, केशव महराज 1-0-8-0

| दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एडन मारक्रम पगबाधा बो शार्दुल | 31 | 38 | 6 | 0 |
| डीन एल्गर खेल रहे | 46 | 121 | 2 | 0 |
| कीगन पीटरसन पगबाधा बो अश्विन | 28 | 44 | 4 | 0 |
| रैसी वान डेर डुसेन खेल रहे | 11 | 37 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त : | 02 | | | |

**कुल:** 40 ओवर में दो विकेट पर 118 रन

विकेट पतन : 1-47, 2-93

**गेंदबाजी :** जसप्रीत बुमराह 10-1-42-0, मोहम्मद शमी 9-2-22-0, शार्दुल ठाकुर 9-1-24-1, मोहम्मद सिराज 4-0-14-0, रविचंद्रन अश्विन 8-1-14-1

## 'मुझे दक्षिण अफ्रीका और आरसीबी के लिए अहम भूमिका निभानी है'



जोहानसबर्ग, 5 जनवरी। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डीविलियर्स को भरोसा है कि उन्हें राष्ट्रीय टीम के साथ-साथ आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

विश्व क्रिकेट के महान बल्लेबाजों में से एक डीविलियर्स ने पिछले साल नवंबर में सभी तरह के क्रिकेट से संन्यास लिया था। टाइम्स लाइव से बातचीत के दौरान डीविलियर्स ने कहा, मैं मानता हूं कि मुझे दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट और आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए अहम भूमिका निभानी है। मैं नहीं जानता कि भविष्य में क्या होगा। 20,014 अंतर्राष्ट्रीय रन बनाने के अलावा डीविलियर्स के नाम वनडे में सबसे तेज़ अर्धशतक, शतक और 150 रन बनाने का रिकॉर्ड है। रॉयल चैलेंजर्स के लिए उन्होंने 157 मैचों में 4522 रन बनाए हैं। 37 वर्षीय डीविलियर्स ने कहा कि वह प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को सलाह दे रहे हैं और भविष्य के लिए उन्हें तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा इस बारे में कोई नहीं जानता है। मुझे उम्मीद है कि आगे चलकर एक दिन मैं कह सकूंगा कि मैंने कुछ खिलाड़ियों के जीवन को बदलने में अपना योगदान दिया। 2018 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके डीविलियर्स ने बताया कि उन्हें कोरोना महामारी में कई व्यक्तिगत चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, ''पिछले साल दो बार आईपीएल के लिए जाना, यात्रा प्रतिबंधों, कोरोना टेस्ट, रद्द उड़ानों से जूझना और बच्चों की पढ़ाई का प्रबंधन करना चुनौतीपूर्ण था। पिछले कुछ वर्षों में मैंने अपने बच्चों को दौरे पर नहीं ले जाने का निर्णय लिया था। मेरे लिए खुद को प्रेरित करना और सचेत रहना सबसे बड़ी चुनौती थी।'' वह आगे कहते हैं कि उन्हें कोविड भी हो गया था और वह 10-12 दिन तक बीमार रहे। मई 2020 में आईपीएल को स्थगित कर दिया गया था जब भारत में टीमों के बायो-बबल में कई खिलाड़ी कोरोना संक्रमित पाए गए थे। साल के अंतिम भाग में टूर्नामेंट के बचे हुए मैच यूएई में खेले गए।डीविलियर्स ने बताया कि उसी ऊर्जा के साथ सबसे बड़े मंच पर खुद को साबित करना कठिन हो रहा था।

## श्रीजेश वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर के लिए नामित

बेंगलुरु, 5 जनवरी। टोक्यो ओलम्पिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश को प्रतिष्ठित वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। वह इस वर्ष इस पुरस्कार के लिए नामित होने वाले एकमात्र भारतीय है।

श्रीजेश ने टोक्यो ओलम्पिक में भारत को 41 साल के लम्बे अंतराल के बाद मिली पदक सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। कांस्य पदक मुकाबले में जर्मनी के खिलाफ मैच में श्रीजेश के डिफेंस का महत्वपूर्ण योगदान रहा था। 17 देशों से 24 एथलीटों को उनके संबंधित खेल महासंघों ने इस पुरस्कार के लिए नामित किया है लेकिन श्रीजेश का नाम अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने 2021 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए नामित किया है। अनुभवी गोलकीपर श्रीजेश ने इस नामांकन के बारे में कहा, मुझे लगता है कि यह नामांकन काफी खास है, क्योंकि यह शानदार टीम वर्क को पहचानता है। नामांकित होने के लिए मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं और सच में यह टीम को जाता है। टीम की कडी मेहनत के कारण ही हम दुनिया भर में पहचाने जा रहे हैं। इस सारी सफलता का श्रेय हॉकी इंडिया के समर्थन के लिए उसे भी जाता है। उसके बिना यह संभव नहीं हो सकता था। अब यह प्रशंसकों पर निर्भर है कि वे इस पुरस्कार के लिए योग्य विजेता का चयन करें।

# बंगलादेश की विश्व टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड पर पहली जीत

माउंट मौंगानुई, 5 जनवरी। मध्यम तेज गेंदबाज इबादत हुसैन (46 रन पर छह विकेट) की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से बंगलादेश ने न्यूज़ीलैंड को पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन बुधवार को आठ विकेट से हराकर इतिहास रच दिया।

बंगलादेश ने मेजबान टीम को दूसरी पारी में 169 रन पर निपटा दिया और उसने जीत के लिए 40 रन के लक्ष्य को दो विकेट पर 42 रन बनाकर हासिल कर लिया। बंगलादेश ने इस तरह विश्व टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में अपनी पहली जीत दर्ज की। इससे पहले बंगलादेश ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध 15 टेस्ट मैच खेले थे जिनमें 12 में उन्हें हार का सामना करना पडा था। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भी इससे पूर्व नौ में से आठ मैच हारने के बाद यह उनकी पहली जीत है।

इस टेस्ट में बंगलादेश की जीत किसी भी फॉर्मेट में न्यूजीलैंड के ख़िलाफ उनकी धरती पर पहली जीत है। न्यूज़ीलैंड ने घरेलू मैदान पर इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खेले गए 32 मुक़ाबले जीते थे। यह किसी भी टीम का एक दूसरी टीम के खिलाफ अपने घर में सबसे लंबा जीत का सिलसिला है।



इस मैच के साथ न्यूज़ीलैंड का अपने घर में टेस्ट क्रिकेट में 17 मैचों का अविजित अनुक्रम टूट गया। दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ़ 2017 में हार के बाद से शुरू हुआ यह सिलसिला न्यूज़ीलैंड के इतिहास में सर्वोपरि है। इस हार का मतलब यह भी हुआ कि न्यूज़ीलैंड के अपने घर में आठ लगातार सीरीज़ जीतने के कीर्तिमान पर भी अंकुश लग गया है।

बंगलादेश की विदेशी जमीन पर यह छठी टेस्ट जीत है।न्यूज़ीलैंड के विरुद्ध पहले टेस्ट में जीत से पहले बंगलादेश ने विदेशी धरती पर पांच टेस्ट जीते थे। 2009 में वेस्टइंडीज़ में दो टेस्ट जीतने के अलावा उन्होंने ज़िम्बाब्वे में 2013 और 2021 में टेस्ट मैच जीता था जबकि 2017 में श्रीलंका को भी श्रीलंका में हराया था। न्यूज़ीलैंड की दूसरी पारी के दौरान इबादत हुसैन का 46 रन पर छह विकेट का गेंदबाज़ी विश्लेषण बंगलादेश के लिए टेस्ट क्रिकेट में किसी तेज गेंदबाज़ के लिए दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। 2008 में ढाका में शहादत हुसैन ने दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध 27 रन देकर छह विकेट लिए थे। अप्रैल 2013 के बाद इबादत टेस्ट पारी में पांच विकेट लेने वाले पहले बंगलादेशी तेज गेंदबाज़ भी बने। लगभग नौ साल पहले यह काम रोबिउल इस्लाम ने किया था। दूसरी पारी में न्यूज़ीलैंड ने अपने आख़िरी आठ विकेट के लिए केवल 33 रन जोड़े जो किसी भी टीम के लिए बंगलादेश के विरुद्ध सबसे कम रन हैं इससे पहले आख़िरी आठ विकेट पर बंगलादेश के ख़िलाफ़ सबसे ख़राब प्रदर्शन इंग्लैंड का था, जो 2016 में दो विकेट पर 126 से 164 ऑल आउट हो गए थे। इस मैच में न्यूज़ीलैंड के आख़िरी छह बल्लेबाजों ने पूरे टेस्ट में कुल 60 रन बनाए।

## 'जोकोविच के लिए कोई खास नियम नहीं'

मेलबोर्न, 5 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाडी नोवाक जोकोविच को आगामी ऑस्ट्रेलियन ओपन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए कोरोना वैक्सीन की स्थिति स्पष्ट करने से छूट मिलने के एक दिन बाद बुधवार को कहा कि जोकोविच के लिए कोई विशेष नियम नहीं होना चाहिए।

मॉरिसन ने बीबीसी को दिए एक बयान में कहा, अगर उनके साक्ष्य अपर्याप्त हैं तो उन्हें किसी और से अलग नहीं माना जाएगा। नोवाक जोकोविच के लिए बिल्कुल भी खास नियम नहीं होने चाहिए, चाहे वो जो भी हों।

उल्लेखनीय है कि जोकोविच ने मंगलवार को एक ट्वीट में घोषणा की थी कि वह छूट की अनुमति के साथ सीजन के पहले ग्रैंड स्लैम में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएंगे। उन्होंने ट्वीट में लिखा था, मैंने ब्रेक के दौरान अपने प्रियजनों के साथ शानदार क्वालिटी समय बिताया है और आज मैं शर्तों में छूट की अनुमति के साथ ऑस्ट्रेलिया जा रहा हूं। 34 वर्षीय जोकोविच पिछले कुछ समय से अपने कोरोना वैक्सीन लगाने के स्टेटस का खुलासा न करने को लेकर विवाद में रहे हैं। दरअसल मेलबोर्न में प्रतिस्पर्धा करने के लिए वैक्सीन लगाने की स्थिति स्पष्ट करना एक शर्त है जब तक किसी को इसमें छूट नहीं दी जाती। इस बात को लेकर ऑस्ट्रेलियाई सरकार और जोकोविच के बीच तनातनी भी रही, लेकिन अंततः उन्हें छूट दे दी गई।

## ओडिशा स्पोर्ट्स ने अंडर-17 खिलाड़ियों के लिए टीकाकरण अभियान शुरू किया

भुवनेश्वर, 5 जनवरी। ओडिशा स्पोर्ट्स ने खिलाडियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को महत्व देते हुए और भारतीय फुटबॉल के समर्थन में भुवनेश्वर की अंडर-17 पुरुष टीम के खिलाड़ियों के लिए टीकाकरण अभियान शुरू किया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के उप महासचिव अभिषेक यादव ने बुधवार को भारतीय फुटबॉल के साथ ओडिशा सरकार की दीर्घकालिक साझेदारी की सराहना करते हुए कहा, ओडिशा स्पोर्ट्स ने हमेशा खिलाड़ियों और अधिकारियों की भलाई को सर्वोपरि माना है। अंडर-17 टीम का हालिया टीकाकरण खेल और खिलाडियों के प्रति ओडिशा स्पोर्ट्स की सहानुभूति को दर्शाता है। ओडिशा भारतीय फुटबॉल का दूसरा घर रहा है और टीम यहां सुरक्षित महसूस करती है। टीम के मुख्य कोच शुवेंदु पांडा ने ओडिशा सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, खतरनाक बीमारी से बचाव के लिए खिलाड़ियों को प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीन की पहली खुराक दिलाने का मौका दिया गया। बहुमूल्य जीवन को किसी भी संभावित संक्रमण से बचाने के लिए राज्य सरकार के इस तरह के समर्थन की सराहना करता हूं। उन्होंने कहा, यह टीकाकरण अभियान न केवल खिलाडियों की मदद कर रहा है, बल्कि पूरे देश के लिए भी बहुत मददगार होगा, क्योंकि अंडर-17 फुटबॉल टीम की तैयारी बिना किसी डर के जारी रहेगी। ओडिशा सरकार न केवल राष्ट्रीय टीम को विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा, सुविधाएं और आतिथ्य प्रदान कर रही है बल्कि खिलाड़ियों को उनके बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए हरसंभव सहायता भी दे रही है। ओडिशा सरकार के बिना शर्त समर्थन से देश के साथ-साथ ओडिशा में भी फुटबॉल खेल को काफी प्रोत्साहन मिलेगा। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 25 दिसंबर, 2021 को घोषणा की थी कि 15 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चे ओमिक्रॉन संस्करण को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच कोरोना वैक्सीन लगवाने के योग्य होंगे।

## तीन मैचों के बाद पुणे को मिली पहली जीत, गुजरात को 7 अंक से हराया

बेंगलुरू, 5 जनवरी। अपने युवा रेडरों मोहित गोयत (10 अंक) और असलम इनामदार (8 अंक) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर पुनेरी पल्टन ने वीवो प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आठवें सीजन के 34वें मैच में बुधवार को गुजरात जाएंट्स को 33-26 के अंतर से हरा दिया। दोनों टीमों का यह छठा मैच था। गुजरात को अब तक तीन हार मिली है जबकि पल्टन को लगातार तीन हार के बाद पहली जीत नसीब हुई है। इस जीत ने पल्टन को एक स्थान का फायदा दिया है। गुजरात ने इस सीजन का अपना पहला मैच जीता था, उसके बाद से उसे जीत का इंतजार है। बहरहाल, दोनों टीमों ने सावधान शुरुआत की। छह बाद स्कोर 4-4 था। हालांकि पल्टन ने दो डू ओर डाई रेड पर अंक लेते हुए आठवें मिनट में दो अंक की लीड ले ली। पुणे का डिफेंस बेहतर खेल रहा था। उसने इन फार्म राकेश नरवाल को तीसरी बार लपका और स्कोर 8-4 कर दिया। पल्टन ने 10 मिनट के अंदर आखिरकार गुजरात का सूपडा साफ कर 12-4 की लीड ले ली। एचएस राकेश ने गुजरात के लिए पहली मल्टी प्वाइंट रेड की लेकिन डिफेंस लगातार गलतियां कर रहा था। हालांकि रवींदर पहल ने 14वें मिनट में विश्वास को लपक कर न सिर्फ अपने 350 टैकल प्वाइंट्स पूरे किए बल्कि स्कोर 9-13 भी कर दिया। असलम ने एचएस राकेश की अगली रेड पर एडवांस टैकल की गलती की और गुजरात को अंक दे दिया। पल्टन को 6 प्वाइंट की लीड थी लेकिन अब यह चार की रह गई है। राकेश नरवाल ने एक बेहतरीन एक्सकेप के जरिए इसे तीन कर दिया। मोहित गोयत और विश्वास ने लगातार दो अंक लेकर स्कोर 16-11 कर दिया। फिर मोहित ने अगली रेड पर दो अंक लेकर पल्टन को सात अंक की दिला दी। पहला हाफ 19-13 से पल्टन के पक्ष में रहा। इस हाफ दोनों टीमों का डिफेंस सुस्त रहा। पल्टन ने तीन जबकि गुजरात ने दो टैकल अंक लिए। रेडिंग में पल्टन को 13 और गुजरात को 11 अंक मिले। गुजरात फिर आलआउट के कगार पर थे। सुपर टैकल आन था। ब्रेक के बाद अजय ने एक अंक लिया और आलआउट बचाया लेकिन यह बहुत देर के लिए नहीं था। गुजरात फिर आलआउट हो गई। पल्टन 24-16 से आगे थए। अजय की अगली रेड पर गुजरात को एक अंक मिला। विश्वास ने एचएस राकेश के खिलाफ डबल थाई टैकल पर स्कोर 25-20 कर दिया।

# नॉर्थईस्ट के खिलाफ जीत की राह पर लौटने को बेताब जमशेदपुर

बैम्बोलिन, 5 जनवरी। जमशेदपुर एफसी जब गुरुवार को बैम्बोलिन स्थित जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 के मुकाबले में अप्रत्याशित नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी का सामना करेगा, तो वो पिछले कुछ उदासीन परिणामों से उबरकर जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगा।

जमशेदपुर का कुछ प्रतिभाशाली फुटबॉलर्स के साथ इस सीजन में शानदार रहा है। लेकिन कोच ओवेन कोयले की टीम अपने पिछले तीन मैचों से मात्र दो अंक ही जुटा सकी है। जमशेदपुर पिछले मुकाबले में चेन्नइयन एफसी से हार गया था, जिससे उसके अंदर जीत के लिए जूझने की कमी साफ नजर आई थी। जमशेदपुर नौ मैचों में तीन जीत और चार ड्रा से 13 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर है और कल की जीत उसे टॉप फोर में वापस पहुंचा सकती है। वहीं, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड आठ अंकों के आथ दसवें स्थान पर है और यह मुकाबला उसके लिए आगे बढ़ने का होगा। हाईलैंडर्स के नौ मैचों से दो जीत व दो ड्रा से आठ अंक हैं।

जमशेदपुर को छोड करके लिथुआनियन स्ट्राइकर नेरिजस वाल्सकिस चेन्नइयन एफसी में शामिल हो चुके हैं। मैन ऑफ स्टील इस झटके को झेल सकती है क्योंकि उसके लिए ठोग स्टीवर्ट दमदार प्रदर्शन कर रहे हैं। ये स्कॉटिश फॉरवर्ड इस सीजन में जमशेदपुर के कुल गोल का 64.3 फीसदी स्कोर चुका है। लेकिन कोच कोयले की चिंता ठोग पर बढ़ती निर्भरता है। खराब फॉर्म के बावजूद जमशेदपुर का डिफेंस मजबूत बना हुआ है। क्लब ने अपने पिछले चार मैचों में ओपन प्ले से सिर्फ एक गोल खाया है। कोयले ने कहा हमें चेन्नइयन के खिलाफ मैच से अंक लेने चाहिए थे। हमारे पास कुछ मौके थे जिन्हें हम भुनाने से चूक गए। लेकिन चेन्नइयन को भाग्य का साथ मिला और उन्हें पूरे अंक मिले।

## रैंकिंग में राहुल की 18 स्थान की छलांग, शमी, मयंक और बुमराह को भी फायदा

दुबई, 5 जनवरी। सेंचूरियन टेस्ट में शतक बनाने वाले ओपनर लोकेश राहुल को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 18 स्थान का फ़ायदा हुआ है और वह वर्तमान में बल्लेबाजों की रैंकिंग में 31वें नंबर पर आ गए हैं। वहीं दूसरे भारतीय सलामी बल्लेबाज मयंक अठावाल और तेज गेंदबाजों मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह को भी रैंकिंग में फायदा मिला है। पहली पारी में पंजा जडकर मैच में कुल आठ विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अब गेंदबाजों की रैंकिंग में 17वें स्थान पर हैं। सेंचूरियन टेस्ट में पांच विकेट लेकर जसप्रीत बुमराह ने टॉप 10 में वापसी की और वह नौवें स्थान पर हैं। वहीं मयंक अग्रवाल को भी पहली पारी में 60 रन की पारी खेलने का लाभ हुआ और वह एक स्थान आगे बढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। अजिंक्य रहाणे को भी 48 और 20 की पारी खेलने का लाभ मिला और वह दो स्थान ऊपर पहुंचकर 25वें स्थान पर आ गए।

इसी मैच में आठ विकेट लेने वाले लुंगीसानी एनगिदी को 16 स्थान का फायदा हुआ है और वह गेंदबाजों की रैंकिंग में 30वें स्थान पर आ गए हैं। पहले टेस्ट में 52 और नाबाद 39 का स्कोर बनाने वाले दक्षिण अफ्रीकी उपकप्तान तेम्बा बवूमा को भी 16 स्थान का लाभ हुआ है और वह अब 39वें नंबर पर हैं वहीं सात विकेट लेकर कैगिसो रबादा भी एक स्थान की बढोतरी के साथ छठा स्थान हासिल किया है।

## पांचवें और आखिरी एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई टीम में जुडेंगे ट्रैविस हेड

मेलबोर्न, 5 जनवरी। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड कोरोना नेगेटिव आने के बाद मौजूदा एशेज टेस्ट सीरीज के पांचवें और आखिरी मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी के लिए तैयार हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने बुधवार को इसकी जानकारी दी।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, हेड की क्वारंटीन अवधि समाप्त हो गई है। वह आज सुबह हुए कोरोना टेस्ट में नेगेटिव पाए गए हैं और अब उनका एक और रैपिड एंटीजन टेस्ट होगा। अगर वह इसमें नेगेटिव आते हैं तो वह सिडनी के लिए उडान भरेंगे। शुक्रवार को वह आखिरी रैपिड एंटीजन टेस्ट कराएंगे।

# ऑस्ट्रेलिया पहले दिन तीन विकेट पर 126

सिडनी, 5 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे एशेज टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को 46.5 ओवर के खेल में तीन विकेट खोकर 126 रन बना लिए।

मैदान गीला होने के कारण खेल विलम्ब से शुरू हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। डेविड वार्नर और मार्कस हैरिस ने ओपनिंग साझेदारी में 51 रन जोड़े। तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने वार्नर को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। वार्नर ने 72 गेंदों में छह चौकों की मदद से 30 रन बनाये।

हैरिस और मार्नास लाबुशेन ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। जेम्स एंडरसन ने हैरिस को जो रुट के हाथों कैच कराकर इंग्लैंड को दूसरी सफलता दिलाई। हैरिस ने 109 गेंदों पर 38 रन में चार चौके लगाए। लाबुशेन 59 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 28 रन बनाकर मार्क वुड का शिकार बने। स्टंप्स के समय स्टीवन स्मिथ छह और अंतिम एकादश में शामिल किये गए उस्मान ख्वाजा चार रन बनाकर नाबाद हैं। इंग्लैंड की तरफ से ब्रॉड,एंडरसन और वुड ने एक-एक विकेट लिया।



# पहली बार 2 शावकों के साथ दिखी एसटी-19 बाघिन

## सरिस्का रिजर्व के ट्रैप कैमरे में दिखी रॉयल फैमिली, टाइगर की संख्या अब 25 हो गई है

अलवर, 5 जनवरी (निसं)। अलवर बफर जोन में एसटी-19 बाघिन अपने 2 शावकों के साथ नजर आई है। ट्रैप कैमरा की तस्वीरें सामने आने के बाद सरिस्का प्रशासन ने खुशी जताई है। अब सरिस्का में टाइगर की संख्या 25 हो गई है। इनमें 11 फीमेल, 8 मेल और 6 शावक हैं।

सरिस्का बाघ परियोजना के वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक आरएन मीणा ने बताया कि सरिस्का के अलवर बफर जोन के बारालिवारी वन क्षेत्र में टाइगर एसटी 19 के दो शावक दिखे हैं। इनकी उम्र करीब 2 माह लगती है। 5 जनवरी को पहली बार शावक नजर आए हैं। वैसे टाइगर एसटी 19 की मॉनिटिरिंग पिछले साल अक्टूबर और नवम्बर माह से जारी थी। अब टाइगर के शावक मिलने के बाद वन अधिकारी व कर्मचारियों को विशेष मॉनिटरिंग रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस क्षेत्र में और मॉनिटरिंग के लिए कैमरा ट्रैप लगाए जा चुके हैं। बफर जोन का क्षेत्र अलवर शहर के बाला किला, सिलीसेढ़ , डडीकर तक आता है। हालांकि इस क्षेत्र में टाइगर की साइटिंग नहीं के बराबर है।

अब टाइगर के शावक होने से भविष्य में साइटिंग होने की संभावनाएं बढ़ने लगी है। असल में सरिस्का में टाइगर का कुनबा भी खूब बढ़ता जा रहा है। साल 2004 में पूरे सरिस्का में एक भी बाघ नहीं बचा था। वर्ष 2008 में पहली बार सरिस्का में बाघ शिफ्ट किया गया। उसके बाद सरिस्का वापस बाघों से आबाद होने लगा है। यहां बाघ की संख्या बढ़ने के साथ टूरिस्ट की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। भविष्य में यह संख्या और तेजी से बढ़ने के आसार हैं। वन अधिकारियों के अनुसार अलवर बफर जोन करीब सवा दो सौ किलोमीटर में फैला है।



*सरिस्का टाइगर रिज़र्व में बाघिन एस टी-19 दो शावकों के साथ विचरण करती हुई देखी गई हैं। हाल ही में बाघिन और उसके शावकों की तस्वीरें कैमरा ट्रैप में रिकॉर्ड हुई हैं।*

## 'सरकार पैट्रोल-डीजल के दामों में 25 रू. की कटौती करे'

नई दिल्ली, 5 जनवरी (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कच्चे तेल के दाम में जिस स्तर पर गिरावट आयी है उसके अनुसार देश की जनता को राहत देते हुए सरकार को पेट्रोल तथा डीजल के दाम 25 रुपए तक कम करनी चाहिए।

■ कांग्रेस ने कहा है कि, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के दाम कम हो चुके हैं लेकिन सरकार महंगे पैट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती का कोई नाम ही नहीं ले रही

कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने यह मांग करते हुए कहा कि मोदी सरकार तेल पर उत्पाद शुल्क कांग्रेस सरकार के स्तर पर लाकर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में हो रही कमी का लाभ देशवासियों को पहुंचाए और पेट्रोल की कीमतों में 26.42 तथा डीज़ल की कीमतों में 25.24 रुपए की कमी करे। उन्होंने कहा कि हाल में हिमाचल प्रदेश सहित कई राज्यों में उप चुनाव हारने पर मोदी सरकार ने तुरंत पांच रुपए प्रति लीटर की कमी का झुनझुना देशवासियों को थमा दिया था।

## 'करोना ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

राजनैतिक दलों की पैठ का लाभ उठाया करता है। जहाँ तक उत्तर प्रदेश का प्रश्न है, ऐसा लग रहा है कि सपा ने भाजपा को मुख्य चुनौती देने वाली पार्टी के रूप में अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली है।

# नई गाइड लाइन के तहत "प्रशासन शहरों व गांवों के संग" अभियान स्थगित

## राज्य में बढ़ते करोना संक्रमण के चलते गृह विभाग ने नई गाइड लाइन जारी कर कई पाबंदियां लगाईं

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 5 जनवरी । राजस्थान में करोना के नये वैरिएंट "ओमक्रॉन" के बढ़ते संक्रमण के चलते राज्य सरकार ने "प्रशासन शहरों व गांवों के संग" अभियान के शिविर स्थगित कर दिये हैं। साथ ही जयपुर के साथ-साथ अब जोधपुर शहरी क्षेत्र में भी आठवीं कक्षा तक के स्कूल 17 जनवरी तक बंद रहेंगे। पूरे प्रदेश में रात 11 से सुबह 5 बजे तक जनअनुशासन कर्फ्यू लागू रहेगा। गृह विभाग ने बुधवार देर शाम नई गाइडलाइन जारी करके यह पाबंदियां लगाई है। यह गाइडलाइन आगामी 7 जनवरी से लागू होंगी।

दरअसल बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीडियो कॉफ्रेंस के जरिये राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक में सुझाव आये थे कि प्रदेशभर में पाबंदियां लागू की जाएं, अन्यथा करोना संक्रमण बेकाबू हो जाएगा।

इसके बाद देर शाम गृह विभाग ने गाइडलाइन जारी कर दी। इसमें कहा गया है कि "प्रशासन शहरों व गांवों के संग" अभियान के शिविर आगामी आदेश तक स्थगित रहेंगे। ऐसे में अब पट्टा वितरण का काम ठप होने की पूरी-पूरी संभावना है। इसके अलावा जयपुर के साथ-साथ अब जोधपुर शहर में भी आठवीं कक्षा तक के सरकारी व निजी स्कूल 17 जनवरी तक बंद किये गये हैं। जबकि गत 2 जनवरी को जारी

■ जयपुर के साथ-साथ अब जोधपुर शहर में भी आठवीं कक्षा तक के स्कूल 17 जनवरी तक बंद रहेंगे

■ प्रदेश में रात 11 से सुबह 5 बजे तक जनअनुशासन कर्फ्यू लागू रहेगा।

गाइडलाइन में सिर्फ जयपुर ग्रेटर व हैरिटेज क्षेत्र (शहरी क्षेत्र) के स्कूलों को 9 जनवरी तक बंद करने का निर्णय लिया गया, जिसे अब बदल दिया गया है।

गाइडलाइन में कहा गया है कि राज्य के अन्य जिलों में स्कूल बंद करने का निर्णय वहां के कलेक्टर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव से चर्चा करने के बाद ले सकेंगे।

9वीं कक्षा से ऊपर के सभी स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी और कोचिंग संस्थानों का संचालन कोविड प्रोटोकॉल की पालना के साथ करवाना होगा।

इसके अलावा प्रदेश के जिन नगर निगम व नगरपालिका क्षेत्रों में सोशल डिस्टेंस से बैठने की व्यवस्था नहीं हों, वहां 50 फीसदी स्टॉफ को ही ऑफिस बुलाया जायेगा, शेष आधा स्टॉफ "वर्क फ्रॉम होम" करेगा। किसी भी कार्यालय में कर्मचारी के कोविड पॉजिटिव आने पर उस ऑफिस को 72 घंटे के लिए बंद करना होगा।

## प्रदेश में नए करोना...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

हुए हैं। इसके साथ ही राज्य में अब तक 9 लाख 46 हजार 470 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। प्रदेश में लगातार नए मामले बढ़ने से रिकवरी रेट घटकर 98.54 फीसदी और पॉजीटिविटी रेट 3.32 प्रतिशत हो गई है। इधर प्रदेश में एक्टिव केस बढ़कर 5016 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 3246 मामले जयपुर जिले में हैं। इसके अलावा जोधपुर में 584, अजमेर में 209, अलवर में 186, कोटा में 163, बीकानेर में 89, भीलवाड़ा में 82, भरतपुर में 70, प्रतापगढ़ में 63 और उदयपुर में 60 एक्टिव केस मौजूद हैं।

जयपुर और जोधपुर में बुधवार को करोना से 1-1 संक्रमित की और मौत हो गई है। इसके साथ प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 8967 लोगों की मौत हो चुकी है।

# 3 ऑक्सीजन प्लांट लगाए, दो चलाने को स्टाफ ही नहीं

श्रीगंगानगर, 5 जनवरी (कासं)। करोना की तीसरी लहर जोर पकड़ रही है और श्रीगंगानगर में ही इसके करीब 25 से ज्यादा एक्टिव केस हैं। यहां के सरकारी अस्पताल में पहली और दूसरी लहर के बाद आनन-फानन में कई व्यवस्थाएं की गई। अस्पताल में तीन ऑक्सीजन प्लांट लगवा भी लिए गए, लेकिन अब भी इनमें से काम एक ही आ रहा है। शेष दो को टैस्ट करके चलने लायक पाया तो गया है लेकिन इन्हें चलाने के लिए स्टाफ की व्यवस्था अब भी अस्पताल मैनेजमेंट के पास नहीं है।

अस्पताल में अभी तीन ऑक्सीजन प्लांट लगे हुए हैं। इनमें से एक करोना की पहली लहर से पहले से ही चल रहा है तथा यह अस्पताल की डिमांड पूरी कर पाता है। ऐसे में यदि करोना की तीसरी लहर आती है तो नए बने हुए प्लांट की जरूरत महसूस होगी। अभी

■ सरकारी अस्पताल में करोना से लड़ने की तैयारी अधूरी, अचानक करोना रोगी आए तो होगी परेशानी।

चल रहे एक मात्र प्लांट के संचालन के लिए भी सिक्योरिटी गार्ड ही काम कर रहे हैं। अस्पताल के एक- दो गेटों से इन्हें हटाकर यहां लगाया गया है।

पहली लहर के बाद से ही अस्पताल में एक्सट्रा ऑक्सीजन प्लांट की डिमांड होने लगी थी। इसी को देखते हुए पहले 65 और फिर करीब दो सौ सिलेंडर क्षमता के दो प्लांट लगाए गए। ऐसे में अस्पताल में तीन ऑक्सीजन प्लांट हो गए लेकिन अब भी चल एक ही रहा है। इलाके में करोना रोगी मिल रहे हैं। पिछले दिनों विदेश से लौटे एक व्यक्ति के पॉजिटिव पाए जाने के बाद तो प्रशासन लगातार रोग को लेकर अलर्ट है। सीएमएचओ डॉ. जीएल मेहरड़ा ने प्रशासन की तैयारियों की जानकारी भी दी लेकिन इसके बावजूद अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट चलाने को स्टाफ को लेकर अब तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं है।

सरकारी अस्पताल के पीएमओ डॉ. बलदेव सिंह बताते हैं कि अस्पताल में कोरोना को लेकर तैयारी है। कोरोना वार्ड में अब तक कोई रोगी नहीं है। ऑक्सीजन प्लांट के बारे में उनका कहना था कि प्लांट तो तीनों तैयार हैं। एक काम कर रहा है और बाकी दोनों को भी टैस्ट कर लिया गया है लेकिन इन्हें चलाने के लिए स्टाफ नहीं है। चलाने के लिए सिक्योरिटी गार्ड में से ही व्यवस्था करनी पड़ेगी।

## उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री पद अपनी पत्नी रश्मि ठाकरे को सौपेंगे?

पुणे, 5 जनवरी (वार्ता)। महाराष्ट्र भाजपा उपाध्यक्ष चित्रा वाघ ने बुधवार को कहा कि यदि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पत्नी रश्मि ठाकरे को मुख्यमंत्री का पद सौंपते हैं तो उनकी पार्टी राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री के रूप में उनका स्वागत करेगी।

ठाकरे के खराब स्वास्थ्य के कारण हाल ही में विधानसभा के पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र में उपस्थित नहीं होने के कारण रश्मि ठाकरे को मुख्यमंत्री पद सौंपने की अटकलों पर वाघ आज अपनी टिप्पणी दी। वाघ ने कहा कि महा विकास अघाड़ी सरकार में मंत्री या मुख्यमंत्री बनने के लिए किसी अनुभव की जरूरत नहीं है। उन्होंने इस बात की भी आलोचना की कि जब शिवसेना नेता गुलाब राव पवार ने भाजपा सांसद हेमा मालिनी का अपमान किया तो उनके खिलाफ एक सख्त धारा के तहत मामला क्यों नहीं दर्ज किया गया।

# 'पंजाब के एक किसान संगठन ने प्र.मंत्री का काफिला रोकने की जिम्मेदारी ली'

## भारतीय किसान संघ (क्रांतिकारी) के सदस्यों ने दावा किया, कि हमने फिरोजपुर पहुंचने से पहले ही प्रधानमंत्री का काफिला रास्ते में रोक दिया

चंड़ीगढ़, 5 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पंजाब दौरे पर थे। इस दौरान उनकी सुरक्षा में भारी चूक हुई। इस कारण से उन्हें बीच में ही अपनी यात्रा स्थगित कर वापस दिल्ली आना पड़ गया। फिरोजपुर जिले के पियारियाना गांव में बुधवार को पीएम मोदी के काफिले को रोकने की जिम्मेदारी भारतीय किसान संघ (क्रांतिकारी) के सदस्यों ने ली है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आज पंजाब दौरे के विरोध में किसानों के एक समूह ने पियारेना गांव के पास फ्लाईओवर को जाम कर दिया था। जिस समय इन प्रदर्शनकारियों ने घुड़सवारों को आते देखा, वे कथित तौर पर सड़कों

■ भारतीय किसान संघ ने कहा कि, जहाँ से प्रधानमंत्री का काफिला गुजरने वाला था, हम वहां पहले से ही मौजूद थे और अपना विरोध प्रकट करने के लिए प्रधानमंत्री को आगे नहीं जाने दिया।

पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। सूत्रों का कहना है कि प्रदर्शनकारी हरे और लाल झंडे लिए हुए थे, जो कि बीकेयू क्रांतिकारी के झंडे हैं।

बीकेयू (क्रांतिकारी) के महासचिव बलदेव जीरा ने दावा किया है कि किसानों ने ""अभिमानी मोदी" को सबक सिखाया है। पीएम के काफिले के पीछे हटने के बाद उन्होंने प्रदर्शनकारियों की सभा से कहा, "उसने तुहाड़े रास्ते विच किल पाए सी, आज तुहादी तकत ने मोदी नु भाजा ता नैतिकता।" बीकेयू क्रांतिकारी को अति वामपंथी किसान संघ माना जाता है। हालांकि एसकेएम का हिस्सा होने के बावजूद, उन्होंने हाल ही में संयुक्त समाज मोर्चा-किसान संघों के राजनीतिक गठन का हिस्सा नहीं बनने का फैसला किया था। 2009 में यूनियन के अध्यक्ष सुरजीत फूल को यूएपीए की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया और पांच महीने तक जेल में रखा गया। उन्हें कथित तौर पर माओवादी संगठनों से संबंध रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

क्रांतिकारी किसान यूनियन के प्रेस सचिव अवतार महमा ने बताया कि 31 दिसंबर को बरनाला में सात किसान यूनियनों की बैठक हुई थी, जिसमें पीएम के दौरे के दौरान बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया था। उन्होंने कहा, प्रत्येक संगठन को एक गांव में अपनी ताकत के आधार पर अलग-अलग जगहों पर विरोध करना था। बीकेयू क्रांतिकारी पियारेना गांव में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

## पक्षी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कॉर्डिनेटर डॉ. सुभाष पहाड़िया ने बताया है कि आईयूसीएन की सहयोगी संस्था वैटलैंड्स इंटरनेशनल, बीआरडीएस संस्था और वन विभाग द्वारा एशियन वाटरबर्ड सेंसस 2022 के कार्यक्रम के अन्तर्गत मोरेल बांध वेटलैंड पर 12 जनवरी को प्रवासी व आवासीय जलीय पक्षियों की गणना की जाएगी।

लालसोट उपखंड में मोरेल बांध पर हर साल आने वाले प्रवासी पक्षियों ने इस वैटलैंड को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। 19 दिसंबर को की गई गणना में यहां 65 प्रजातियों के 6 हजार से अधिक पक्षी रिकार्ड किए गए थे। वैटलैंड इंटरनेशनल द्वारा हर साल जनवरी में 1 से 20 तारीख तक भारत सहित दक्षिण एशिया के देशों और आस्ट्रेलिया में प्रवासी व आवासीय जलीय पक्षियों की गणना की जाती है। एशियन वाटरबर्ड सैन्सस भारत की राष्ट्रीय कार्य योजना में शामिल मध्य एशियाई फ्लाईवे 2018-2023 के साथ प्रवासी पक्षियों और उनके आवासों के संरक्षण हेतु भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त महत्वपूर्ण पक्षी गणना है। मोरेल बांध की जैव विविधता के संरक्षण के लिए कार्य कर रहे राजेश पायलेट गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पहाड़िया को जिला पर्यावरण समिति का सदस्य नामित किया गया है। जिले के पर्यावरण संरक्षण के साथ ही मोरेल बांध वैटलैंड को पक्षी विहार अथवा कंजर्वेशन रिजर्व घोषित करने के कार्य को समिति की कार्य योजना में शामिल किया गया है। डॉ पहाड़िया पिछले तीन साल से लगातार मोरेल बान्ध की जैवविविधता और प्रवासी पक्षियों पर शोध कार्य कर रहे हैं। मोरेल बांध पर आने वाले जल एवं प्रवासी पक्षियों की बड़े पैमाने पर बड़ी संस्थाओं के साथ होने वाली घटना की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों में काफी हर्ष और उत्साह देखा जा रहा है।

# 'दुर्घटना के वक्त जनरल रावत के हेलिकॉप्टर में कोई तकनीकी खामी या टूट-फूट नहीं हुई थी'

नई दिल्ली, 5 जनवरी (वार्ता)। देश के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत का हेलिकॉप्टर पिछले महीने अचानक घने बादलों में फंसने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुआ था और किसी तकनीकी गड़बड़ी या तोड़ फोड़ की साजिश के कारण यह दुर्घटना नहीं हुई थी।

इस दुर्घटना की जांच के लिए गठित कोर्ट ऑफ इंक्वायरी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को बुधवार को सौंपी रिपोर्ट में यह बात कही है। गत आठ दिसम्बर को कन्नूर के निकट हुई इस दुर्घटना में जनरल रावत, उनकी पत्नी और 12 अन्य सैनिकों की मौत हो गयी थी।

सूत्रों के अनुसार दुर्घटना की जांच के लिए तीनों सेनाओं के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने रिपोर्ट में दुर्घटना के कारणों के साथ-साथ अति विशिष्ट व्यक्तियों की हेलिकॉप्टर यात्रा के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण सिफारिशें भी दी हैं।

एयर मार्शल मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता वाली टीम ने रक्षा मंत्री के सामने दुर्घटना के कारणों का खाका भी पेश किया। इस मौके पर वायु सेना प्रमुख विवेक राम चौधरी और रक्षा सचिव अजय कुमार भी मौजूद थे।

■ सेना ने रक्षा मंत्री को सौंपी गई रिपोर्ट में बताया कि, घने बादलों के बीच हेलिकॉप्टर के फंस जाने के कारण दुर्घटना हुई थी।

■ सूत्रों के अनुसार दुर्घटना की जांच के लिए तीनों सेनाओं के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने रिपोर्ट में दुर्घटना के कारणों जाँच की है।

सूत्रों ने बताया कि रिपोर्ट में कहा गया है कि हेलिकॉप्टर के अचानक घने बादलों में फंसने के कारण एक विशेष स्थिति 'कंट्रोल्ड फ्लाइट इंटू टेरेन' बन गयी जिसमें घने बादलों के कारण पायलट को नजर नहीं आता और हालात उसके काबू से बाहर हो जाते हैं जिससे हेलिकॉप्टर जमीन, पहाड़ या अन्य किसी चीज से टकरा जाता है।

जांच रिपोर्ट में हेलिकॉप्टर दुर्घटना के लिए किसी तरह की तकनीकी गड़बड़ी या तोड़-फोड़ की साजिश जैसी आशंकाओं को खारिज किया गया है। जांच टीम ने अति विशिष्ट व्यक्तियों की यात्रा के संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया की समीक्षा करने की भी सिफारिश की है। जांच टीम ने एक महीने से भी कम समय में रिपोर्ट देने से पहले सभी पहलुओं से सबूतों तथा ब्लैक बॉक्स की जांच के साथ-साथ तमाम परिस्थितियों का अध्ययन किया है। जांच में पायलट के हड़बड़ी में किसी तरह का संपर्क करने के भी संकेत नहीं मिले हैं। इस हेलिकॉप्टर को उडा रहे विंग कमांडर पृथ्वी सिंह चौहान खुद हादसे मे मारे गये और उन्हें विशेष परिस्थितियों में उडान भरने का अच्छा खासा अनुभव था।

## हाथ में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

किशनगढ़ फील्ड फायरिंग रेंज में बहुत सारी संख्या में बम पड़े थे । उसने एक बम को जैसे ही हाथ में लिया तभी ये हादसा हो गया। उसके साथ वाले चरवाहे उसे लेकर रामगढ़ अस्पताल लाए जहां गंभीर अवस्था में उसे जैसलमेर लाया गया।

## फिरोजपुर...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

घोषणाएं भी करनी थीं तथा वे सब अब ताक पर रख दी गईं। ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री और भाजपा इन आरोपों को लगाते हुये फूले नहीं समा रहे हैं लेकिन मोदी द्वारा किये जा रहे इस ड्रामे को स्वीकार करने वाले गिने-चुने लोग ही हैं।

# प्र.मंत्री फिरोज़पुर यात्रा स्थगित कर...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

भाजपा के चुनावी फायदे के लिए एक सहानुभूति प्राप्त करने के एक स्पष्ट प्रयास के तहत मोदी ने राज्य के अधिकारियों से कहा: "अपने सी.एम. को थैंक्स कहना, कि मैं भटिण्डा एयरपोर्ट तक जिन्दा लौट पाया।"

भाजपा ने इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हुए एक प्रेस कॉफ्रेंस आयोजित की, जिसे केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने संबोधित किया और प्रधानमंत्री ने जीवन को जोखिम में डालने वाली सुरक्षा चूक के लिए कांग्रेस सरकार को जिम्मेवार माना।

दूसरी ओर, कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने एक ट्वीट में कहा कि फिरोजपुर की प्रस्तावित सभा में लोगों के कम संख्या में एकत्रित होने के कारण दौरा निरस्त किया गया। सुरजेवाला ने कहा कि लोगों ने प्रधानमंत्री की रैली से स्वयं को दूर रखकर अभिमानी शासकों को एक आईना दिखाया है।

सुरजेवाला ने भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को दोषारोपण से बाज आने की नसीहत देते हुए कहा कि उनके लिए स्वयं का आत्मपरीक्षण करना ही बेहतर होगा।

नड्डा ने इससे पूर्व श्रृंखलाबद्ध ट्वीट्स कर इसका दोष पंजाब की राज्य सरकार को दिया था। इससे पहले, मुख्यमंत्री चन्नी ने इस पर जोर दिया कि सुरक्षा में कोई चूक नहीं हुई। उन्होंने ध्यान दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार पंजाब के एक फ्लाईओवर पर करीब 20 मिनट तक अटकी रही। प्रधानमंत्री के पुनः लौटने पर मुख्यमंत्री ने खेद व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने एक प्रैस कॉन्फ्रैंस में कहा कि "प्रदर्शनकारी जिस स्थल पर बैठे हुए थे, प्रधानमंत्री के काफिले को उससे काफी पहले रोका गया। कैसे भी विरोध प्रदर्शन को हटाने में कम से कम 10-20 मिनट तो लगते ही हैं। प्रधानमंत्री को इससे अवगत करवा दिया गया था तथा उन्हें एक भिन्न मार्ग भी ऑफर किया गया था, लेकिन उन्होंने वापिस लौटने का विकल्प चुना।"

पंजाब के मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि आज की घटना को लेकर किसी भी अधिकारी को निलंबित नहीं किया जाएगा।

प्रधानमंत्री का एयरपोर्ट पर स्वागत नहीं करने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि "मुझे आज भटिण्डा में प्रधानमंत्री की अगुवानी करने जाना था, लेकिन मेरे साथ आने वाले लोग कोविड पॉज़िटिव आ गए। इसलिए मैं आज प्रधानमंत्री की अगुवानी करने नहीं जा सकता क्योंकि पॉज़िटिव आए कुछ लोगों के मैं निकट सम्पर्क में था।"

सुरक्षा में हुई चूक को लेकर मुख्यमंत्री की खुद की पार्टी के ही नेता सुनील जाखड़ ने उनकी आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह "पंजाबियत" के खिलाफ है और बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है।

मोदी बुधवार की सुबह ही भटिण्डा के भिसियाना एयरपोर्ट पहुंच गए थे और किसानों द्वारा सड़क जाम किए जाने के कारण वे फिरोजपुर-मोगा रोड परर पिआरिआना गांव के पास एक फ्लाईओवर पर फंस गए। किसान उनके और आगे जाने का विरोध कर रहे थे। प्रधानमंत्री की मूल योजना हैलीकॉप्टर से फिरोजपुर जाने की थी, लेकिन मौसम खराब होने की वजह से उन्हें सड़क मार्ग से जाना पड़ा। पिछले दो वर्षों में मोदी का यह प्रथम पंजाब दौरा था।

प्रधानमंत्री का काफिला जब मार्ग खुलने की प्रतीक्षा कर रहा था, तभी पास के एक गुरूद्वारे से की गई घोषणा के बाद प्रदर्शन स्थल पर और किसान एकत्रित हो गए, जिसके कारण प्रधानमंत्री की एसपीजी सुरक्षा टीम को सुरक्षा जोखिम की आशंका के चलते पुनः लौटने का निर्णय लेना पड़ा। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री का काफिला करीब 15 मिनट तक फ्लाईओवर पर फंसा रहा।

पंजाब के दौरे जाने से कुछ घंटों पूर्व ही प्रधानमंत्री ने बुधवार को ही एक ट्वीट में कहा था कि "मैं आज पंजाब में अपने भाईयों और बहनों के बीच होने की बाट जोह रहा हूँ।"

मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि "फिरोजपुर के एक कार्यक्रम में 42 हजार 750 करोड़ रूपयों के विकास कार्यों की आधारशिला रखी जाएगी, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा।"

इस बीच, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने एक मंच साझा कर मुख्यमंत्री चन्नी की सरकार पर आरोप लगाया कि उसने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को रैली स्थल पर जाने से रोकने के लिए जबरन सड़क जाम करवायी।

जब भाजपा नेताओं ने रैली स्थल पर जा रही भाजपा कार्यकर्ताओं की बसों को पुलिस द्वारा रोके जाने का दावा किया उसके बाद ही यह आरोप लगाए गए।

## किसी स्कूल को...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में कन्वर्ट करने के गत 20 सितंबर के आदेश को अपास्त कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि इस स्कूल को अगले सत्र वर्ष 2022-23में अंग्रेजी मीडियम में तब्दील करना है तो एसडीएमसी की मीटिंग एसडीएम या तहसीलदार की मौजूदगी में बुलाई जाए और उसमें बहुमत के अनुसार फैसला करें। इंग्लिश मीडियम के लिए बहुमत नहीं होता है तो उसे कन्वर्ट नहीं करें।

पीलवा गांव में स्थित हरिसिंह सीनियर सैकंडरी स्कूल हिंदी मीडियम में है तथा यहां 600 बच्चे अध्ययनरत हैं। सरकार ने बजट में घोषणा की थी कि 5 हजार से अधिक आबादी वाले गांवों में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल खोले जाएंगे। इस पर स्कूल के मैनेजमेंट कमेटी की मीटिंग में गांव में भी अंग्रेजी मीडियम स्कूल खोले जाने का प्रस्ताव पारित किया तथा साथ ही कहा कि हिंदी मीडियम के स्कूल को यथावत रखते हुए नया अंग्रेजी स्कूल खोला जाए। यानी उसी स्कूल की एक पारी में इंग्लिश मीडियम तो दूसरी पारी में हिंदी मीडियम का स्कूल संचालित हो।याचिकाकर्ता ने कहा बच्चों को मातृभाषा में पढ़ाई के अधिकार से वंचित रखना मौलिक अधिकारों का हनन है।

इस आदेश को एसडीएमसी के सदस्य हरीश खत्री व अन्य की ओर से अधिवक्ता मोतीसिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चुनौती दी और कहा कि इस तरह बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाई के अधिकार से वंचित करना संवैधानिक मौलिक अधिकारों का हनन है।

सरकार एसडीएमसी की सहमति या बहुमत के बिना फैसला नहीं कर सकती। जबकि सरकार ने इसे नीतिगत फैसला बताया और कहा कि इसे कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती। दोनों पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने गत 9 दिसंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे सुनाया गया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908